www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 2 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -268 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





मनरेगा भुगतान में आधार की अनिवार्यता बंद करे केंद्र : कांग्रेस 02

■ नोएडा में जमकर मना नया साल का जश्न
■ नए साल पर में निगम ने शहर में स्वच्छता... 04

■ पिछले सप्ताह एक सौ से अधिक फिलिस्तीनी...
■ अमेरिका ने उसके 10 लड़ाकों को मार दिया : हउती समूह 07

देश को विकसित भारत बनाने का लें संकल्प : योगी 09

## सार संक्षेप

### देश में कोरोना के 636 नए मामले तीन की मौत



**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से संक्रमित 636 नए मामले सामने आए है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़े जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कोविड-19 के मामलों में मामूली गिरावट देखने को मिली है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में पिछले दिन जो आंकड़ा 841 नए मामलों का था वो सोमवार को 636 तक रहा। देश में नए मामले सामने आने के साथ ही कोराना संक्रमित की बढ़कर 4394 तक पहुंच गयी है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को आतंकवादी घोषित किया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े गैंगस्टर गोल्डी बराड को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून यूएपीए के तहत आतंकवडी घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय की ओर जारी अधिसूचना में बताया गया है कि सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड भारत के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियों शामिल था। बतादें कि गैंगस्टर गोल्डी बराड पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी है।

### पंजाब में अर्जुन पुरस्कार विजेता डीएसपी की हत्या



जालंधर। पंजाब के जालंधर में अर्जुन पुरस्कार विजेता पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दलबीर सिंह देयोल नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। स्थानीय गुलाब देवी रोड पर एक नहर के किनारे उनका कई चोटों वाला शव बरामद हुआ।

### बसपा नेता याकूब की 31 करोड़ कीमत की संपत्ति कुर्क



मेरठ। मेरठ पुलिस ने बसपा नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की अवैध रूप से अर्जित चल-अचल संपत्ति को कुर्क किया। कुर्क संपत्ति की कीमत लगभग 31 करोड़ 77 हजार 200 रुपए है। जिलाधिकारी अदालत के आदेश के अनुपालन में गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की 31 करोड़ 77 हजार 200 रुपए की अनुमानित कीमत की बेनामी सम्पत्ति जब्त कर ली गई है।

### जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत



**रांची।** झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्किट हाउस साइन मंदिर के पास आज सुबह एक कार के पहले पोल से और फिर पेड़ से टकरा जाने के कारण छह लोगों की मौत हो गई।

# अयोध्या फैसले पर कई पहलुओं का ध्यान रखा : डीवाई चंद्रचूड़

## आपस में बैठकर तय किया था कि ये अदालत का फैसला होगा, किसी जज विशेष का नहीं

■ अयोध्या का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया था
■ समलैंगिक विवाह पर फैसले पर पछतावा नहीं



**नई दिल्ली, 1 जनवरी (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि अयोध्या मामले का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया था। उन्होंने कहा– अयोध्या में संघर्ष के लंबे इतिहास और विविध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही इस केस से जुड़े सभी जजों ने फैसले पर एक राय बनाई।

नवंबर 2019 में अयोध्या रामजन्मभूमि केस में फैसला लिखने वाले जज का नाम सामने नहीं आया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इसी पर कहा कि फैसले से पहले जजों ने आपस में बैठकर यह तय किया था कि ये अदालत का फैसला होगा, किसी जज विशेष का नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस साक्षात्कार में उन्होंने समलैंगिक विवाह पर दिए फैसले को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि फैसले के बाद जो भी नतीजे आए, उन पर कोई पछतावा नहीं है। वे उस फैसले की खूबियों पर टिप्पणी नहीं करेंगे, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी दर्जा देने से इनकार कर दिया गया था।

> हम संविधान और कानून के मुताबिक फैसला करते हैं। मुझे नहीं लगता कि मेरे लिए आलोचना का जवाब देना या अपने फैसले का बचाव करना उचित होगा : डीवाई चंद्रचूड़, सीजेआई

**फैसला कभी जज के लिए निजी नहीं होता**

समलैंगिक विवाह को वैध बनाने से इनकार करने वाले 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच के फैसले के बारे में सीजेआई ने कहा कि किसी मामले का नतीजा कभी भी जज के लिए निजी नहीं होता है। मैं कई मामलों में बहुमत, तो कई में अल्पमत में रहा, लेकिन इसका पछतावा नहीं होता।

### हमने पारदर्शिता के लिए कई कदम उठाए

अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और इसकी आलोचना पर उन्होंने कहा कि जज अपने फैसले के जरिए अपने मन की बात कहते हैं जो फैसले के बाद सार्वजनिक संपत्ति बन जाती है। एक स्वतंत्र समाज में लोग हमेशा इसके बारे में अपनी राय बना सकते हैं। जहां तक हमारा सवाल है तो हम संविधान और कानून के मुताबिक फैसला करते हैं। मुझे नहीं लगता कि मेरे लिए आलोचना का जवाब देना या अपने फैसले का बचाव करना उचित होगा। हमने अपने फैसले में जो कहा है वह हस्ताक्षरित फैसले में मौजूद कारण में प्रतिबिंबित होता है और मुझे इसे वहीं छोड़ देना चाहिए। यह कहना कि कॉलेजियम प्रणाली में पारदर्शिता की कमी है, सही नहीं होगा। हमने कई कदम उठाए हैं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। कॉलेजियम के सभी प्रस्तावों को वेबसाइट पर डाला जाता है ताकि लोग हमारे फैसलों को जान सकें।

## नए साल पर इंडिया गेट का नजारा



राजधानी दिल्ली में रविवार आधी रात से शुरू हुआ सोमवार देर रात तक चला। इंडिया गेट, कनॉट प्लेस से लेकर कर्तव्य पथ तक भारी भीड़ देखी गई। राजधानी की सड़कें नए साल का जश्न मनाने वालों से जाम हो गई। (छायाः देशबन्ध्धु)।

# तीनों आरोपियों ने मप्र चुनाव में भाजपा आईटी सेल में काम किया

■ छात्रों के जबरदस्त प्रदर्शन से वे डर गए थे आरोपी
■ वारदात के 3 दिन बाद शहर छोड़ दिया था

**वाराणसी, 1 जनवरी (एजेंसियां)।** आईआईटी-बीएचयू में बीटेक छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपियों ने वारदात के 3 दिन बाद यानी 5 नवंबर को शहर छोड़ दिया था। वे मध्य प्रदेश चले गए थे। वहां उन्होंने चुनाव में भाजपा आईटी सेल में काम किया। तीनों आरोपियों से

**छात्रा से दुष्कर्म का मामला**

पूछताछ में यह बात सामने आई है। आरोपियों ने बताया कि आईआईटी-बीएचयू में छात्रों के जबरदस्त प्रदर्शन से वे डर गए थे। घटना 1 नवंबर आधी रात के बाद की है। सूत्रों के मुताबिक तीनों आरोपी कुणाल, सक्षम और आनंद उर्फ अभिषेक से शुरुआती पूछताछ में यह भी पता चला कि वे लोग वारदात से पहले करीब हर रात घूमने के लिए बीएचयू कैंपस जाते थे। 1 नवंबर की शाम चेतगंज इलाके के नक्कट्टैया लक्खा मेले को देखकर निकले। इसके बाद उन्होंने पहले शराब पी, फिर बीएचयू कैंपस पहुंचे। वहां, रात करीब 1:30 बजे लड़की को दोस्त के साथ टहलता देख तीनों ने बुलेट रोक ली। पीड़ित के दोस्त को भगा दिया। फिर जोर-जबर्दस्ती की। वारदात को अंजाम देने के बाद बीएचयू के हैदराबाद गेट से तीनों बाहर निकल गए। 1 नवंबर की रात वारदात के बाद वाराणसी पुलिस ने 6 किलोमीटर तक 300 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक किए। सूत्रों के मुताबिक 5 नवंबर को पुलिस को बुलेट पर सवार इन तीनों आरोपियों का फुटेज मिला। कन्फर्म होने के बाद पुलिस ने पीड़ित को सीसीटीवी दिखाया। विक्टिम ने फुटेज देखकर आरोपियों के चेहरे पहचान लिए। तीनों आरोपियों का मोबाइल नंबर पता चलने के बाद वारदात के वक्त उनकी लोकेशन ट्रेस की। आपस में यह सभी कड़ियां जुड़ती चली गईं। इधर, 5 राज्यों में नवंबर में चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई थी। ऐसे में तीनों आरोपियों को मध्य प्रदेश चुनाव में बीजेपी की आईटी सेल में काम मिल गया। दरअसल, यह तीनों ही वाराणसी आईटी सेल में काम करते हैं।

# हिट एंड रन कानून का हो रहा विरोध

## दोषी ड्राइवर पर 7 लाख तक का जुर्माना व 10 साल तक कैद का है प्रावधान

**नई दिल्ली, 1 जनवरी (एजेंसियां)।** नए हिट एंड रन कानून का व्यापक विरोध हो रहा है। इस कानून के विरोध में बस और

■ आठ राज्यों में ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर रहे
■ राजस्थान, छत्तीसगढ़ में रहा व्यापक असर



ट्रक ड्राइवरों की बेमियादी हड़ताल का सोमवार को तीसरा दिन रहा। इस दौरान 8 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर रहे। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चलीं। जबकि राजस्थान में आधे दिन प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलीं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। बिहार की राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों में भी ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया। वहीं उत्तराखंड, पंजाब और यूपी में ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया।

**फिर से विचार करने का अनुरोध**

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस(एआईएमटीसी) ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। एआईएमटीसी के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है।

### देश में 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर

भारत में 28 लाख से ज्यादा ट्रक हर साल 100 अरब किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं, जो हर दिन जरूरत का सामान एक शहर से दूसरे शहर ट्रांसपोर्ट करते हैं। हड़ताल के कारण इतनी बढ़ी संख्या में ट्रकों के रुकने से जरूरी चीजों की कमी हो सकती है।

नए साल का किया शानदार आगाज

# इसरो ने लांच किया एक्सपीओसैट मिशन

**श्रीहरिकोट, 1 जनवरी (एजेंसियां)।** वर्ष 2023 में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर यान को उतार कर इतिहास रचने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान



श्रीहरिकोटा से भरी उड़ान

संगठन (इसरो ) ने एक्सपीओसैट मिशन के साथ नए साल 2024 का आगाज शानदार तरीके से किया है। इसरो ने सोमवार सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट (एक्सपीओसैट) का 10 अन्य पेलोड के साथ प्रक्षेपण किया। इसरो के मुताबिक एक्सपीओसैट और 10 अन्य वैज्ञानिक पेलोड ले जाने वाले ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-डीएल (पीएसएलवी-डीएल) के प्रक्षेपण के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती रविवार सुबह 8.10 बजे शुरू हुई और सुचारु रूप से चली। सुबह 9.10 बजे खगोल विज्ञान के सबसे बड़े रहस्यों में से एक ब्लैक होल के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पीएसएलवी-सी58 कोड वाला भारतीय रॉकेट पीएसएलवी-डीएल संस्करण (44.4 मीटर लंबा और 260 टन वजनी) न् आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के पहले लॉन्च पैड से एक्सपीओसैट के साथ उड़ान भरी। यह उड़ान के लगभग 21 मिनट बाद, रॉकेट लगभग 650 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक्स)पोसैट की परिक्रमा करेगा। इसके बाद ऑर्बिटल प्लेटफॉर्म (ओपी) प्रयोगों के लिए 3-अक्ष स्थिर मोड में बनाए रखने के लिए कक्षा को 350 किमी गोलाकार कक्षा में कम करने के लिए रॉकेट के चौथे चरण को दो बार फिर से शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों ने इस सफलता के लिए वैज्ञानिकों की शुभकामनाएं दी है।

# जापान में आया 7.4 तीव्रता का भूकंप

■ 33 हजार से अधिक घरों में की बिजली बाधित ■ 90 मिनट में लगे 21 झटके, घरों को नुकसान

**टोक्यो, 1 जनवरी (एजेंसियां)।** जापान में भूकंप के तगड़े झटके लगने के बाद हजारों की संख्या में आबादी प्रभावित हुई है। इशिकावा में समुद्र की ऊंची लहरें डरा रही हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है।

रूस के तटीय इलाकों में भी सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जापान के पश्चिमी तट के पास भूकंप के बाद



सुनामी का खतरा मंडरा रहा है। जापान में भूकंप कितना चिंताजनक है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 33 हजार से अधिक घरों में बिजली सप्लाई बाधित हुई है। संवेदनशील और चिंताजनक मंजर के बीच भारतीय दूतावास की तरफ से आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। भारतीय दूतावास ने संपर्क के लिए ई-मेल एड्रेस भी जारी किया है।

# उत्तराखंड में भू-कानून पर धामी का बड़ा फैसला

**देहरादून, 1 जनवरी (देशबन्धु)।** उत्तराखंड में भू-कानून को लेकर कुछ दिनों पहले जमकर विरोध हुआ था। भू-कानून के विरोध में देहरादून समेत कई जिलों में स्थानीय लोगों और कई समाज सेवी संस्थाओं ने रैली निकाली थी। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नए साल पर भू कानून को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है।

> बाहरी व्यक्तियों के जमीन खरीदने पर रोक

धामी ने बाहरी लोगों के उत्तराखंड में जमीन खरीदने पर रोक लगा दी है। धामी ने आदेश दिया है कि अग्रिम आदेश तक जिलाधिकारी उत्तराखंड से बाहर के व्यक्तियों को कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की अनुमति नहीं देंगे। यानी प्रदेश में बाहरी व्यक्तियों के कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से जमीन खरीदने पर अंतरिम रोक लगा दी गई है।

**जानकारी** बैंक से बाहर नोटों का कुल मूल्य 9,330 करोड़ रह गया

# 2,000 रुपए के 97.38 फीसदी नोट वापस आ गए

**मुंबई, 1 जनवरी (एजेंसियां)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 29 दिसंबर को कारोबार बंद होने पर बैंक से बाहर 2,000 रूपए के बैंक नोटों का कुल मूल्य घटकर 9,330 करोड़ रूपए रह गया। इस तरह 2000 रुपए के 97.38 प्रतिशत बैंक नोट अब बैंकों में वापस आ गए हैं। 19 मई, 2023 को कारोबार बंद होने पर प्रचलन में 2,000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था, जब इसे बैंकों में जमा करने की घोषणा की गई थी। 2,000 रुपए के बैंक नोटों को बदलने

**आरबीआई ने दी जानकारी**

की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 दफ्तरों में अभी भी उपलब्ध है। 9 अक्टूबर, 2023 से, आरबीआई के कार्यालय भी व्यक्तियों/संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2,000 रुपए के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, आरबीआई के बयान के



अनुसार, देश के अंदर जनता अपने बैंक खातों में क्रेडिट के लिए किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के माध्यम से 2,000 रूपए के नोट भेज रही है। 2,000 रुपए के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

### एआई के उपयोग के जोखिमों से किया आगाह

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने सोमवार को कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में एआई की तैनाती से होने वाले जोखिमों को लेकर मानव पर्यवेक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एआई पर कुछ चिंताएं डिजाइन को लेकर हैं, जबकि कुछ अन्य अधिक डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और वित्तीय स्थिरता को संरक्षित करने को लेकर है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को तीन व्यापक श्रेणियों - डेटा बायस और मजबूती, गवर्नेंस और पारदर्शिता में रखा जा सकता है। जैसे-जैसे एआई का चलन बढ़ रहा है, इसके उपयोग को निर्देशित करने में मदद करने के लिए नियामक ढांचे को विकसित करने के वैश्विक प्रयास भी बढ़ रहे हैं और इस प्रक्रिया में अधिक सहयोग की आवश्यकता होगी। राव ने इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में कहा, हमारा सामूहिक प्रयास इस विकास को सावधानी और जिम्मेदारी के साथ अपनाने का होना चाहिए।

# देश

**उवाच**

"आशा है कि वर्ष 2024 समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों के लिए सुख, शान्ति, सद्भाव, समृद्धि एवं अनंत सफलताओं का वर्ष होगा। आने वाले वर्ष में बिहार देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकेगा।

–नीतीश कुमार, बिहार के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 13.0 | 06.0 |
| मुंबई | 28.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 20.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 24.0 |

# मनरेगा भुगतान में आधार की अनिवार्यता बंद करे केंद्र : कांग्रेस

■ आधार को हथियार बनाना बंद किए जाने की वकालत की

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार को मनरेगा मजदूरों और अन्य वंचित वर्ग के लोगों को उनके सामाजिक कल्याण के लाभों से वंचित करने के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आधार को हथियार बनाना बंद करना चाहिए तथा लंबित वेतन भुगतान को जारी करना चाहिए और पारदर्शिता में सुधार के लिए 'ओपन मस्टर रोल' एवं 'सोशल ऑडिट' लागू करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव एवं संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने सोमवार को यहां कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कुल मिलाकर 25.69 करोड़ मनरेगा श्रमिक हैं। इनमें से 14.33 करोड़ श्रमिक सक्रिय माने जाते हैं। दिसम्बर 2023 तक, कुल पंजीकृत श्रमिकों में से 1.8 करोड़ आधार आधारित भुगतान लेने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की परेशानियों से अवगत कराने के बावजूद लगातार मोदी सरकार ने अपना प्रौद्योगिकी के साथ विनाशकारी प्रयोग जारी रखा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरी भुगतान के लिए एबीपीएस का इस्तेमाल करने में श्रमिकों, चिकित्सकों और शोधकर्ताओं द्वारा उजागर की गई कई चुनौतियों के बावजूद मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के साथ अपने विनाशकारी प्रयोगों को जारी रखा है। उन्होंने आरोप लगाया, यह करोड़ों सबसे गरीब और वंचित भारतीयों को बुनियादी आय हासिल करने से बाहर रखने के लिए प्रधानमंत्री का नए साल का क्रूर तोहफा है। रमेश ने कहा कि 30 अगस्त, 2023 को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गई एक एडवाइजरी में कुछ संदिग्ध दावे किए गए हैं।



पंजीकृत श्रमिकों में से 1.8 करोड़ आधार आधारित भुगतान लेने में सक्षम नहीं
: जयराम रमेश

जैसे जॉब कार्ड को इस आधार पर नहीं हटाया जाएगा कि श्रमिक एपीबीएस के लिए पात्र नहीं है और कुछ परामर्श में विभिन्न हितधारकों ने एबीपीएस को मजदूरी भुगतान करने के लिए सबसे अच्छा मार्ग पाया है। रमेश ने कहा कि इसमें यह भी दावा किया गया है कि एबीपीएस श्रमिकों को समय पर वेतन प्राप्त करने में मदद करता है और लेनदेन अस्वीकृति से बचाता है। उन्होंने कहा, सबसे पहले अप्रैल 2022 से 7.6 करोड़ पंजीकृत श्रमिकों को आधार आधारित प्रणाली से हटा दिया गया था। चालू वित्त वर्ष के नौ महीने में 1.9 करोड़ पंजीकृत श्रमिकों को प्रणाली से हटा दिया गया है। हटाए गए कर्मचारियों के जमीनी सत्यापन से पता चला है कि आधार प्रमाणीकरण और एबीपीएस को लागू करने की मोदी सरकार की जल्दबाजी के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं। रमेश ने कहा कि मंत्रालय को स्पष्ट करना चाहिए कि ये हितधारक कौन थे और ये विचार-विमर्श कब हुए।

### जल्दबाजी में बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मियों के नाम गलत तरीके से हटाए गए : कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव एवं संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आगे कहा कि नए साल में सबसे गरीब करोड़ों भारतीयों को बुनियादी आय से भी वंचित करने के लिए प्रधानमंत्री की ओर से दिया गया एक क्रूर तोहफा है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2022 के बाद से, 7.6 करोड़ पंजीकृत श्रमिकों को हटा दिया गया। मौजूदा वित्त वर्ष के नौ महीनों में 1.9 करोड़ पंजीकृत श्रमिकों को हटाया गया है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार की जल्दबाजी के कारण बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मियों के नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं।

# कश्मीर घाटी में सर्दी का प्रकोप जारी

**श्रीनगर,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के कश्मीर घाटी में सर्दी का प्रकोप जारी है और नए साल के पहले दिन श्रीनगर में न्यूनतम तापमान –5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान गिरकर –5.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि पिछली रात यहां पर न्यूनतम तापमान –3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



श्रीनगर में तापमान -5.2 डिग्री सेल्सियस

मौसम की इस अवधि के दौरान जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के लिए तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं, अधिकतम तापमान पिछले दिन 7.9 डिग्री सेल्सियस से 3.7 डिग्री सेल्सियस अधिक 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी के अन्य जगहों पर भी दिन का तापमान सामान्य से 3–5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पहलगाम में सबसे ज़्यादा ठण्ड पड़ी, जहां पिछली रात –3.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले –5.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल के लिए हालांकि यह सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में रात का तापमान पिछली रात के –2.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले –3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि एक दिन पहले का तापमान –1.4 डिग्री सेल्सियस था। गुलमर्ग में पिछली रात –3.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले –3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तरी कश्मीर के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

# महिलाओं को भी राष्ट्र की रक्षा करने का है अधिकार : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को मथुरा के वृन्दावन में बालिकाओं के लिए पहले पूर्ण सैनिक विद्यालय संविद गुरुकुलम सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। इस विद्यालय में 870 बालिका विद्यार्थियों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस स्कूल का उद्घाटन सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में गैर सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र और राज्य सरकार के विद्यालयों के साथ साझेदारी के अंतर्गत 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना की पहल के तहत किया गया है, जिनमें से 42 विद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। ये मौजूदा 33 सैनिक स्कूलों के अतिरिक्त बनाए गए विद्यालय हैं, जो पहले से ही पूर्ववर्ती तरीकों के तहत संचालित किए जा रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर संविद गुरुकुलम बालिका सैन्य विद्यालय को उन लड़कियों के लिए आशा की किरण बताया, जो सशस्त्र बलों में शामिल होने तथा मातृभूमि की रक्षा करने की इच्छा रखती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं को सशस्त्र बलों में उनका उचित स्थान दिया है, जो वर्षों से उपेक्षित रही थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं को अपने पुरुष समकक्षों की तरह ही राष्ट्र की रक्षा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के इतिहास में वह स्वर्णिम क्षण था, जब हमने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश लेने को स्वीकृति प्रदान की थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज देश की महिलाएं न केवल लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, बल्कि वे सीमाओं की सुरक्षा भी कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि सिंह ने 2019 में सैनिक विद्यालयों में लड़कियों के प्रवेश



■ रक्षा मंत्री ने बालिकाओं के लिए पहले सैनिक स्कूल का किया उद्घाटन

को शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए चरणबद्ध तरीके से मंजूरी दे दी थी। मिजोरम के सैनिक स्कूल छिंगछिप में रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई प्रायोगिक परियोजना की सफलता के बाद यह निर्णय लिया गया था।

देश में 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना के दृष्टिकोण के पीछे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित उज्ज्वल भविष्य के अवसर प्रदान करना है। यह पहल निजी क्षेत्र को आज के युवाओं को आने वाले कल का जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर कार्य करने का अवसर भी देती है।

## सार संक्षेप

### खड़गे-राहुल ने लोगों को दीं नव वर्ष की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि नव वर्ष देशवासियों के लिए भाईचारे व प्रगति की नई सौगात लेकर आएगा। खड़गे ने कहा, इस नव वर्ष पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। वर्ष 2024 वह वर्ष होना चाहिए जो एक बार फिर गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों को आशा और शक्ति वापस दे। यह महत्वपूर्ण है कि हम प्रत्येक नागरिक के अधिकारों के लिए एकजुट होकर लड़ें और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करें। अपने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। राहुल गांधी ने कहा कि नया साल आप सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि की सौगात तथा भारत में न्याय और मोहब्बत का पैगाम ले कर आए।

### पुंछ में पीआईए लिखा हुआ गुब्बारा मिला

**जम्मू।** भारतीय सेना ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पीआईए (पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस) लिखा हुआ एक गुब्बारा बरामद किया। अधिकारियों ने कहा कि गुब्बारा अब सेना के कब्जे में है। इसे जिले के मेंढर तहसील के मनकोट इलाके से बरामद किया गया। सेना द्वारा गुब्बारे का मूल्यांकन किया जा रहा है।

### झारखंड में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**रांची।** झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्किट हाउस साइन मंदिर के पास आज सुबह एक कार के पहले पोल से और फिर पेड़ से टकरा जाने के कारण छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। कार में कुल 8 लोग सवार थे। घायल युवकों में एक का इलाज टीएमएच और दूसरे का इलाज स्टील सिटी नर्सिंग होम में हो रहा है जबकि सभी छह शवों को एमजीएम अस्पताल में रखा गया है। सभी युवक आदित्यपुर के बाबा कुटी क्षेत्र के रहने वाले थे और एक कार से पिकनिक मनाने के लिए बिष्टुपुर से मरीन ड्राइव की ओर जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलने पर बिष्टुपुर व सोनारी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चंदुपटला टीआईई हैदराबाद के नए अध्यक्ष

**हैदराबाद।** वैश्विक उद्यमशीलता नेटवर्क टीआईई हैदराबाद ने अपने 25वें वर्ष को चिह्नित करते हुए आधिकारिक तौर पर श्रीनि चंदुपतला को अपना नया अध्यक्ष घोषित किया है। संगठन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, चंदूपाटला रशीदा अदनवाला की जगह लेंगे और सोमवार से कार्यभार संभालेंगे।

# जम्मू-कश्मरी में सेना को दिए जाएंगे पचास आर्मडो वाहन

**जम्मू,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ने के लिए भारतीय सेना को करीब 50 और उन्नत सशस्त्र वाहन (आर्मडो) दिए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास राजौरी और पुंछ जिलों में सेना के वाहनों पर हाल के हमलों के मद्देनजर, लगभग 50 और उन्नत बुलेट-प्रूफ वाहनों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्नत सशस्त्र वाहनों के आने से सैनिकों को जंगल में छिपे आतंकवादियों को खत्म करने में मदद मिलेगी। सूत्रों ने कहा, राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में उन्नत बुलेट-प्रूफ आर्माडो वाहनों की संख्या में वृद्धि के साथ, सेना अब और अधिक मजबूत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बुलेट-प्रूफ लाइट स्पेशलिस्ट वाहन (एएलएसवी) विशेष रूप से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए डिजाइन किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि हुई है। इस कारण से, दोनों जिलों में रक्षा और प्रशासनिक मशीनरी पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि जल्द ही राजौरी और पुंछ जिलों में ऐसे और वाहन पेश किए जाएंगे। सैनिक सीमावर्ती जिलों के जंगली इलाकों में यात्रा करते समय इन उन्नत बुलेट-प्रूफ सशस्त्र वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए हमलों के दौरान क्षति न्यूनतम है।

### टीएमसी के स्थापना दिवस पर ममता ने भरी हुंकार

# किसी भी बुरी ताकत के आगे नहीं झुकेंगे

**कोलकाता,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने सोमवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने देश के आम लोगों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, 'यह आपके अटूट समर्थन के बल पर हम इस महान लोकतांत्रिक देश में सभी के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

किसी भी बुरी ताकत के सामने झुकेंगे नहीं।' इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में टीएमसी के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से बुरी ताकतों का विरोध करने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि वह पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक के समर्पण और आत्म-बलिदान का विनम्रतापूर्वक सम्मान करती हैं। आज, टीएमसी परिवार को सभी के प्यार और स्नेह का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि आपने हम पर जो अटूट विश्वास जताया है और हमें वर्षों तक लगन से



टीएमसी परिवार को सभी के प्यार व स्नेह का मिला आशीर्वाद
: ममता बनजी

आपकी सेवा करने के लिए सशक्त बनाया है, उसके लिए आपके प्रति हमारी हार्दिक कृतज्ञता है।

**तीसरी बार बनी हैं मुख्यमंत्री**

गौरतलब है, वर्ष 1998 में कांग्रेस से अलग होकर ममता बनर्जी ने टीएमसी का गठन किया। पार्टी 2001 और 2006 में दो असफल प्रयासों के बाद 2011 में वाम मोर्चा सरकार को हराकर सत्ता में आई। पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक प्रमुख शख्सियत बनर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी को शानदार जीत दिलाई और लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनीं।

### एक जनवरी, 1998 में हुआ टीएमसी का गठन

गौरतलब है कि साल 1998 में आज ही के दिन यानी एक जनवरी को ममता बनर्जी ने कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का गठन किया था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने मातृभूमि का सम्मान करने, राज्य के हितों के लिए कार्य करने और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ विश्वास की अभिव्यक्ति के रूप में टीएमसी के गठन का महत्व रेखांकित किया।

# झामुमो विधायक ने विस की सदस्यता से इस्तीफा दिया

**रांची,** 1 जनवरी (एजेंसियां) झारखंड में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में गांडेय से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने अहमद का इस्तीफा 31 दिसम्बर की तिथि से स्वीकार कर लिया है।विधानसभा से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार अब गाडंये की सीट रिक्त हो गई है। अहमद झारखंड विधानसभा के वरिष्ठतम विधायक थे और वह पहली बार 1980 में अविभाजित बिहार में बिहार विधानसभा के सदस्य बने थे। वर्ष 1984 में कांग्रेस के टिकट पर अहमद गिरिडीह से लोकसभा के लिए भी चुने गए थे। अहमद अविभाजित बिहार में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे थे।



■ अध्यक्ष ने सरफराज का इस्तीफा स्वीकार किया

# सभी धर्मों का सम्मान करती है राजद

**पटना,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के सामने विधायक फतेह बहादुर सिंह के एक पोस्टर को लेकर उपजे विवाद के बाद राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा को सफाई देने के लिए सामने आना पड़ा। उन्होंने कहा कि राजद सभी धर्मों का सम्मान करती है। पटना में सोमवार को एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले एक हफ्ते से पूरे देश में सिर्फ महागठबंधन की सरकार गिराई जा रही थी, लेकिन, इन सब पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने विराम लगाया। अब एक पोस्टर को लेकर बात शुरू की गई है। राजद हर जाति और धर्म का सम्मान करती रही है। सावित्री बाई फुले ने जो मंदिर के संदर्भ में कहा, उनके विचारों को लेकर डेहरी विधायक ने कहा है।

■ पोस्टर विवाद के बाद सामने आए राजद सांसद मनोज झा



हम धर्म को दिल में रखते हैं
: मनोज झा

उस बयान को मंदिर से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि वंचित-शोषित समाज से आने वाले विधायक ने सावित्री बाई फुले के विचारों को उद्धृत किया था। हम धर्म को दिल में रखते हैं। मेरी आस्था मेरी निजी चीज है, इसके अशोभनीय सार्वजनिक प्रदर्शन से भगवान भी व्यथित होंगे। 22 जनवरी की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम खुद धरती पर आएं तो प्रधानमंत्री मोदी से सवाल पूछेंगे। वह पूछेंगे कि मेरे युवाओं के लिए रोजगार कहां है और देश में इतनी महंगाई क्यों है। उल्लेखनीय है कि राजद के विधायक फतेह बहादुर ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर एक पोस्टर लगाया है, जिसमें विधायक ने सावित्रीबाई फुले की बातों को दोहराते हुए फिर से सनातन पर तंज कसा है। उन्होंने पोस्टर में लिखा है कि मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग और स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का मार्ग।

इसके बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने राजद विधायक को नसीहत दी तथा इसे लेकर भाजपा ने आक्रामक होकर राजद को निशाने पर ले लिया।

# बीजद ने पूर्व मंत्री दामोदर राउत का निष्कासन रद्द किया

**भुवनेश्वर,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को अनुभवी नेता और पूर्व मंत्री दामोदर राउत का निष्कासन आदेश रद्द कर दिया। आदेश में कहा गया है, दामोदर राउत का निष्कासन आदेश तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ और नवीन सरकार में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर विवादास्पद टिप्पणियों के बाद, 12 सितम्बर, 2018 को राउत को निष्कासित कर दिया गया था। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उनके बेटे और पारादीप से बीजद विधायक संबित राउत्रे ने निरस्तीकरण आदेश के लिए पार्टी सुप्रीमो को धन्यवाद दिया। संबित ने साफ किया कि उन्होंने करीब दो साल पहले 5टी के चेयरमैन वीके पांडियन से निष्कासन आदेश रद्द करने का अनुरोध किया था। राउत्रे ने भावुक होते हुए कहा, एक कमजोर क्षण में, उन्होंने एक त्रुटिपूर्ण निर्णय लिया और मेरी आपत्तियों के बावजूद भाजपा में शामिल हो गए। लेकिन, वह ज्यादा दिनों तक उसमें नहीं रह सके और वापस लौट आए। अपनी वापसी के बाद से, वह बीजद और नवीन पटनायक के समर्थन में बोल रहे हैं।



# मध्य प्रदेश में 1.39 करोड़ छात्रों को मिले जाति प्रमाण पत्र

**भोपाल,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में आम लोगों को जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने में लोक सेवा केंद्र अहम भूमिका निभा रहे हैं। छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में अब तक 1.39 करोड़ सर्टिफिकेट दिए जा चुके हैं।

राज्य में नागरिक अधिकारों को सशक्त बनाने और लोक सेवा प्रदाय प्रणाली को प्रभावी एवं सरल बनाने के लिए सुशासन की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। जाति प्रमाण पत्र प्रदाय अभियान के तहत लोक सेवा केंद्रों ने प्रदेश के स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए अभियान चलाया है। अभियान के तहत अब तक लगभग 1 करोड़ 39 लाख डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। ज्ञात हो कि राज्य में नागरिकों को बेहतर लोक सेवा देने के मकसद से राज्य सरकार ने 'लोक सेवा प्रबंधन विभाग का अलग से गठन किया है। विभाग मुख्य-रूप से लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम का क्रियान्वयन, लोक सेवा केंद्रों की स्थापना एवं संचालन, सीएम हेल्पलाइन कॉल सेंटर का संचालन के साथ 'सीएम डैशबोर्ड' का संचालन करता है। प्रदेश की सभी तहसीलों में लोक सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। इन केंद्रों के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को निश्चित समयावधि में विभागों की सेवाएं प्रदान करने के लिए कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में पीपीपी मॉडल के अनुसार 432 लोक सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इस सेवा का लाभ एक दिन में उपलब्ध कराने के मकसद से 'समाधान एक दिन तत्काल प्रदाय सेवा व्यवस्था भी संचालित की जा रही है।

**चिंता** *सुरक्षा बलों पर हो रहे हमलों को लेकर मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह चिंतित*

# केंद्रीय नेतृत्व को स्थिति की जानकारी देगा भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

इंफाल, 1 जनवरी (एजेंसियां)। सुरक्षा बलों ने सोमवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को पकड़ने के लिए अपनी तलाश जारी रखी, जिन्होंने शनिवार और रविवार को मणिपुर पुलिस कमांडो टीम पर हमला किया था, जिसमें पांच कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी बलों पर हमलों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि राज्य की मौजूदा स्थिति से केंद्रीय नेताओं को अवगत कराने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली जाएगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि म्यांमार और राज्य के तेंग्नौपाल जिले के मोरेह और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और राज्य और केंद्रीय बलों ने संदिग्ध कुकी आतंकवादियों को पकड़ने



■ संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान जारी

के लिए अपना तलाशी अभियान जारी रखा है। अधिकारी ने कहा कि घायल कर्मियों-दिलियांगम कामसन, एम. प्रियोकुमार, एन. बोरजाओ, एम. सुनील और पोन्खालुंग-को मोरेह में असम राइफल्स शिविर में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर इम्फाल में क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान लाया गया। कई आदिवासी संगठनों ने आरोप लगाया है कि शनिवार से मोरेह इलाके में हमलावरों ने कुकी-जो आदिवासियों के कई घरों को जला दिया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एक्स पर अपना बयान पोस्ट करते हुए कहा, हाल के दिनों में राज्य बलों के खिलाफ अभूतपूर्व हमले एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बन गए हैं। राज्य और केंद्रीय सुरक्षा बल सक्रिय रूप से स्थिति पर नियंत्रण बनाए हुए हैं, लेकिन संयुक्त सुरक्षा बलों के लिए इन तत्वों से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक दृष्टिकोण अपनाना भी जरूरी है, जो लगातार मणिपुर राज्य को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने कहा, भाजपा मणिपुर प्रदेश की अध्यक्ष ए. शारदा देवी, माननीय मंत्रियों, माननीय विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हुआ, जिसमें मणिपुर को अस्थिर करने पर तुले अराजक तत्वों से निपटने के लिए कड़े दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही केंद्रीय नेताओं से मिलने दिल्ली भी जाएगा।

इस बीच, मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके और मुख्यमंत्री ने राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सामूहिक प्रयास की अपील करते हुए नए साल 2024 पर मणिपुर के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा, नए साल का दिन नए संकल्प लेने का है। जैसा कि हम 2024 में प्रवेश कर रहे हैं, आइए हम सभी आने वाले वर्ष के दौरान मणिपुर के सभी हिस्सों में सद्भाव और पूर्ण शांति बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, पिछले साल तीन मई को हुए अभूतपूर्व जातीय संघर्ष के कारण मणिपुर पिछले सात महीने से अधिक समय से कठिन स्थिति से गुजर रहा है।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

# राजधानी में करीब आधे जिले कोरोना संक्रमण से अछूते, नहीं है कोई मामला

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच दिल्ली के करीब आधे जिले पूरी तरह से अछूते हैं। इन जिलों में कोरोना का एक भी मामला नहीं है। वहीं अन्य छह जिलों में भी एक फीसदी से भी कम मामले हैं। दिल्ली में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले दक्षिण-पूर्व जिले 0.81 फीसदी हैं। वहीं सबसे कम दक्षिण-पश्चिम जिले में 0.10 फीसदी मामले हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की जिलेवार कोविड-19 परीक्षण सकारात्मकता दर के मुताबिक दिल्ली के 11 जिलों में पांच जिलों में कोरोना की सकारात्मकता दर शून्य है। इन जिलों में मध्य, उत्तर पूर्व, उत्तर पश्चिम, शाहदरा और पश्चिम दिल्ली शामिल हैं। इन जिलों में लगातार आरटीपीसीआर और आरएटी से जांच हो रही हैं। जांच के बाद भी यहां पर सभी मामले निगेटिव पाए गए। विशेषज्ञों की माने तो इस मौसम में फ्लू के मामले ज्यादा आते हैं। इनके लक्षण कोविड की तरह होते हैं। इन मरीजों की कोरोना की जांच के बाद रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि कोरोना के लक्षणों के साथ आ रहे सभी मरीजों की कोविड-19 जांच की जा रही है। इन जांच में 99 फीसदी से अधिक मरीज की रिपोर्ट नकारात्मक पाई गई। ऐसे में फिलहाल चिंता करने की जरूरत नहीं है, लेकिन फ्लू परेशान कर सकता है। दोनों के लक्षण करीब एक जैसे हैं और दोनों मरीजों की समस्या को बढ़ा सकता है।



- 11 जिलों में से पांच जिलों में जीरो मामले
- केवल छह जिले में कोरोना संक्रमण के मरीज
- दिल्ली के दक्षिण-पूर्व जिले में सबसे ज्यादा 0.81 फीसदी मामले
- दक्षिण-पश्चिम में सबसे कम 0.10 फीसदी मामले

| जिला | संक्रमण दर |
|---|---|
| दक्षिण पूर्व | 0.81 |
| दक्षिण | 0.54 |
| नई दिल्ली | 0.43 |
| उत्तर | 0.36 |
| पूर्व | 0.33 |
| दक्षिण पश्चिम | 0.10 |
| मध्य | 0.00 |
| उत्तर पूर्व | 0.00 |
| उत्तर पश्चिम | 0.00 |
| शाहदरा | 0.00 |
| पश्चिम | 0.00 |

## कोरोना संक्रमण के आए दस नए मामले

दिल्ली में सोमवार को कोरोना के 10 नए मामले सामने आए, जबकि आठ मरीजों को सोमवार को छुट्टी दी गई। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार दिल्ली में कोरोना के कुल सक्रिय मामले 45 हो गए हैं। रविवार तक यह आंकड़ा 43 था। इन मामले में आठ मरीजों की संख्या घट गई है। दिल्ली में अभी तक कोरोना के 2014493 मामले आ चुके हैं।

## सड़क हादसे में कार चालक की मौत

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। आदर्श नगर इलाके में सोमवार तड़के स्कोडा कार ने अल्टो को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद अल्टो कई बार पलटी। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को कार से बाहर निकाल कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने अल्टो कार चला रहे सुभाष को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने स्कोडा कार को जब्त कर चालक रोशन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार तड़के सवा छह बजे पुलिस को आजादपुर से वजीराबाद जाने वाली सड़क पर दो कारों के बीच टक्कर होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक अल्टो कार पलटी हुई है और उसमें सवार दो लोग घायल अवस्था में फंसे हुए हैं। पास ही एक स्कोडा कार भी क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। पुलिस ने तुरंत घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने कार चला रहे सोनीपत निवासी सुभाष को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुनील का इलाज चल रहा है। जांच में पता चला कि सुभाष और सुनील सोनीपत की ओर जा रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कोडा कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने स्कोडा कार चला रहे रूप नगर निवासी रोशन को गिरफ्तार कर लिया है। रोशन पेशे से इंजीनियर है।

## दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग का जिला अधिकारी को नोटिस

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर पश्चिमी जिले के अंतर्गत कंझावला के लाड़पुर गांव के निवासी जिनमें अधिकतर सफाई कर्मचारी परिवार से सम्बंधित है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला अधिकारी कार्यालय से 26 दिसम्बर को यहां गांव का रोड़ के चौड़ीकरण कार्य में यहां के निवासी जो पिछले सन 1951-52 से यहां निवास कर रहे हैं उनके मकानों को तोड़ने की पैमाइश भी की गई है जिससे सभी कर्मचारी आशियाना उजड़ने को लेकर खौफजदा हैं। इस बबात दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने कर्मचारियों की इस गम्भीर संवेदनशील समस्या को लेकर लाडपुर गांव का दौरा किया था जहां कर्मचारियों ने लिखित में अपना प्रार्थना पत्र भी सौंपा था, उसी के अनुसार मामले की गम्भीरता को देखते हुए आज वर्ष 2024 के प्रथम दिवस एक जनवरी को सम्बंधित जिला अधिकारी को आयोग की तरफ से नोटिस जारी किया गया है जिसमें उन्हें आगामी 12 जनवरी को आयोग में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने हेतु कहा है। इस बाबत संजय गहलोत ने यह भी बताया कि जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री ने जहां झुग्गी वहां मकान का एलान किया है और दिल्ली के मुख्यमंत्री का भी इस योजना की तरफ प्रयास जारी है उसके मद्देनजर ऐसे मामलों में पहले कोई अन्य वैकल्पिक स्थान मुहैया कराया जाना चाहिए।



- 12 जनवरी को आयोग में किया तलब

## मास्टर स्ट्रोक 2024 का आयोजन आज से

**नई दिल्ली।** 2 जनवरी से 6 जनवरी 2024 तक ओपन पाम कोर्ट, इंडिया हैबिटेट सेंटर में मास्टर स्ट्रोक 2024 का आयोजन हो रहा है। इस प्रदर्शनी में अल्फी कुमार, अमन शर्मा, कुमुद ग्रोवर, मधुलिका, प्रेम लता, भावना सागर, दीपक मकवाना, पूजा गहनी, और सुनीता मल्लिक जैसे प्रमुख कलाकारों का काम प्रदर्शित हो रहा है।मास्टर स्ट्रोक 2024 एक समूह कला प्रदर्शनी है जिसमें चित्रकला और मूर्तिकला की विविधता है, जिसे किशोर लाबर ने संगठित किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि यह एक सत्य की चिराग हो, जो झूठ के युग में सत्य की रोशनी बनता है, और आम अभिव्यक्ति से परे कला को प्रस्तुत करता है। प्रत्येक मास्टरपीस कलाकार की सारंगी, साहसी स्ट्रोक और नाजुक रेखाएं कहानी सुनाती हैं। किशोर लाबर द्वारा संगठित यह प्रदर्शनी सत्यता का एक आश्रय है, जो हमें याद दिलाती है कि हलचल में, केवल कला ही सत्य बनी रहती है।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने वॉटर एटीएमों के कार्यक्षमता का किया मूल्यांकन

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत एट 2047 और नए साल की शुरुआत से ही नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी को साफ और स्वच्छ रखने के दृष्टिकोण के साथ एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने सोमवार को विनय मार्ग और शाहजहां रोड के सार्वजनिक शौचालयों पीटीयू और वाटर एटीएमों का एक व्यापक औचक निरीक्षण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नई दिल्ली क्षेत्र के बड़े संख्या वाले आगंतुकों के लिए एक स्वच्छ और कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली सुनिश्चित करना है। विनय मार्ग और शाहजहाँ रोड पर चार पीटीयू के निरीक्षण के दौरान पाया की सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई ठीक चल रही है। छोटी-मोटी मरम्मतें जैसे पाइप टुटा पड़ा था, हैण्ड ड्रायर मशीन, सेनेटरी वेंडिंग मशीन कार्य नहीं कर रही थी जो की संबंधित अधिकारियों के साथ तत्पर संवाद की गई। पीटीयू की निरीक्षण के पश्चात उपाध्याय ने वाटर एटीएमों के कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया और पाया कि विनय मार्ग और शाहजहाँ रोड वाटर एटीएम कार्य नहीं कर रहे थे, जो की संबंधित अधिकारियों के साथ तत्पर संवाद की गई। उपाध्याय ने एनडीएमसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं की अविरत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए अचानक की जा रहे निरीक्षण के महत्व को बताया। उन्होंने इसे गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ही नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत करने वाले कर्मचारियों को प्रेरित करने के एक साधन के रूप में भी महत्वपूर्ण बताया।

जो संगठन के कुल विकास में योगदान करता है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान और विकसित भारत एट 2047 के दृष्टिकोण के तहत 2024 के जनवरी महीने के दौरान इस प्रकार के निरीक्षण का आयोजन करते रहेंगे। एनडीएमसी की श्रीष्ठ सार्वजनिक सेवाओं की प्रस्तुति का हाइलाइट करते हुए उपाध्याय ने नई दिल्ली क्षेत्र के निवासियों और आगंतुकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के प्रति समर्पण की पुन: पुष्टि की।




- सार्वजनिक शौचालयों का भी किया औचक निरीक्षण



- नई दिल्ली में नए साल के पहले दिन हजारों लोगों के इंडिया गेट, कर्तव्य पथ पर जाने के कारण आईटीओ पर ट्रैफिक जाम का दृश्य। फोटो इम्तियाज खान

## उपराज्यपाल ने एपीपी के लिए 54 सौ के ग्रेड वेतन को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने अभियोजन निदेशालय के तहत काम करने वाले सहायक लोक अभियोजकों एपीपी को 5400 रुपए के ग्रेड पे के साथ वेतन बैंड 3 उच्च संशोधित वेतनमान देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह लाभ तीन सितम्बर 2015 से मिलेगा। मौजूदा समय में एपीपी का वेतनमान 4800 रुपये ग्रेड पे के साथ वेतन बैंड 2 है। इसे लेकर गृह विभाग की मांग पर वित्त विभाग ने जांच के बाद प्रस्ताव पेश किया। एपीपी के लिए वेतनमान में संशोधन का प्रस्ताव दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबी मुकदमेबाजी के बाद आया हैं। इस मामले में दिल्ली सरकार, केंद्रीय गृह मंत्रालय और एलजी सचिवालय के बीच लंबे समय तक पत्राचार चला। अधिकारियों ने कहा कि उच्च न्यायालय ने 3 सितम्बर, 2015 के अपने आदेश में दिल्ली सरकार को अभियोजन निदेशालय के अभियोजन अधिकारी के वेतन ढांचे में संशोधन को मंजूरी देते हुए 1 सितंबर 2015 के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले के कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक अनुपालन और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों ने कहा, एलजी सचिवालय ने 29 दिसम्बर 2015 के पत्र के माध्यम से इस मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ उठाया और इस बीच दिल्ली अभियोजक कल्याण संघ (पंजीकृत) ने उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका संख्या 224/2016 प्रस्तुत की, जो 31 मई 2016 के अपने आदेश में 3 सितम्बर 2015 के अपने आदेश का पालन करने का निर्देश दिया गया।



- सितम्बर 2015 से मिलेगा लाभ

## नए साल पर दिल्ली पुलिस ने जमकर काटे चालान

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नए साल की पूर्व संध्या पर उत्सव के दौरान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देर रात को चलाए गए अभियान में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने यातायात उल्लंघनों पर व्यापक कार्रवाई की। दिल्ली पुलिस की ओर आधी रात से बारह बजे तक चलाए गए अभियान में नियमों के उल्लंघन में सैकड़ों लोग पकड़े गए। त्वरित और निर्णायक कार्रवाई में दिल्ली पुलिस ने शराब के नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में 495 लोगों पर मामला दर्ज किया। इसके अलावा 132 लोगों को सड़क के गलत साइड पर गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया। इस अभियान में लापरवाह ड्राइविंग को निशाना बनाया गया। इसमें 47 मोटर साइकिल चालकों को खुद को और सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान को खतरे में डालने के लिए अभियोजन का सामना करना पड़ा। बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम कसने के लिए ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के कुल 347 लाइसेंस जब्त किए गए। सड़कों पर दृश्यता पर भी ध्यान दिया गया। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अवैध टिंटेड ग्लास वाले 117 वाहनों पर जुर्माना ठोंका।

यही नहीं गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। अनुचित पार्किंग के 3452 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया या टोइंग की गई। यातायात प्रवाह में बाधा डालने या पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए कुल 613 वाहनों को हटाया गया। दिल्ली पुलिस ने इन वाहनों के जिम्मेदार और सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करते हुए विभिन्न उल्लंघनों के लिए 566 ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की।

- सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने को देर रात तक चलाया गया अभियान



### कानून-व्यवस्था बनाए रखने को दस हजार से अधिक कर्मी किए गए थे तैनात

दिल्ली पुलिस ने नए साल की पूर्व संध्या पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10 हजार से अधिक कर्मी तैनात किए थे। वहीं दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए 2, 500 से अधिक कर्मी तैनात किए थे। पुलिस ने पहले ही चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि यदि कोई भी सड़कों पर उत्पाद मचाता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि नशे में गाड़ी चलाने, मोटरसाइकिल पर स्टंट करने और किसी भी वाहन के जरिये कर्कश ध्वनि उत्पन्न करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

**सर्वे** *केजरीवाल के इस्तीफे पर आप ने बताया सर्वे का नतीजा*

## अधिकतर लोगों ने मुख्यमंत्री के इस्तीफा नहीं देने की रखी बात

नई दिल्ली, 1 जनवरी (देशबन्धु)। नए साल के पहले दिन आम आदमी पार्टी ने कथित शराब घोटाले से जुड़े अपने बड़े संकट पर किए गए सर्वे का नतीजा जारी किया। पार्टी ने कहा है कि उसने मैं भी केजरीवाल कैंपेन के तहत करीब 24 लाख परिवारों से पूछा कि क्या गिरफ्तार किए जाने की सूरत में दिल्ली के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए या वे जेल में रहकर ही सरकार चलाएं। पार्टी का दावा है कि करीब 98 फीसदी लोगों ने कहा कि केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत एक दिसम्बर को की थी।

दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री जितेंद्र तोमर ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनकी पार्टी ने 23, 82, 122 परिवारों से संपर्क किया और उनकी राय ली। उन्होंने कहा, हमने करीब एक करोड़ लोगों से संपर्क किया और विस्तार से बातचीत की। करीब 98 फीसदी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। आम आदमी पार्टी अब इस कैंपेन का दूसरा चरण शुरू करने जा रही है। आप विधायक और दिल्ली उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि 4 से 10 जनवरी तक दिल्ली के हर वार्ड में मैं भी केजरीवाल जनसंवाद होगा। इस दौरान लोगों तक पार्टी अपनी बात पहुंचाएंगी और लोगों से राय लेगी। उन्होंने कहा, हम हर वार्ड में जनसंवाद करेंगे और लोगों से राय लेंगे। हमने मुख्यमंत्री से निवेदन किया था कि यदि भाजपा सरकार उन्हें शराब घोटाले के झूठे केस में गिरफ्तार करती है तो आप इस्तीफा मत देना। केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली की जनता की राय लेंगे, जो जनता कहेगी वही करेंगे। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में रायशुमारी का नतीजा ऐसे समय पर पेश किया है जब तीन जनवरी को अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ईडी के सामने पेश होना है। केजरीवाल को ईडा का यह तीसरा समन है। इससे पहले दो मौकों पर केजरीवाल पेशी से इनकार कर चुके हैं। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने यह साफ नहीं किया है कि इस बार केजरीवाल केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने जाएंगे या नहीं। शराब घोटाले से जुड़े जिस केस में ईडी पूछताछ करना चाहती है उसी में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। ऐसे में आम आदमी पार्टी को आशंका है कि केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया जा सकता है।



- केजरीवाल अभियान के तहत 24 लाख परिवारों के बीच किया गया सर्वे
- गत विर्ष एक दिसम्बर को की थी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

## आरडब्ल्यूए चुनाव में सुनील शर्मा पैनल ने जारी किया घोषणा-पत्र

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन , डीडीए फ्लैट, पॉकेट सी, चित्रकूट, ईस्ट ऑफ लोनी रोड के चुनाव आगामी सात जनवरी को होने जा रहे हैं। चुनावों में मद्देनजर सुनील कुमार शर्मा पैनल बैलेट नंबर 2 की तरफ से चुनाव घोषणा-पत्र जारी किया गया। चुनावी घोषणा-पत्र का विमोचन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुनील कुमार शर्मा व पैनल के सदस्यों की मौजूदगी में कालोनी के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया। विमोचन के दौरान सर्व समाज के प्रमुख लोगों सरवर सिंह चौधरी, विजय शर्मा, भूदेव राय, वेद सिंह, राधा रमण, बुद्ध प्रकाश, अनिल कुमार जैन, शिव कुमार निर्भय मंजू कौशिक, महेंद्र अग्रवाल और कालोनी के अन्य निवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कालोनी के गणमान्य लोगों ने घोषणा-पत्र में उठाए गए मुद्दे की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठजनों ने कहा कि परिवर्तन समय की नियति होता है। कुछ बेहतर करने के लिए बदलाव होता रहना चाहिए। सभी में घोषणा-पत्र में उठाए उन सभी बिंदुओं की प्रशंसा की जोकि कालोनी के विकास और उसकी प्रगति को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व् खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-1137-PATHWAY DATE 29.12.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में बरैली – मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1137 (10x61.0m) UP & DN पर एक मीटर चौड़ा साइड पाथवे का कार्य। | ₹ 38762969.91 | ₹ 343800/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 22.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-BR-52-PATHWAY DATE 29.12.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में मुरादाबाद–ग़ज़िआबाद खंड के पुल संख्या 52 (11X61.0m) UP & DN पर एक मीटर चौड़ा साइड पाथवे का कार्य। | ₹ 37126862.07 | ₹ 335600/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 22.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 3 | 32-W-BR-1125-1075-1077-MB DATE 29.12.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में बरैली–मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1125 (10X30.5m) UP & DN 1075 (7X30.5m) UP एवं 1077 (6X30.5m) UP पर एक मीटर चौड़ा साइड पाथवे का कार्य। | ₹ 33729711.62 | ₹ 318700/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 22.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |

**नोट :** उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। **02/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ आज के पावन अवसर पर ऐसा आयोजन युवा पीढ़ी के लिए एक संदेश है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के सबसे मजबूत स्तंभ व्यापारी वर्ग को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ मिलकर समाज और व्यापारी वर्ग को आगे बढ़ाना चाहिए। युवा शक्ति के रूप में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग छाप बनायी। मानव सेवा धर्म अपनाकर इन्होंने अपने आप को औरों से अलग बनाया है:- डॉक्टर महेश शर्मा, सांसद

# नोएडा में जमकर मना नया साल का जश्न

## मॉल, पब व बार के अलावा बाजारों में रही भीड़, सड़कों पर रहा जाम





**नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नए साल के पहले दिन मॉल्स और बाजारों में जमकर भीड़ रही। लोगों ने एक दूसरे को बधाई देकर नया साल मनाया। इस मौके पर बधाईयों का दौरान जारी रहा। मॉल में भीड़ की वजह से कुछ समय के लिए प्रवेश भी रोका गया। पार्किंग फुल रही और सड़कों पर जाम रहा। नोएडा के एमपी-3, नोएडा एक्सप्रेस वे लिंक रोड पर जाम रहा। यहा वाहन रेंग-रेंग कर चले। शहर के मंदिरों में भीड़ रही। नोएडा के सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इसके अलावा लाल मंदिर, सनातन धर्म मंदिर और हनुमान मंदिर में लोगों ने नए साल मंगलमय हो इसकी पूजा की। इसके अलावा नोएडा के मॉल, पब और रेस्टोरेंट में भी जमकर भीड़ रही। एडवांस बुकिंग होने के बाद भी लोगों को लाइन में लगना पड़ा। ये सिलसिला देरशाम तक जारी रहा।

# नगर आयुक्त ने नए साल की बधाई देने के साथ 2024 में विकास को लेकर किया मंथन





**गाजियाबाद,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने महापौर सुनीता दयाल को पुष्प गुच्छ देकर नए साल की बधाई दी। इसके अलावा उन्होंने सभी निगम के अधिकारियों, बाबूओं व अन्य स्टाफ को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही 2024 में निगम हित में तथा शहर हित में बेहतर कार्य करने के लिए मोटिवेट भी किया, नगर आयुक्त ने सभी के कार्य स्थलों पर जाकर उनके तथा उनके परिवार जनों का हाल-चाल भी पूछा।

नगर निगम कर्मचारियों ने भी नव वर्ष की शुभकामनाएं नगर आयुक्त को पुष्प गुछ देकर नए साल की शुभकानाएं दी। इसके अलावा नगर आयुक्त ने महापौर व निगम अधिकारियों के साथ नव वर्ष 2024 में होने वाले कार्यों पर अधिकारियों के साथ मंथन भी किया, शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ किस प्रकार निगम की आई बढ़ाई जानी है इस पर विशेष चर्चा की। हाउस टैक्स के साथ-साथ अन्य मदों से होने वाली आय पर भी जोर देने के निर्देश दिएद्य गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर हित में बेहतर कार्य किया जाए प्लानिंग बनाई गई।

## सार संक्षेप

### आईएमएस में पूजन के साथ नए साल की शुरुआत

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) में नए साल का स्वागत हवन पूजन के साथ किया गया। सोमवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में संस्थान के स्टाफ एवं फैकल्टी ने देवी सरस्वती का अभिनंदन कर नए साल की शुरुआत की। पूजन के उपरांत संस्थान के सभी स्टाफ एवं फैकल्टी को आने वाले वर्ष में सुख, शांति, सौभाग्य, समृद्धि, स्वास्थ्य, सम्पन्नता और सामाजिक उन्नति के लिए संस्थान प्रबंधक ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि नया साल हमारे लिए संबंधों को मजबूती से बनाए रखने और नई ऊर्जा के साथ नए उत्साह से भरे जीवन की शुरुआत करने का एक शानदार मौका है। इसी संकल्प के साथ हम सभी अपने जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली लाने के लिए तत्पर रहें।

### बिल्डरों के साथ होने वाली बैठक टली, अब 6 या 7 जनवरी को होगी

**नोएडा।** बकाए की जानकारी देने के लिए बिल्डरों के साथ 2 जनवरी को होने वाली बैठक टल गई है। अब यह बैठक 6 या 7 जनवरी को होगी। फ्लैट खरीदारों को सहूलियत देने के लिए अमिताभ कांत कमिटी की सिफारिशों में कुछ संशोधन कर यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट की तरफ से जारी शासनादेश को नोएडा प्राधिकरण में लागू कर दिया गया है। शासनादेश के तहत बिल्डरों को 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। इससे बिल्डरों का बकाया कम हो जाएगा। प्राधिकरण ने नए सिरे से बकाए की गणना का काम लगभग पूरा कर लिया है। इस संबंध में बकाए की जानकारी देने व पैसे जमा करने के लिए 15 परियोजनाओं के बिल्डरों के साथ 2 जनवरी को बैठक होनी प्रस्तावित थी लेकिन अब यह बैठक टल गई है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि अब 6 या 7 जनवरी को बिल्डरों के साथ बैठक होगी। इसमें नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह भी इसमें शामिल होंगे। प्राधिकरण की कोशिश है कि जल्द बकाया जमा करवाने की शुरुआत कर फ्लैट रजिस्ट्री शुरू कराई जाएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि 57 बिल्डर परियोजनाएं ऐसी हैं जो एनसीएलटी या किसी न्यायालय में नहीं हैं।

# वीके सिंह ने किया गाजियाबाद के मुख्य डाकघर से ई-स्टाम्प का शुभारंभ

**गाजियाबाद,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने यहां सोमवार को



गाजियाबाद की नवयुग मार्किट में स्थित हैड पोस्ट ऑफिस से ई- स्टाम्प का शुभारंभ किया। ई-गर्वनेंस और डिजिटल इंडिया की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डाक विभाग द्वारा प्रदेश के 11 बड़े जिलों को नए साल का तोहफा दिया गया। डाक विभाग गाजियाबाद डिवीजन के प्रधान डाकघर गाजियाबाद द्वारा सेवा शुरू कर दी।

इस अवसर पर वीके सिंह ने कहा किआम लोगों की सुविधा के लिए स्टाप एवं पंजीयन विभाग और डाक विभाग ने एक नई पहल की है। इसके अन्तर्गत पहली बार पोस्ट ऑफिस से भी ई-स्टांप देने का गरमाग प्रोजेक्ट की शुरुआत 11 जिलों से की गई है। इससे जहाँ एक और स्टांप की कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगेगा साथ ही साथ जन साधारण को स्टाम्प के लिए लम्बी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा।

इसकी शुरुआत लखनऊ जीपीओ, कानपुर प्रधान डाकघर, कलेक्ट्रेट उप डाकघर आगरा, प्रयागराज कचहरी प्रधान डाकघर, वाराणसी कचहरी उप डाकघर, गोरखपुर कचहरी उप डाकघर, मेरठ कचहरी उप डाकघर, सहारनपुर प्रधान डाकघर, सैक्टर 34 गौतमबुद्धनगर (नोएडा), गाजियाबाद प्रधान डाकघर और बिजनौर प्रधान डाकघर से की गई है।

# गाड़ी पार्क करने के विवाद में पांच युवकों ने युवक की फॉच्र्यूनर कार चढ़ाकर हत्या, एक हिरासत में

**गाजियाबाद,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। गाड़ी पार्क करने के विवाद में मोदीनगर थाना इलाके में पांच युवकों ने फॉर्च्यूनर कार चढ़ाकर एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि चार फरार चल रहे हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि हरमुख पुरी मोदीनगर निवासी सुरेन्द्रलाल श्रीवास्तव ने 31दिसम्बर की रात्रि लगभग 10 बजे उनका पुत्र अनुपम श्रीवास्तव अपने एक मित्र के चाउमिन लेने बाजार गया हुआ था। जहाँ उसका फोर्चुनर सवार 05



व्यक्तियों से पार्किंग को लेकर कुछ वाद-विवाद हुआ, इसके बाद फोर्चुनर सवार व्यक्तियों ने इसके पुत्र के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर उसकी हत्या कर दी गयी। तहरीर के आधार पर 03 नामजद व 02 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा एक अभियुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है तथा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।



# नए साल पर में निगम ने शहर में स्वच्छता यात्रा निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

**गाजियाबाद,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने सिटी जोन में स्वच्छता यात्रा निकाली।। जिसमें महात्मा गांधी जी की झांकी से शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति

■ **शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में व्यापारी वर्ग करें निगम का सहयोग: नगर आयुक्त**

जागरूक किया गया। यात्रा गोल मार्केट, नवयुग मार्केट, चोपला, घंटाघर व बाजारों से होकर गुजरी। गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी सिटि ज़ोन, एचएमएस की टीम, तथा व्यापारी वर्ग भी उपस्थित रहा जिनके द्वारा बाजारों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई।नगर आयुक्त ने व्यापारियों से प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहयोग करने की अपील की गई है तथा कपड़े की थैली इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के लिए कपड़े के थैले भी वितरित किए गए।

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

**नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच में मुठभेड़ हो गई। पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं दूसरे बदमाश की तलाश के लिए टीम दबिश दे रही है। उसे भी जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है।

दरसअल नोएडा की थाना सेक्टर 113 पुलिस सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के पास में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर पुलिस को दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस के रोकने पर उन लोगों ने अपनी मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया और जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। वह घायल होकर गिर गया। वहीं दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया।

गोली लगने से घायल हुए बदमाश को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। घायल बदमाश की पहचान मेरठ के अफजल के रूप में हुई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं फरार हुए



■ **घायल बदमाश को किया गया गिरफ्तार, दूसरा फरार**

बदमाश की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने बदमाश से बिना नंबर प्लेट की बाइक और तमंचा-कारतूस बरामद किए हैं।

एक बड़ा ही शातिर लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ है। यह बदमाश अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम दिया करता था। इस बदमाश पर एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसका एक साथी फरार हुआ है, जिसकी पहचान फुकरान के रूप में हुई है। उसकी तलाश की जा रही है।

# युवा व्यापार मंडल ने बांटे 1111 कंबल

**नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नव वर्ष के अवसर पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की कार्यकारणी की ओर से सेक्टर 41 शनि मंदिर के बाहर विशाल कंबल वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में गौतम बुद्ध नगर जिले के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा जिलाधिकारी श्री मनीष वर्मा, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, बीजेपी के नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, समाजवादी पार्टी से नगराध्यक्ष दीपक विग, समाजवादी पार्टी के नेता अशोक चौहान आदि समाजसेवी मौजूद रहे। सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि आज के पावन अवसर पर ऐसा आयोजन युवा पीढ़ी के लिए एक संदेश है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के सबसे मजबूत स्तंभ व्यापारी वर्ग को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ मिलकर समाज और व्यापारी वर्ग को आगे बढ़ाना चाहिए। युवा शक्ति के रूप में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग छाप बनायी। मानव सेवा धर्म अपनाकर इन्होंने अपने आप को औरों से अलग बनाया है। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष




■ **इस मौके पर सांसद व डीएम रहे मौजूद**

वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का कार्य बहुत ही सराहनीय है। उत्तर प्रदेश शासन हमेशा युवा व्यापार मंडल के साथ खड़ा रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज हमेशा तभी उन्नति की ओर होता है जब युवा वर्ग इसे आगे बढ़ाने के लिए तत्पर होते हैं। युवा पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज नववर्ष के अवसर पर मंडल ने 1111 कंबल और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग चार हज़ार लोगों ने भोजन ग्रहण किया।

# युवती से 5 ने किया गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

**नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नौकरी दिलाने की बात कहकर युवती के साथ हथियार के बल पर गैंग रेप करने के मामले में सरिया और स्क्रैप माफिया समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। ये केस 30 दिसंबर को दर्ज किया गया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराते हुए 24 घंटे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गैंगरेप की ये वारदात 19 जून 2023 की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दबंग किस्म के है। इसलिए पीड़िता एफआईआर या पुलिस के सामने नहीं आ रही थी। ब्लैकमेल से परेशान होकर उसने 30 दिसंबर को शिकायत की।

गौतमबुद्धनगर निवासी युवती ने सेक्टर-39 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे नौकरी की तलाश थी। इसी दौरान राजकुमार नामक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई। नौकरी लगवाने का झांसा देकर राजकुमार ने युवती को

■ **छह महीने बाद पीड़िता ने दर्ज कराई FIR, वीडियो और परिवार को मारने की दी थी धमकी**

अपने सभी शैक्षिक दस्तावेज के साथ बरौला गांव आने को कहा। वहां पर राजकुमार और उसका साथी महेमी मिले। दोनों ने शिकायतकर्ता युवती से कहा कि रवि हमारे सर हैं। हम आपको उनसे मिलवा देंगे और वह आपकी जॉब लगवा देंगे। युवती ने दोनों की बात पर विश्वास पर लिया।

### मॉल की पार्किंग में किया गैंगरेप

आरोप है कि 19 जून को राजकुमार और महेमी युवती को नौकरी दिलवाने के बहाने गार्डन गैलेरिया ले गए। युवती राजकुमार और महेमी के साथ कार में बैठकर गई थी। उन दोनों ने गाड़ी पार्किंग में लगा दी। वहां पर तीन लड़के आए। तीनों का परिचय रवि, आजाद और विकास के रूप में करवाया गया। सभी के हाथों में हथियार था। आरोप यह भी है कि रवि ने शिकायतकर्ता युवती को गाड़ी में बैठा लिया और कपड़े उतार कर गलत काम किया। रवि ने घटना का वीडियो भी बनाया।

### वीडियो वायरल और परिवार को जान से मारने की दी धमकी

विरोध करने पर आरोपियों ने कहा कि वह बहुत दबंग हैं और पैसे वाले भी। किसी से डरते नहीं हैं। अगर यह बात किसी को बताई तो घटना का वीडियो वायरल कर दूंगा। शिकायतकर्ता युवती और उसके परिवार को जब जान से मारने की धमकी दी गई तो तो वह सहम गई। इसके बाद भी जब आरोपियों ने युवती को ब्लैकमेल और परेशान करना नहीं बंद किया।

### 30 दिसम्बर को दर्ज कराई एफआईआर

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि इस मामले में 30 दिसंबर को एफआईआर दर्ज की गई। टीमों का गठन किया गया। मुखबीर तंत्र एक्टिव किया गया। जिसके बाद चेकिंग शुरू की। इस दौरान 31 दिसंबर की रात करीब 11 बजे के आसपास सफेज रंग की फारच्यूनर कार आती दिखी। मुखबीर के इशारा करने पर कार को घेर लिया गया और सरेंडर करने के लिए कहा। पुलिस ने तीन आरोपियों को राजकुमार, आजाद और विकास को गिरफ्तार कर लिया। इनका एक साथी रवि फरार है। पुलिस की टीम रवि की तलाश में दबिश दे रही है।

# आज किसान प्राधिकरण की करेंगे तालाबंदी अधिकारियों के साथ वार्ता विफल

**नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। किसानों का धरना सोमवार को 22 वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को किसानों से बातचीत के लिए नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ, डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी आदि अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक चली बातचीत में सहमति नहीं बन सकी। किसानों का कहना है कि मंगलवार को प्राधिकरण पर पूरी तरह तालाबंदी होगी।

■ **पांच जनवरी को एनटीपीसी की होगी तालाबंदी**

सोमवार को पूरे दिन शीतलहर चलती रही। इसके बावजूद किसान सेक्टर-6 प्राधिकरण दफ्तर के सामने अधिक संख्या में डटे रहे। किसानों ने पहले ही 2 जनवरी को प्राधिकरण पर संपूर्ण तालाबंदी का ऐलान कर रखा है। इससे प्राधिकरण-पुलिस अधिकारी सकते में हैं। इसी क्रम में किसानों को मनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री, डीसीपी हरीशचंदर, एडीसीपी मनीष मिश्रा, एसीपी रजनीश वर्मा धरना स्थल पर पहुंचे। यहां किसानों-अधिकारियों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। अधिकारियों ने किसानों से कहा कि उनकी मांगों को पूरा कराने के लिए जल्द औद्योगिक विकास आयुक्त से बातचीत कराई जाएगी। लेकिन किसान सहमत नहीं हुए।



किसानों ने कहा कि मंगलवार को हर हाल में प्राधिकरण पर संपूर्ण तालाबंदी की जाएगी। वहीं दूसरी ओर सेक्टर-24 एनटीपीसी दफ्तर के सामने भी किसान सोमवार को धरने पर डटे रहे। यहां पर किसान 5 जनवरी को तालाबंदी करेंगे। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर पहलवान ने कहा कि अधिकारियों ने औद्योगिक विकास आयुक्त से बात कराने का आश्वासन दिया लेकिन समय-सीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि 2 जनवरी को प्राधिकरण दफ्तर पर होने वाली संपूर्ण तालाबंदी को लेकर सोमवार को भी कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उनकी मुख्य सिर्फ दो मांगे हैं जिनमें 10 प्रतिशत भूखंड और आबादी का संपूर्ण निस्तारण शामिल है।

उवाच "

उत्तर प्रदेश और जेवर में विकास की जो बयार बह रही है। उसने तत्कालीन सरकारों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने आम आदमी की जरूरत से जुड़ी योजनाओं को लागू किया है। विधानसभा के रबूपुरा में एक डिग्री कॉलेज में पढ़ाई प्रारंभ हो चुकी है : **धीरेंद्र सिंह, विधायक जेवर**

# कैपिटल ज़ोन

## वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ मनाया गया नववर्ष, किया सहभोज

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। अपनों से दूर वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजन के चेहरों पर खुशी लाने के



लिए नववर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नववर्ष के उपलक्ष्य में नलगढ़ा स्थित वृद्धाश्रम 'खुशियों की ओर' को बैलून और फूलों से सजाया गया। ए टू जेड फाउंडेशन के संचालक अशोक कुमार और दीक्षा ने मिलकर बुजुर्गों को परिवार जैसा एहसास कराया। नववर्ष की खुशियां साथ-साथ सहभोज करके मनाई। एटूजेड फाउंडेशन ने सभी वृद्धजनों को नववर्ष के उपलक्ष्य में उपहार दिए। नए कपड़े पहनाए, उनके साथ परिवार के सदस्यों की तरह समय बिताया। दुख-दर्द को बांटा और आगे भी सहयोग का वादा किया। वृद्धजनों ने भी समिति की सदस्यों के साथ दिल खोलकर अपने मन की बातों को साझा किया। साथ बैठकर सहभोज किया और मनोरंजक खेल भी खेले। इस मौके पर एटूजेड फाउंडेशन के संचालक अशोक कुमार और संचालिका दीक्षा ने कहा कि नववर्ष की शुरुआत इतने सारे बुजुर्गों के आर्शीवाद से हो तो इससे बेहतर क्या हो सकता है।

# भाकियू भानू की कार्यकारिणी बैठक में अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन भानू की कार्यकारिणी की बैठक फलेदा गांव में राष्ट्रीय प्रवक्ता ठाकुर बृजेश के निवास पर हुई, बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजब सिंह कसाना तथा संचालन जिला अध्यक्ष राजकुमार नागर ने किया। बैठक में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कई अहमदों पर निर्णय लिया गया, जिनमें ग्रीन फील्ड नाम से एक हाईवे बनाया जा रहा है जो हरियाणा और अप को जोड़ता है इसमें बहुत सारे लोगों की



जमीन जा रही है जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा '300 का अतिरिक्त मुआवजा बढ़ाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब प्रशासन की तरफ से नहीं आया है। बोरिंग, पेड़, बोरिंग का कोठरा, ट्यूबवेल आदि प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिए हैं लेकिन उनका मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है जो शीघ्र दिया जाना जरूरी है। फ्लैदा गांव के कुछ किसान ऐसे भी हैं जिनका मूल मुआवजा नहीं दिया गया है और उनकी संपत्ति पर प्रशासन द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, किसान को कोई भी मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है। इसके खिलाफ भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है इसी को लेकर बहुत जल्द जेवर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 5 फरवरी 2024 को एचपीसीएल का किया जाएगा घेराव होगा, बड़ा आंदोलन जिले की एन.पी.सी.एल. प्राइवेट बिजली कंपनी है जो योगी आदित्यनाथ की बात की भी अवहेलना कर किसानों को परेशान कर रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजब सिंह कसाना, राष्ट्रीय प्रतिनिधि ठाकुर सतबीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में गरीबों को योजनाओं का दिया गया लाभ



**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जेवर विधानसभा के जेवर मंडल के गांव भगोकरा एवं मंगरौली में पहुंची, दोनों जगह के मुख्य अतिथि के रूप में जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह रहे। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने लोगों को विकसित भारत बनाने के लिए शपथ दिलायी और कहा कि हमारी सरकार गरीबों के काम कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को पूरा कर रहीं है। इस अवसर पर ईश्वर सरपंच ने गरीब लोगों को कंबल वितरित किये, अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, राहुल पंडित जिला उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, विकास करौली, रोहित ठाकुर, सुशील शर्मा, इस सफर उज्वला के पांच आयुष्मान के आठ पेंशन वृद्धि 48 दिव्यांग 13 विधवा 38 फसल बीमा योजना के 50 लोगों को कार्ड वितरित किये गये।

## स्वरोजगार के लिए ग्रामीण महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्वरोजगार के लिए 'ब्यूटी पार्लर प्रबंधन' का 30 दिवसीय प्रशिक्षण 30 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक संस्थान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। डोमेन विषय का प्रशिक्षण और प्रैक्टिकल डीएसटी माधुरी सिंह ने किया और सॉफ्ट स्किल के साथ साथ बैंकिंग की जानकारी संस्थान के निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया। संस्थान के निदेशक अनिल कुमार ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम कि रुपरेखा से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने आई ब्रो, थ्रेडिंग, ब्लीच, फेसिअल, वैक्सिंग, हेयर कटिंग, मेकअप, ब्राइडल मेकअप आदि का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरान्त उनके मनोबल और उत्साह में वृद्धि देखने को मिली साथ ही वो एक नए उद्यम के रूप में अपना ब्यूटी पार्लर खोलने के लिए तत्पर दिखे। प्रशिक्षण समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह सोमवार को आरसेटी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मयंक रॉय, कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख, छोलस, दादरी गौतम बुद्ध नगर उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के निदेशक अनिल कुमार ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर अनुज कुमार शर्मा, विवेक कुमार, स्वतन्त्र कुमार, अंजू, रीना, सरिता, भावना, रौशन, काज्मा, कलश, सना, मीनू, आँचल, छवि, तनु, आदि उपस्थित रहे।

## ओएसडी ने सेक्टर 37 का किया दौरा, पार्क को मेनटेन करने के दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी (उद्यान) संतोष कुमार ने नए साल का आगाज सेक्टर 37 के औचक निरीक्षण से किया। इस दौरान ओएसडी के समक्ष कई खामियां सामने आईं। सेक्टर के सी ब्लॉक में लोग अपने मकान के सामने ग्रीन बेल्ट को निजी उपयोग में ला रहे हैं। पार्कों में सूखी पत्तियों के ढेर दिखाई दिए। पार्कों का रखरखाव बहुत खराब हालत में मिला। कई जगह जाली टूटी हुई मिली। कटिंग न होने से घास काफी बड़ी हो गई है। ग्रीन बेल्ट का रखरखाव भी ठीक से नहीं किया जा रहा। ओएसडी ने इन खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर के पार्कों में ग्रीन बेल्ट में सूखे पेड़ों की जगह नए पौधे लगाने और सेक्टर के गोलचक्कर को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोलचक्कर पर रेलिंग लगाने, सेक्टर में फुटपाथ बनवाने, पार्कों में बेंच और फाउंटेन लगाने के निर्देश दिए। ओएसडी इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



## राजकीय कन्या डिग्री कॉलेज का विधायक ने किया भूमि पूजन

**दनकौर,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव में करीब 11 करोड रुपए की लागत से 18 महीने में राजकीय कन्या डिग्री कॉलेज बनकर तैयार होगा। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय कन्या डिग्री कॉलेज के निर्माण के संबंध में स्वीकृति दी गई थी। लेकिन विभागों के आपसी टकराव की वजह से राजकीय कन्या महाविद्यालय निरस्त होने की स्थिति तक पहुंच गया था। लेकिन जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के प्रयास के कारण सोमवार को इस राजकीय कन्या डिग्री



कॉलेज का भूमि पूजन हुआ है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने को मिल रही है। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और जेवर में विकास की जो बयार बह रही है। उसने तत्कालीन सरकारों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने आम आदमी की जरूरत से जुड़ी योजनाओं को लागू किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के रबूपुरा में एक डिग्री कॉलेज में पढ़ाई प्रारंभ हो चुकी है। साथ ही जेवर दूसरा राजकीय कन्या महाविद्यालय 90 प्रतिशत से भी अधिक बनकर तैयार हो गया है। यहां आगामी समय में पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। साथ ही दौला रजपुरा गांव में बनने वाला तीसरा राजकीय कन्या डिग्री कॉलेज भी शीघ्र जनता को समर्पित कर दिया जाएग।

## सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी हो सकती है जानलेवा: पवन कुमार

**जेवर,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। कस्बे के खुर्जा रोड स्थित खुर्जा अंडरपास के समीप सोमवार को एसीपी ट्रैफिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस द्वारा नव वर्ष के मौके पर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे मे जागरूक करने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लोगों को सड़क सुरक्षा के नियम सिखाये गए और इन नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। एसीपी ट्रैफिक पवनकुमार ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी का जीवन अनमोल है तथा सड़क पर चलते समय थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है इसीलिए सभी जनमानस को सड़क चलते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों व जवानों ने लोगो को यातायात नियमों की जानकारी से अवगत कराते हुए नियमो का पालन करने की शपथ दिलाई। लोगो को सम्बोधित करते हुए बताया कि कार चलाते समय सीट वेल्ट लगाने, दुपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने आदि को लेकर जागरूक किया और इन नियमों के बारे मे दूसरे लोगों भी जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर टीआई संजयकुमार पाल, टीएसआई राजेंद्र दीक्षित, ईओ सतीश कुमार, परिवहन अधिकारी राजेश मोहन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान, इस्तकार राव, मदनलाल चौहान, मुकेश शर्मा, जतिन शर्मा, धर्मवीर चौधरी, भानु चौधरी, फरियाद अली, ताहिर अली आदि लोग मौजूद रहे।



## ग्रेनो वेस्ट के चार मूर्ति चौक पर अंडरपास बनाने के लिए छह कंपनियां इच्छुक

### प्री बिड मिटिंग में कंपनियों ने दिए सुझाव, संशोधन के बाद अगले सप्ताह जमा होगा टेंडर

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के चार मूर्ति चौक को जाम मुक्त करने के लिए बनने वाले अंडरपास को लेकर प्री बिड मीटिंग हो गई। इसमें छह से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों ने कुछ सुझाव भी दिए हैं। प्राधिकरण ने कंपनियों को इन संशोधनों के साथ अगले हफ्ते तक टेंडर जमा करने का मौका दिया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे व्यस्त चौराहे चार मूर्ति चौक को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने की योजना जल्द धरातल पर उतरने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस चौराहे पर करीब 78 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अंडरपास का निर्माण कराने के लिए टेंडर निकाले थे। कंपनियों को 28 दिसम्बर 2023 तक टेंडर जमा करने थे। इससे पहले प्राधिकरण ने कंपनियों के साथ प्री बिड मीटिंग की। इसमें छह से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों ने कुछ सुझाव भी दिए। प्राधिकरण ने इन सुझावों को मान लिया है। इनको टेंडर शर्तों में जोड़ दिया गया है। अब कंपनियां अगले हफ्ते तक टेंडर जमा कर सकती हैं।

## जलपुरा गोशाला में चारा आपूर्ति के लिए एजेंसी की तलाश

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। जलपुरा की गोशाला में हर माह 80 लाख का चारा लगता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण गोशाला में चारा आपूर्ति के लिए एजेंसी की तलाश कर रहा है। कंपनी को छह महीने चारा आपूर्ति करनी है। इस पर प्राधिकरण करीब पांच करोड़ रुपए खर्च करेगा। अधिकारियों का कहना है कि गोशाला में सभी सुविधाएं दुरुस्त हैं। गोवंश को चारा, पानी आदि देने के लिए कर्मचारी तैनात हैं। चारा आपूर्ति की एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

## घर-घर अक्षत कार्यक्रम के निकाली गयी शोभा यात्रा



**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 22 जनवरी को होने जा रहा है, इस क्रम में ग्रेटर नोएडा में घर-घर अक्षत संग्रह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को सेक्टर डेल्टा-दो मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें सेक्टर की महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अभियान में एकत्रित अन्न को अयोध्या में पहुंचाया जाएगा। इसी क्रम में दनकौर कस्बे में जैन मंदिर चौराहे पर संदीप कुमार के नेतृत्व में राम अन्न कलश एक मुठ्ठी अन्न का हुआ शुभारंभ, जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा।

**NAME CHANGE**

I, Ajay Chauhan S/o Jai Bhagwan R/o H.No. 12, Bharat Ghar Ke Pass, Sector-126, Noida U.P. have changed my name to Ajay Kumar Chauhan for all future purposes.

## गौसेवा कर रोटरी क्लब ग्रीन ने नववर्ष का किया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा नये साल का स्वागत गौसेवा से किया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि क्लब के सदस्यों के सहयोग से श्रीकृष्ण सुदामा गौशाला सेक्टर-146, नोएडा में रह रही 1200 से अधिक गौमाताओं के लिए 100 क्विंटल भूसा, 1 ट्रॉली हरा चारा, 1500 किलो गुड़, 50 बैग चोखर, 50 बैग सरसों की खल, छिलका 60 बैग व वहां सेवा कर रहे 80 सेवादारों के लिए गर्म कपड़े, जुते व कंबल भेंट किये। क्लब अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि गौशाला के संचालक महंत राममंगल दास दिन रात गौमाताओं की सेवा में लगे रहते है। उनके कार्य से क्लब के लोग बेहद प्रभावित है तथा समय समय पर गौशाला पहुंचकर यथासंभव सहयोग



### श्रीकृष्ण सुदामा गौशाला को हर वर्ष रोटरी क्लब गोवंश के लिए करता है सहयोग

करते है। नये वर्ष के पहले दिन क्लब सदस्यो ने परिवार सहित गौशाला में गौमाताओं को गुड़ व चोखर व दलिया आदि खिला कर सुख की अनुभूति की। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अतुल जैन, के के शर्मा, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, बृजमोहन गोयल, अमित गोयल, ऋषि अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अनिल गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, सी.पी. गुप्ता, संजय गर्ग, विजय शर्मा,राहुल शर्मा, रणजीत सिंह, मूलचन्द शर्मा, अंकुर गर्ग, नवीन जिन्दल, अतुल जिन्दल, शौर्य गर्ग, कीर्त गर्ग, धैर्य बंसल, आरभ गोयल व प्रंजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

## नववर्ष पर समोसा पार्टी में डिग्री कॉलेज के बीस अध्यापक हुए फूड प्वाइजनिंग का शिकार

**दनकौर,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में नववर्ष पर समोसा पार्टी कर रहे डिग्री कॉलेज के करीब 20 अध्यापक फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए हैं। अपना उपचार करने के लिए सभी लोग कस्बा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे जहां से उन्हें जिम्स के लिए रेफर कर दिया गया है। कॉलेज के प्राचार्य द्वारा आरोपी मिष्ठान भंडार संचालक के खिलाफकोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं खाद्य विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर अर्चना धीरन का कहना है की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। कस्बा स्थित श्री गुरु द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज के प्राचार्य गिरीश कुमार वत्स ने बताया कि सोमवार को नववर्ष के उपलक्ष में कॉलेज में समोसा पार्टी का आयोजन किया गया था। कस्बा स्थित







रमेश मिष्ठान भंडार से 40 समोसे समेत अन्य सामान मंगाया गया था। आरोप है कि समोसा खाने के बाद कॉलेज के करीब 20 अध्यापक फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गये। उन्होंने बताया कि समोसे में जहरीले जीव निकलने के कारण ही सभी लोग बीमार हुए हैं। प्राथमिक उपचार के लिए सभी अध्यापकों को कस्बा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें जिम्स के लिए रेफर कर दिया गया है। बीमार अध्यापकों में अमित कुमार, अजय, डॉक्टर प्रशांत, महिपाल, डॉक्टर कोकिल अग्रवाल, पुनीत कुमार, मुकुल कुमार शर्मा, डॉक्टर गिरीश कुमार वत्स प्राचार्य, डॉक्टर संगीता रावल, कारण नगर, बिजेंद्र सिंह, अंकित नागत, रणवीर सिंह, ज्ञानप्रकाश, देवानंद, विनीत कुमार, मीनू सिंह आदि शामिल हैं। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। वहीं खाद्य विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर अर्चना धीरन का कहना है कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। मिष्ठान भण्डार से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## जीबीयू में नववर्ष के उपलक्ष्य में न्यूज लेटर का हुआ लोकार्पण

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा विश्वविद्यालय की गतिविधियों को रेखांकित करने लिए विश्वविद्यालय की जीबीयू न्यूज लेटर का लोकार्पण किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए जीबीयू न्यूज लेटर के लोकार्पण में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह न्यूज लेटर विश्वविद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। प्राय: विश्वविद्यालय की गतिविधियाँ सबकी



नजरों में नहीं आ पाती हैं, न्यूज लेटर के माध्यम से अब समस्त गतिविधियों एवं उपलब्धियों को एक साथ देखा जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी एवं शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो.पी. मलकानिया ने इस कदम की सराहना की। न्यूज लेटर की प्रधान संपादिका प्रो. वंदना पाण्डेय ने टीम की कार्य पद्धति पर भरोसा जताया कि भविष्य में यह टीम अपने लक्ष्य में सफल होंगे। 'जीबीयू न्यूज लेटर' के प्रमुख संरक्षक कुलपति प्रो.रवीन्द्र कुमार सिंहा, संरक्षक डॉ. विश्वास त्रिपाठी, मुख्य संपादक प्रो. वंदना पाण्डेय, अंग्रेजी प्रभाग की संपादिका डॉ. बिपाशा सोम तथा हिन्दी प्रभाग की संपादक डॉ. रेनू यादव, डिजाइनिंग राजकुमार, शिक्षणेत्तर सहयोगी अमित हैं। इस कार्यक्रम में सभी संकायों के अधिष्ठातागण, शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रेनू यादव ने किया तथा डॉ. मनमोहन सिसोदिया, डी.एस.ए. जीबीयू के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सैक्टर-केपी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या- 3-P-504, 5th Floor सैक्टर Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, Greater Noida, क्षेत्रफल 172.86 वर्ग मीटर Mr. Purshotam Ram Aggarwal S/o Mr. Kahan Chand Aggarwal & Mrs. Sudershan Aggarwal W/o Mr. Purshotam Ram Aggarwal के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Purshotam Ram Aggarwal S/o Mr. Kahan Chand Aggarwal की मृत्यु दिनांक 09.02.2022 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mrs. Sudershan Aggarwal W/o Late Purshotam Ram Aggarwal) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mr. Purshotam Ram Aggarwal S/o Mr. Kahan Chand Aggarwal के स्थान पर सह आवंटी Mrs. Sudershan Aggarwal W/o Mr. Purshotam Ram Aggarwal ने उक्त भवन पूर्ण रूप से अपने नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

देशबन्धु



# { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 2 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## भाजपा शासन में बेटियों का बुरा हाल

प्रतिष्ठित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में एक छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के जिन तीन आरोपियों को पुलिस ने घटना के दो माह बाद धर दबोचा है, वे तीनों ही भारतीय जनता पार्टी की आईटी सेल के पदाधिकारी निकले। उन्होंने पहली नवम्बर की रात एक छात्रा के साथ बंदूक की नोक पर इस कृत्य को अंजाम दिया था। घटना में उनकी संलिप्तता पाये जाने के बाद भाजपा ने चाहे तीनों को पार्टी से निष्कासित कर दिया हो, तो भी यह साबित हो जाता है कि पार्टी के साथ काम करने वाले चाहे जितनी चरित्र और जीवन मूल्यों की बात करें, उनकी चाल, चेहरा और चरित्र एकदम विपरीत है। ये तीनों वाराणसी आईटी सेल के पदाधिकारी हैं जिनका काम पार्टी की नीतियों व कायक्रमों का प्रचार करना होता है। भाजपा के लोगों के जिस प्रकार से अलग-अलग अपराधों में हाथ पाये जा रहे हैं, उससे साफ है कि पार्टी ऐसे लोगों की शरणस्थली बन गई है।

लंका पुलिस थाना अधिकारियों के मुताबिक जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनके नाम हैं- कुणाल पांडेय, आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल। कुमार आईटी सेल का संयोजक है तो सक्षम सह संयोजक। आनंद भी इन दोनों का सहयोगी बताया गया है। घटना की रात बीएचयू महिला छात्रावास की एक छात्रा रात को घूमने निकली तभी तीनों उसके मुंह को दबाकर एक कोने में ले गये। बंदूक दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसका फोन भी उन्होंने छीन लिया और शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी शिनाख्त हुई जो बुलेट पर सवार होकर आये थे।

तीनों आरोपियों के सोशल मीडिया पर उनके फोटो जिन बड़े लोगों के साथ वायरल हो रहे हैं उनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आदि हैं। वाराणसी मोदी की लोकसभा सीट है। इस नाते देखना यह है कि क्या 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' का नारा देने वाले मोदी इस बाबत क्या करते हैं। ऐसे ही, कोर्ट के जरिये दोष सिद्धि के पूर्व बेहद तत्परता से आरोपियों के घरों, दुकानों यहां तक कि पूरी बस्तियों पर भी बुलडोज़र चलाने वाले आदित्यनाथ इन पर वैसे ही कहर बरपाते हैं या नहीं, जैसे कि वे भाजपा विरोधियों पर बरपाते हैं। हालांकि सभी जानते हैं कि ऐसा कतई नहीं होगा क्योंकि इस देश में दो तरह के कानून चलते हैं- पहला भाजपा विरोधियों के लिये और दूसरा भाजपा समर्थकों के लिये। विरोधियों के खिलाफ आरोप लगना ही कार्रवाई के लिये काफी होता है जबकि समर्थकों के दोष साबित हो जाने के बाद भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई होनी तो दूर, उन्हें बचाये जाने की कोशिशें भी आखिरी दम तक होती हैं। हाथरस, उन्नाव से लेकर लखीमपुर खीरी तक के मामले बताते हैं कि बलात्कार हो या हत्याएं- भाजपायियों के लिये सब कुछ जायज है। प्रशासन भी उन्हें हाथ लगाने की जुर्रत नहीं करता। इस मामले में सम्भवत: आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य बहुत ही मजबूत रहे होंगे इसलिये पुलिस को भी कार्रवाई करनी पड़ी होगी। अब देखना तो यह है कि क्या कोर्ट में इनके खिलाफ आरोप साबित हो सकेंगे या ये वैसे ही निकल आयेंगे जिस प्रकार से देश में हुए कुछ अन्य मामलों में आरोपी साफ बच निकले हैं।

इस वारदात से कई प्रश्न भी खड़े होते हैं। पहली बात तो यह कि योगी बार-बार दावा करते रहे हैं कि उनके प्रदेश में कानून का इतना डर है कि कोई भी महिला गहनों से लदकर आधी रात को अकेली स्कूटी पर घूम सकती है। कोई असामाजिक तत्व उसकी ओर आंखें उठाकर भी नहीं देख सकता। योगी यह भी दावा करते हैं कि अपराधी उनके राज्य से निकल भागे हैं। बीएचयू परिसर तो वैसे भी सुरक्षित माना जाता रहा है क्योंकि उसमें कुलपति का सीधा नियंत्रण होता है। देश भर से बड़ी संख्या में आई लड़कियां यहां पढ़ती हैं। छात्रावासों में कुलपति, अधीक्षकों एवं प्रोक्टरों की बनाई सुरक्षा व्यवस्था में भरोसा कर वे अपना भविष्य बनाने में जुटी रहती हैं। वर्षों से यह व्यवस्था बनी हुई थी, परन्तु देखा यह गया है कि पिछले 8-9 सालों में बीएचयू समेत देश के ज्यादातर श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में सरकार की दखलंदाजी बढ़ी है। भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़े कुलपति, कुलसचिव और प्रोफेसर-डीन के हाथों में पूरा प्रशासन आ गया है। साथ ही, इसी विचारधारा के छात्र इन परिसरों का वातावरण दूषित कर रहे हैं। उन्हें पूरा संरक्षण विवि प्रशासन से तो मिलता ही है, स्थानीय पुलिस भी मददगार होती है। पहले बाहरी तत्व परिसरों में मटरगश्ती करने की हिमाकत नहीं कर पाते थे। अब उनका न सिर्फ सीधा प्रवेश हो गया है वरन उन्हें मनमर्जी व्यवहार करने की भी आजादी है। इससे सिर्फ लड़कियां नहीं बल्कि भाजपा विरोधी विचारधारा का समर्थन करने वाले छात्र-छात्राएं भी असुरक्षित महसूस करने लगी हैं। पहले ये विश्वविद्यालय वैचारिक विभिन्नता और अलग-अलग विचारों की अभिव्यक्ति के केन्द्र माने जाते थे। अब ऐसा नहीं है। साथ ही, जिस विचारधारा के साथ ये आरोपी संलग्न हैं, वे मत विभिन्नता में विश्वास तो करते ही नहीं, महिलाओं के पढ़ने-लिखने, उनकी आजादी व सशक्तिकरण के भी खिलाफ हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा शासित राज्य महिला उत्पीड़न एवं अपराधों के मामलों में काफी ऊपर हैं। इसका कारण यही है कि अपराधी देखते हैं कि किस प्रकार से पार्टी व सरकार अपने से जुड़े लोगों को बचाती है। इससे महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ते हैं तो यह स्वाभाविक है।

# बाबरी ध्वंस से राममंदिर : भारतीय राजनीति की बदलती दशा और दिशा

स्वाधीन होने के बाद भारत ने जो दिशा और राह चुनी, उसकी रूपरेखा जवाहरलाल नेहरु के 'ट्रिस्ट विथ डेस्टिनी' भाषण में थी। नेहरु ने कहा, 'भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-लाख पीड़ितों की सेवा। भारत की सेवा का अर्थ है निर्धनता, अज्ञानता, रोग और अवसर की असमानता को समाप्त करना... हमारी पीढ़ी के महानतम व्यक्ति की अभिलाषा तो यही है कि हर आंख से हर आंसू पोछा जाए। यह हमारे बस की बात न भी हो, तब भी, जब तक आंसू हैं और पीड़ा है, हमारा काम ख़त्म नहीं होगा।'

और इसी सन्दर्भ में उन्होंने भाखडा नंगल बांध का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में आधुनिक भारत के मंदिरों की बात कही। 'हिंदुस्तान टाइम्स' अख़बार ने लिखा, 'अत्यंत भावपूर्ण शब्दों में प्रधानमंत्री ने इन स्थानों को मंदिर और आराधना स्थल बताया जहां हजारों लोग, अपने दसियों लाख बंधुओं के कल्याण की खातिर एक बड़ी रचनात्मक गतिविधि में रत हैं।'

'आधुनिक भारत के मंदिर' - यह वाक्यांश उस थीम को अपने में समेटे हुए था जो सार्वजनिक क्षेत्र की परिकल्पना का आधार थी और जिस थीम के भाग के रूप में वैज्ञानिक समझ को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की गयी, अस्पताल बनाए गए और संस्कृति के उन्नयन के लिए विभिन्न अकादमियों का गठन किया गया। 'आधुनिक मंदिरों' के निर्माण का सिलसिला करीब चार-पांच दशक तक चलता रहा।

सन् 1980 के दशक में इस प्रक्रिया को पलट दिया गया। इस दशक में अल्पसंख्यकों की खातिर शाहबानो फैसले को पलटने के सरकार के निर्णय से विघटनकारी राजनीति के एक लम्बे दौर की शुरुआत हुई। सांप्रदायिक ताकतों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ प्रचार युद्ध छेड़ दिया। इसके साथ ही, पिछड़ों और दमितों के कल्याण के लिए सकारात्मक कदम के रूप में मंडल आयोग की रपट लागू करने के निर्णय ने मंदिर राजनीति, जो पहले से ही हिन्दू राष्ट्रवादियों के रणनीतिक एजेंडा का हिस्सा थी, को जबरदस्त बल दिया।

नेहरु के 'आधुनिक भारत के मंदिरों' का निर्माण करने की बजाय, मस्जिदों के नीचे मंदिर खोजे जाने लगे। बाबरी मस्जिद को लेकर खड़ा किया गया विवाद, इसी अभियान का हिस्सा था। सन् 1980 में संघ परिवार में एक नए सदस्य का जन्म हुआ। वह सदस्य थी भाजपा। कुछ दिन तक यह नई पार्टी गांधीवादी समाजवाद में आस्था रखने का नाटक करती रही। इसका नेतृत्व नर्म नेता का मुखौटा पहने अटलबिहारी वाजपेयी की हाथ में था। वाजपेयी संघ की विचारधारा में पूर्ण आस्था रखते थे। 'हिन्दू तन मन, हिन्दू जीवन', उन्होंने अपने बारे में लिखा था। लेकिन उन्होंने बड़ी सफाई से अपने असली हिन्दू राष्ट्रवादी चेहरे को ढंक कर रखा। बाद में उनकी जगह लालकृष्ण आडवाणी ने ले ली। आडवाणी ने 'मंदिर वहीं बनाएंगे' का नारा बुलंद किया।

संघ परिवार लोगों को यह समझाने में सफल रहा कि भगवान राम का जन्म ठीक उसी स्थान पर हुआ था जहां बाबरी मस्जिद थी। मंडल आयोग की रपट के लागू होने से राम रथयात्रा को और ताकत मिली। यात्रा अपने पीछे खून की एक गहरी रेखा छोड़ती गई। सन् 1990 के आसपास, देश के विभिन्न हिस्सों में इस यात्रा के गुजरने के बाद हुई हिंसा में करीब 1,800 लोग मारे गए। लालूप्रसाद यादव द्वारा आडवाणी की गिरफ़्तारी के साथ यह यात्रा समाप्त हो गई।



राम पुनियानी

> यह वह समय है जब हमें नेहरु के 'आधुनिक भारत के मंदिरों' की संकल्पना और वैज्ञानिक समझ के विस्तार और विकास के प्रयासों को याद करना चाहिए। इस समय धार्मिकता और अंधश्रद्धा को जबरदस्त बढ़ावा दिया जा रहा है। जब हमनें औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों को तोड़ा था, तब हमने यह संकल्प लिया था कि 'अंतिम पंक्ति का अंतिम व्यक्ति' हमारा फोकस होगा। परन्तु आज राजनीति अयोध्या के राममंदिर के आसपास घूम रही है।

सन् 1992 के छह दिसंबर को चुने हुए कारसेवकों ने बाबरी मस्जिद को ज़मींदोज़ कर दिया। उन्हें बाकायदा इसका प्रशिक्षण दिया गया था और उन्होंने इसकी रिहर्सल भी की थी। जिस समय मस्जिद तोड़ी जा रही थी, मंच पर आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और उमा भारती भी थे। मंच से 'एक धक्का और दो, बाबरी मस्जिद तोड़ दो' और 'ये तो केवल झांकी है, काशी, मथुरा बाकी है'- जैसे नारे लगाए जा रहे थे। बाबरी मस्जिद के गिराए जाने के बाद मुंबई, भोपाल, सूरत और कई अन्य शहरों में भयावह सांप्रदायिक हिंसा हुई। और अंतत: हमारी न्याय प्रणाली ने हिन्दू राष्ट्रवादी ताकतों के समक्ष समर्पण करते हुए इस मामले का निर्णय 'आस्था' के आधार पर सुना दिया। फैसले में उन लोगों के नाम लिए गए जिन्होंने मस्जिद के ध्वंस का नेतृत्व किया था मगर उन्हें उनके अपराध की कोई सज़ा नहीं दी गई। न्यायपालिका ने मस्जिद की पूरी जमीन 'हिन्दू पक्ष' को दे दी।

अपनी इस सफलता से आल्हादित संघ परिवार ने देश से और विदेशों से भी भारी धनराशि एकत्र की और उससे बना भव्य राममंदिर अब तैयार है। इसका उद्घाटन पूरे हिन्दू कर्मकांडों के साथ स्वयं प्रधानमंत्री करेंगे। औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्ष सरकार के मुखिया के हाथों यह मंदिर जनता के लिए खुलेगा। जब तक बाबरी मस्जिद थी, तब तक वह भाजपा के चुनाव अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करती थी। उसके बाद से 'भव्य राममंदिर' का निर्माण पार्टी के चुनाव घोषणापत्रों और वायदों का अहम हिस्सा रहा है। गुज़रे सालों में मुसलमान अपने मोहल्लों में सिमट गए हैं, देश का सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण हुआ है और भाजपा की चुनावी ताकत में ज़बरदस्त वृद्धि हुई है।

वर्तमान स्थिति का सारगर्भित वर्णन लेखक ए.एम. सिंह ने इन शब्दों में किया है: 'सत्ता में आने के बाद से, भाजपा के राजनैतिक आख्यान ने हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाया है। और भाजपा सरकार ने इसी दिशा में कई कदम भी उठाए हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किया गया और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पारित किया किया... भारत की नागरिकता को हिंदुत्व के सिद्धांतों के आधार पर पुनर्परिभाषित कर, भाजपा सरकार ने हमारे संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता के मूल्य के भविष्य और उसकी विरासत को किरच-किरच कर दिया है।' अपने मोहल्लों में सिमटे मुसलमान, समाज के हाशिये पर धकेल दिए गए हैं। उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है।

मंदिर के उद्घाटन के मौके का इस्तेमाल हिन्दुओं को गोलबंद करने के लिए किया जा रहा है। अमेरिका और अन्य देशों में अप्रवासी भारतीय इससे जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। देश के भीतर, आरएसएस और उसके परिवार के सदस्य हिन्दुओं को इस बात के लिए प्रेरित कर रहे हैं कि या तो वे नए मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में जाएं या उस दिन स्थानीय मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना करें।

इस समारोह में किसे आमंत्रित किया गया है और किसे नहीं, इसको लेकर भी कुछ विवाद सामने आये हैं। पहले मंदिर ट्रस्ट ने बाबरी मस्जिद के ध्वंस के मुख्य आर्किटेक्ट अडवाणी और उनके नजदीकी सहयोगी मुरली मनोहर जोशी से कहा कि- इन दोनों नेताओं की उम्र और अयोध्या में उस समय जबरदस्त ठण्ड पड़ने की सम्भावना के चलते उन्हें कार्यक्रम में नहीं आना चाहिए। बाद में शायद इस मसले पर पुनर्विचार हुआ और विहिप ने दोनों को आमंत्रित किया।

बाबरी मस्जिद के ध्वंस ने फिरकापरस्त ताकतों को सत्तासीन किया और अब मंदिर के उद्घाटन का उपयोग ध्रुवीकरण को और गहरा करने और उससे चुनावों में लाभ लेने के लिए किया जा रहा है। लोगों को अयोध्या ले जाने के लिए बड़ी संख्या में विशेष रेलगाड़ियों और बसों का इंतजाम हो रहा है।

यह वह समय है जब हमें नेहरु के 'आधुनिक भारत के मंदिरों' की संकल्पना और वैज्ञानिक समझ के विस्तार और विकास के प्रयासों को याद करना चाहिए। इस समय धार्मिकता और अंधश्रद्धा को जबरदस्त बढ़ावा दिया जा रहा है। जब हमनें औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों को तोड़ा था, तब हमने यह संकल्प लिया था कि 'अंतिम पंक्ति का अंतिम व्यक्ति' हमारा फोकस होगा। परन्तु आज राजनीति अयोध्या के राममंदिर के आसपास घूम रही है। और उसके बाद, काशी और मथुरा तो बाकी हैं ही। ऐसा में 'अंतिम व्यक्ति' की किसे चिंता है? नेहरु ने 'ट्रिस्ट विथ डेस्टिनी' में जो वायदे किये थे, वे सब भुला दिए गए हैं। और देश की हर समस्या, हर असफलता के लिए नेहरु को ज़िम्मेदार बताया जा रहा है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

# कम नहीं है समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका

■ निशा दानू

वर्ष 2023 राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण से भारत के लिए ऐतिहासिक रहा है। धरती से लेकर अंतरिक्ष तक भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। लगभग हर क्षेत्र में भारत पहले से बदल गया है। लेकिन अगर किसी चीज़ में बदलाव नहीं आया है, तो वह है महिलाओं और किशोरियों के प्रति समाज की सोच में बदलाव। भले ही 21वीं सदी का लगभग एक चौथाई हिस्सा गुजरने को है, लेकिन महिलाओं और किशोरियों के प्रति पुरुषसत्तात्मक समाज अपनी सोच को बदलने के लिए तैयार नहीं है। वह आज भी परंपरा और संस्कृति के नाम पर उन्हें चारदीवारी के पीछे खड़ा देखना चाहता है। भले ही शहरी क्षेत्रों में ऐसी सोच अब कम होने लगी है।

लेकिन ग्रामीण भारत की सामाजिक स्थिति में ज़्यादा बदलाव नहीं आया है। यहां समाज आज भी महिलाओं और किशोरियों के प्रति वही पुरानी सोच का हिमायती है जहां वह उन्हें सामाजिक बेड़ियों में ही बंधे देखना चाहता है। शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में जहां परिवर्तन आने लगा है लेकिन देश के दूरदराज़ ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक ताने-बाने में बहुत अधिक बदलाव नहीं आया है। इसकी एक मिसाल पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का दूरदराज़ गांव जगथाना है। कपकोट ब्लॉक से करीब 30 किमी और जिला बागेश्वर से करीब 35 किमी दूर यह गांव सामाजिक और आर्थिक रूप से पीछे रहने के साथ-साथ वैचारिक रूप से भी पिछड़ा हुआ है। इस गांव में आज भी महिलाओं को अपनी मर्ज़ी से जीने का अधिकार नहीं है। जहां लड़कों को वंश का उत्तराधिकारी तो लड़कियों को बोझ समझा जाता है।

> किशोरियों को भी उचित मंच दिया जाए तो वह बखूबी अपनी आवाज़ बुलंद कर सकती हैं। इसका उदाहरण शहरी क्षेत्र है जहां किशोरियां विकास के हर क्षेत्र में बराबर का योगदान दे रही हैं। ऐसे में ज़रूरी हो जाता है कि ग्रामीण समाज किशोरियों के प्रति अपनी संकुचित मानसिकता से बाहर निकले और लड़कियों को भी पढ़ने-लिखने से लेकर अपने फैसले खुद करने की आज़ादी दे।

इन क्षेत्रों में महिला समानता से अधिक रूढ़िवादी धारणाएं हावी हैं। लड़कियों की तुलना में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। उसके लिए शिक्षा के विशेष प्रयास किये जाते हैं, जबकि लड़कियों के सपनों को घर की चारदीवारियों तक सीमित कर दिया जाता है। उसे पढ़ाई करने के लिए भी स्कूल कम ही भेजा जाता है जबकि लड़कों की शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। हालांकि नई पीढ़ी की किशोरियां अब इस सोच पर सवाल उठाने लगी हैं। इस संबंध में गांव की एक 16 वर्षीय किशोरी पूजा प्रश्न करती है कि आखिर एक महिला को उसके अधिकारों से वंचित क्यों रखा जाता है? लड़कियों को पढ़ने और आगे बढ़ने से क्यों रोका जाता है? समाज उसे बोझ क्यों समझता है? जबकि समाज निर्माण में उसकी भूमिका पुरुषों से कहीं अधिक होती है? लड़के से वंश आगे बढ़ाने का सपना देखने वाला यही समाज भूल जाता है कि उस वंश की नींव एक औरत ही रखती है। इसके बावजूद समाज लड़कियों को बोझ समझता है और उसे कोख में ही मार देना चाहता है?

सिर्फ इतना ही नहीं जाति, समुदाय और रंग के आधार पर भी लड़कियों के साथ भेदभाव किया जाता है। शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले स्कूल में लड़कियों को प्रोत्साहित करने की जगह उसका मनोबल तोड़ा जाता है। स्कूल के वार्षिक समारोह में मंच पर भाषण देने के लिए शिक्षक लड़कियों से अधिक लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। उनकी संकुचित सोच होती है कि लड़कों की तुलना में लड़कियां बोल नहीं सकती हैं, अपनी बात नहीं रख सकती हैं। जबकि हकीकत इसके विपरीत होता है। यदि लड़कियों का उत्साहवर्धन किया जाए तो वह पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकती हैं लेकिन घर से लेकर स्कूल और समाज तक उसके मनोबल को केवल लड़की होने के नाम पर तोड़ा जाता है। इस संबंध में गांव की एक 52 वर्षीय महिला महादेवी कहती हैं कि वह लड़कियों के आगे बढ़ने और उनके आत्मनिर्भर बनने की पक्षधर हैं, लेकिन किशोरियों के प्रति समाज की बेतुकी बातें उनका मनोबल तोड़ देती हैं और वह चाह कर भी अपनी बेटियों का हौसला बढ़ा नहीं पाती हैं। वहीं 40 वर्षीय रेवती देवी कहती हैं कि सरकार ने लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए अवसरों का द्वार खोल दिया है, लेकिन ग्रामीण समाज की नकारात्मक सोच लड़कियों को आगे बढ़ने में बाधा बन जाती है।

रेवती देवी की बातों का समर्थन करते हुए 42 वर्षीय शांति देवी कहती हैं कि ग्रामीण समाज को लगता है कि किशोरियों का पढ़-लिख कर आत्मनिर्भर बनना और सही-गलत के फैसले पर आवाज़ उठाना दरअसल उनका सर चढ़ना और मनमानी करना है जो समाज के हित में नहीं होगा। लेकिन यही काम यदि लड़के करें तो समाज को इस पर कोई आपत्ति नहीं होती है। वहीं एक अन्य महिला मालती देवी कहती हैं कि समाज किशोरियों को पढ़ाने में इसलिए भी ज़्यादा रुचि नहीं रखता है क्योंकि शिक्षा पर खर्च करने के बाद भी उसके दहेज़ में पैसे खर्च होते हैं। ऐसे में वह लड़की को शिक्षित करने की जगह गृहस्थी के कामों को सीखने पर अधिक ज़ोर देता है। वहीं 38 वर्षीय निर्मला देवी कहती हैं कि ग्रामीण समाज में लड़कियों को शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनने का ख्वाब देखने की आज़ादी तो मिल सकती है, लेकिन उसे पूरा करने की छूट नहीं मिलती है। जागरूकता के अभाव में आज भी ग्रामीण समाज किशोरियों के प्रति संकुचित मानसिकता का ही पक्षधर होता है। वह कहती हैं कि यह किसी एक परिवार या जाति की सोच नहीं बल्कि जगथाना गांव के उच्च हो या निम्न समुदाय, किशोरियों और महिलाओं के प्रति सभी की सोच एक जैसी है। जिसे समाप्त करने की ज़रूरत है।

ऐसा नहीं है कि पितृसत्तात्मक समाज में किशोरी शिक्षा के प्रति नकारात्मक सोच केवल पुरुषों की है, बल्कि जागरूकता के अभाव में कई महिलाएं भी लड़कियों की शिक्षा के प्रति उदासीन नज़र आती है। गांव की 48 वर्षीय चंपा देवी कहती हैं कि आखिर लड़कियों को इतना पढ़ा-लिखा कर क्या करना है? एक दिन तो उन्हें पराया घर जाकर खाना ही पकाना है। ऐसे में अच्छा है कि हम उनकी शिक्षा पर खर्च करने से अधिक उनकी दहेज़ पर पैसा खर्च करें। वह जितना अधिक दहेज़ लेकर जाएंगी, ससुराल में उनका मान उतना ही बढ़ेगा। दरअसल चंपा देवी की यह सोच किशोरियों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच को उजागर करता है। जिसे बदलने की ज़रूरत है। समाज को इस बात के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है कि सभ्य समाज के निर्माण में लड़कियों की लड़कों के बराबर भूमिका है। इससे न केवल विकास में संतुलन पैदा होता है बल्कि यह महिला हिंसा को भी ख़त्म करता है। यदि किशोरियों को भी उचित मंच दिया जाए तो वह बखूबी अपनी आवाज़ बुलंद कर सकती हैं। इसका उदाहरण शहरी क्षेत्र है जहां किशोरियां विकास के हर क्षेत्र में बराबर का योगदान दे रही हैं। ऐसे में ज़रूरी हो जाता है कि ग्रामीण समाज किशोरियों के प्रति अपनी संकुचित मानसिकता से बाहर निकले और लड़कियों को भी पढ़ने-लिखने से लेकर अपने फैसले खुद करने की आज़ादी दे।

## पावन प्रसंग

### अंधविश्वास को त्यागें

अंधविश्वास की जब बात होती है या अज्ञानग्रस्त, अशिक्षित और भावुक लोगों में ही पाई जाने वाली प्रवृत्ति है, परंतु जब से शिक्षा और ज्ञान का प्रसार हुआ है, लोग शिक्षित हुए हैं, और बुद्धिजीवियों की संख्या भी बढ़ी है तो होना यह चाहिए था कि इस प्रकार की घटनाओं में कमी आए, लेकिन प्राय: कई अवसरों पर देखा जाता है कि प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी कहे जाने वाले, तर्क और विचारशीलता की दुनिया में जीने वाले व्यक्ति भी किसी के छींक देने या कुत्तों के कान फटफटा देने पर ठिठक जाते हैं और आवश्यक कार्य के लिए भी आगे बढ़ना रोक देते हैं। स्वाभाविक और प्राकृतिक घटनाओं के पीछे गंभीर कारण खोजने और उनका संबंध अपने कार्यों की सफलता या असफलता से जोड़ने की प्रवृत्ति सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों में पाई जाए तो अशिक्षा और अज्ञान इसका कारण कहा जा सकता है, परंतु पढ़े-लिखे और शिक्षित व्यक्ति भी कौए के सिर या कंधे पर बैठने से अपनी मृत्यु का पूर्वाभास करने लगें तो उसे क्या कहा जाना चाहिए?

इस वृत्ति को क्या कहा जाए? अंधविश्वास की व्यापकता और इनके मानने वालों की संख्या तथा उनके बौद्धिक स्तर कोस देखा जाए तो यही कहा जा सकता है कि यह मानसिक पिछड़ेपन का नहीं, कुछ मानसिक विकृतियों का परिणाम है जो शताब्दियों से हमारी मनोभूमि पर राज्य करती रही है। वे इतनी पैनी, तीक्ष्ण है कि उन्होंने हावी होते ही विचारों और भावों से भी गहरे तल पर संस्कार भूमि में अपनी जड़ें जमा ली हैं। इन संस्कारों को परिष्कृत और परिमार्जित किया जाए तो अंधविश्वास के घातक पापों से बचा जा सकता है। अंधविश्वास को आध्यात्मिक दासता के अर्थों में लिया जा सकता है। समग्र धर्म और अध्यात्म का ढांचा इसीलिए खड़ा किया गया है कि व्यक्ति अबनी समग्र व संपूर्ण सत्ता का साक्षात्कार कर सके, जो अपने आप में पूर्ण समर्थ है। उस मार्ग पर पथभ्रष्ट हुए लोग आध्यात्मिक दृष्टि से निर्बल आस्था के होते हैं। वे अपनी सफलता-असफलता के लिए बाहरी कारणों का आधार खोजते हैं, जबकि ऐसा संभव नहीं है।

बाहरी कारणों का आधार खोजना ईश्वर के प्रति निर्बल आस्था का परिणाम है, क्योंकि जो व्यक्ति सच्चे अर्थों में आस्तिक और ईश्वर में विश्वास होगा वग निश्चित रूप से नीति-नियमों और मर्यादाओं के प्रति भी श्रद्धावान होगा। परिश्रमशीलता, लगन, निष्ठा व तन्मयता की सफल पद्धति से सफलता के लिए उद्योग करने वाले को निश्चित ही अपना प्राप्तव्य हस्तगत होगा। जो इन आदर्शों के प्रति अपनी मनोभूमि में थोड़ी भी कमजोर श्रद्धा रखेगा, वह नास्तिक ही कहा जाएगा। अंधविश्वास की अनर्थकारी प्रवृत्ति मनोवृत्ति का उन्मूलन करने के लिए विचार और भावभूमि से भी अधिक गहरे तली तक संस्कारों तक पहुंचना आवश्यक है और संस्कारों को प्रभावित करने के लिए ऐसे तीक्ष्ण संकल्प ही समर्थ है जो विचार और भावों को वेध सकें। अंधविश्वास को प्रच्छन्न नास्तिकता मानकर आस्तिकता और ईश्वरविश्वास का संकल्प उन अंधविश्वासी संस्कारों को प्रभावित करने में सक्षम ही है। विवेकशीलता का तकाजा है कि अंधविश्वास को जीवन और समाज के हर क्षेत्रसे निरस्त कर स्वस्थ मान्यताओं, आदर्श परंपराओं को प्रतिष्ठित किया जाए। इसके लिए बुद्धिजीवियों को आगे आने की तत्परता दिखानी चाहिए।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### तन-मन स्वस्थ रख नव वर्ष का आगाज करें

नव वर्ष 2024 का आगमन हो चुका है, आप सभी को अनंत शुभकामनाएं। अब हमारा कर्तव्य बन जाता है कि तन मन धन को स्वस्थ रख एक सशक्त ऊर्जावान शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण करने में अपना समग्र योगदान प्रदान करें। मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठाग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाना की ओर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार, 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55फीसदी हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य ींगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुत: सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलत: स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वत: दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है तन-मन स्वस्थ रख नव वर्ष का आगाज करें।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## सीरिया पर इजरायल के हमलों के खिलाफ कार्रवाई करें यूएन : ईरान

**नई दिल्ली।** सीरिया में शीर्ष इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर की हत्या के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा, ईरान के प्रतिनिधि कार्यालय के माध्यम से हमने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के साथ बातचीत की। सुरक्षा परिषद से अंतरराष्ट्रीय शांति बनाए रखने और क्षेत्रीय शांति से समझौता करने से रोकने के अपने कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया।

# पिछले सप्ताह एक सौ से अधिक फिलिस्तीनी आतंकवादी मारे गए : नेतन्याहू

**यरुशलेम,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि पिछले सप्ताह में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक सौ से अधिक फिलिस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया था। श्री नेतन्याहू ने तेल अवीव में किर्या सैन्य अड्डे पर रविवार को बैठक ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, पिछले सप्ताह उन्होंने (सैनिकों ने) एक सौ से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। इस दौरान, एक दिन में 12 से अधिक आतंकवादी मारे गए। हम हमास को खत्म कर देंगे, अपने बंधकों को वापस लाएंगे और युद्ध जीतेंगे। वहीं, आईडीएफ के बयान के अनुसार इजरायली सैनिक दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस में कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। सैनिक बुनियादी ढांचे का पता लगाने और उन्हें



नष्ट करने तथा नजदीक के युद्ध परिदृश्यों में फिलिस्तीनी आतंकवादियों को मारने के लिए बख्तरबंद, इंजीनियरिंग और वायु सेना इकाइयों

**हम हमास को खत्म कर देंगे, अपने बंधकों को वापस लाएंगे और युद्ध जीतेंगे: बेंजामिन नेतन्याहू, प्रधानमंत्री इजरायल**

के साथ संचालन का समन्वय कर रहे हैं। इज़रायल के सरकारी प्रेस कार्यालय के एक बयान के अनुसार, सरकार ने रविवार को सर्वसम्मति से स्थानीय चुनावों को 27 फरवरी, 2024 तक स्थगित करने के आदेश पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी। ये चुनाव गत वर्ष अक्टूबर में होने वाले थे। आईडीएफ डेटा का हवाला देते हुए बयान में बताया गया कि स्थगन इसलिए किया गया क्योंकि 688 रिजर्विस्ट (जिन्हें छुट्टी नहीं दी जा सकती) 144 स्थानीय अधिकारियों के साथ कार्य में जुटे हैं।

## गाजा में बढ़ते अपराध लोगों के दैनिक जीवन पर हावी : रियाद

**गाजा।** नए साल के मौके पर फिलिस्तीनी विदेश मंत्री डॉ रियाद अल मलिकी ने कहा कि इजरायल और गाजा के बीच हुए नरसंहार, फिलीस्तीन का विनाश और विस्थापन यहां के लोगों के दैनिक जीवन पर हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हत्याएं, विनाश, विस्थापन, भुखमरी, महामारी का प्रसार, आक्रमण, गिरफ्तारियां और यातनाएं, जो सभी जातीय सफाए के अपराध हैं। फिलिस्तीनी नागरिकों के दैनिक जीवन पर हावी हो रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 2024 वह वर्ष होगा, जब फिलिस्तीनी लोग आत्मनिर्णय की वापसी के लिए अपने उचित और वैध राष्ट्रीय अधिकार प्राप्त करेंगे। पूर्वी यरुशलेम को अपनी राजधानी के रूप में जमीन पर फिलिस्तीनी राज्य को प्राप्त करेंगे। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त फ़िलिपो ग्रांडी ने 2024 में 'सभी के लिए राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के साथ शांति' की आशा व्यक्त की है। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में शांति की कामना की जा सकती है। उन्होंने कहा, उन लोगों के लिए न्यायसंगत होना चाहिए, जिन्होंने अपने घर खो दिए।

# अमेरिका ने उसके 10 लड़ाकों को मार दिया : हउती समूह

**सना,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। यमन के हउती समूह ने सोमवार को कहा कि लाल सागर में अमेरिकी नौसैनिक बलों ने उसके 10 लड़ाकों को मार डाला है। इस घटना के समनय लड़ाके अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में एक वाणिज्यिक जहाज का अपहरण करने की कोशिश कर रहे थे।

हउती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने समूह के न्यूज चैनल अल-मसीरा को बयान में बताया कि अमेरिकी सेना ने हउती विद्रोहियों की तीन नावों पर उस वक्त हमला किया, जब उनके लड़ाकू 'फिलिस्तीनी लोगों के प्रति एकजुटता और समर्थन में इजरायल से संबंधित जहाजों को लाल सागर से गुजरने से रोकने के लिए अपने मानवीय और नैतिक कर्तव्य का पालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इस अपराध के परिणामों को भुगतना होगा। हउती अधिकारी ने कहा कि विद्रोही समूह ने मालवाहक जहाज को उपयुक्त नौसैनिक मिसाइलों से निशाना बनाया, लेकिन यह जानकारी नहीं दी कि मिसाइलें



■ अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में एक वाणिज्यिक जहाज का अपहरण करने की कोशिश कर रहे थे लड़ाके

लक्ष्य पर लगीं या नहीं। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसके नौसैनिक बलों ने लाल सागर में एक व्यापारी नाव से हउती हमले की जानकारी के बाद जवाबी कार्रवाई की, जिसके कारण हउती की तीन नौकाएं डूब गईं और उनके सभी चालक दल मारे गए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, सिंगापुर के झंडे वाले कंटेनर जहाज मेर्स्क हांग्जो ने 24 घंटे से भी कम समय में दूसरी संकट कॉल जारी की, जिसमें चार ईरानी समर्थित हउतरी छोटी नौकाओं द्वारा हमला किए जाने की सूचना दी गई।

## सुडोकू 6424

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | 6 | | | 5 | 9 |
| 8 | 6 | | | | | | | |
| 2 | | | | | 1 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | | 1 | 6 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 2 | 7 |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 5 |
| | | | 7 | | 9 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6424



**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में एक कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियांकाटकरजीवनयापनकरने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहन, श्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

## वर्ग पहेली-6423

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | जा | २ त | श | ३ त्रु | ■ | ४ ध | र्म | ५ रा | ज |
| नि | ■ | र | ■ | ६ टि | क | ना | ■ | जि | ■ |
| ७ वा | जि | ब | ■ | ही | ■ | त्म | ■ | ८ त | ९ य |
| र्य | ■ | त | ■ | १० न | र्त | क | ■ | ■ | दि |
| ■ | ११ प | र | १२ ख | ■ | ■ | ■ | १३ ज | खी | रा |
| ■ | गा | ■ | दि | ■ | १४ सं | ग्र | ह | ■ | पा |
| १५ स | र | १६ का | र | ■ | क | ■ | १७ र | १८ स | न |
| र्व | ■ | र | ■ | १९ अ | ल्प | २० ना | ■ | लि | ■ |
| २१ प | रा | ग | ■ | र्च | ■ | २२ म | त | ल | २३ ब |
| ल्ली | ■ | २४ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 2 जनवरी, 2024 पौष कृष्ण पक्ष 6

### राशिफल

मेष -आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर अंकुश रखने की आवश्यकता है। आप परिश्रम करेंगे, लेकिन उसका उचित फल नहीं मिलने से निराशा का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृषभ -आज आपको बहुत से काम में सफलता मिलेगी। आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में बनी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान के पीछे अधिक पैसे खर्च होगा।

मिथुन -दिन का आरंभ ताजगी से भरा होगा। आपकी किस्मत आपका साथ देगी। सतत बदलते विचार से निर्णय लेने में अस्वस्थता महसूस कर सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे।

कर्क -आज आपको मानसिक भय परेशान करेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव हो सकता है। आपका अभिमान किसी के दिल को चोट पहुंचा सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

सिंह -आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आप तेजी से निर्णय लेकर प्रगति की ओर बढ़ेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपके उग्र व्यवहार और वाणी के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पिता या बुजुर्ग से कोई लाभ होगा।

कन्या -शारीरिक तथा मानसिक रुप से आपको बेचैनी रहेगी। आपके इगो के कारण किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अचानक गलत जगह धन खर्च हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी।

तुला -आपके वैवाहिक जीवन में सुख- शांति रहेगी और आय में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल रहेगी। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। परिजनों और मित्रों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृश्चिक -आपका सभी काम सफलतापूर्वक पूरा होंगे। वैवाहिक जीवन में संतोष और खुशी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बड़े अधिकारी और बुजुर्गों के आशीर्वाद आपके साथ रहेगा।

धनु -कोई भी कदम आपको खतरे में डाल सकता है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। आज किसी भी काम को करने में उत्साह नहीं रहेगा। तन-मन में चिंता और डर रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में कठिनाई आ सकती है।

मकर -आज आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। अचानक खर्च आ सकता है या बीमारी के उपचार के पीछे खर्च हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है।

कुंभ -आज का दिन आप घूमने-फिरने और मनोरंजन में व्यतीत करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ कहीं भोजन करेंगे। आपको अच्छे वस्त्राभूषण और वाहन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन -आपके दैनिक कार्य निर्विघ्न रूप से पूरे हो जाएंगे। आपके घर का माहौल सुख-शांतिवाला रहेगा। आपको अपने क्रोधी स्वभाव पर अंकुश रखना पड़ेगा। आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1757 – ब्रिटिश सैनिकों ने भारत के कलकत्ता शहर (अब कोलकाता) पर कब्जा किया।1839 – फ्रांसीसी फोटोग्राफर लुई दागुएरे ने चांद की पहली फोटो प्रदर्शित की।
1878 – केरल के प्रसिद्ध समाज सुधारक मन्नत्तु पद्मनाभन का जन्म।
1905 – हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक कथाकार एवं उपन्यासकार जैनेन्द्र कुमार का जन्म।
1940 – भारतीय अमेरिकी गणितज्ञ एस. आर. श्रीनिवास वर्द्धन का जन्म।
1942 – द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी सेना ने फिलीपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
1950 – प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक डॉ. राधाबाई का निधन।
1954 – भारत रत्न और पद्म विभूषण पुरस्कार की शुरुआत की गयी।
1970 – प्रसिद्ध तैराक बुला चौधरी का जन्म हुआ।
1989 – लोकप्रिय नाट्यकर्मी सफदर हाशमी की असामाजिक तत्वों की पिटाई से मौत।1989 – रणसिंघे प्रेमदासा श्रीलंका के राष्ट्रपति बने।
1991 – तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डा को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया गया।
1998 – नाइजर के प्रधान मंत्री हामा अमादाउ को राष्ट्रपति इब्राहीम बारेमआनससेरा की हत्या के षड्यंत्र के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।
2008 – सैन फ्रांसिस्को में रहने वाली समन हसनैन वर्ष 2002 की मिसेज पाकिस्तान वर्ल्ड चुनी गईं।
2016 – सऊदी अरब के जाने माने शिया मौलवी निम्र अल निम्र और 46 अन्य साथियों को सरकार की ओर से फांसी दी गई।

# ब्रिटेन ने लाल सागर पर तनाव के मुद्दे पर चर्चा की

**तेहरान,** 1 जनवरी (एजेंसियां) ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और ब्रिटेन ते विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने सोमवार को लाल सागर में बढ़ते तनाव के साथ-साथ गाजा में जारी संघर्ष के मुद्दे पर चर्चा की। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बातचीत के दौरान श्री अब्दुल्लाहियन ने अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले 80 दिनों में गाजा पर इजरायल के हमलों पर कुछ पश्चिमी देशों की चुप्पी की भी निंदा की। उन्होंने ब्रिटेन से क्षेत्रीय विकास और द्विपक्षीय संबंधों के प्रति यथार्थवादी और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह किया। वहीं, श्री कैमरन ने फिलिस्तीन और लाल सागर के घटनाक्रम पर अपने देश के विचार व्यक्त किए और ईरान से इजरायल-हमास संघर्ष को बढ़ने से रोकने और क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में श्री कैमरन ने कहा कि हउती को लंबे समय से समर्थन मिलने के कारण ईरान इन हमलों को रोकने की जिम्मेदारी लेता है। उल्लेखनीय है कि यमन के हउती समूह ने हाल के सप्ताह में लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर कई हमलों की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि वे फिलिस्तीनी लोगों के साथ खड़ा है।

# जापान के पश्चिमी तट पर लगे भूकंप के झटके

**टोक्यो,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, सोमवार दोपहर जापान के पश्चिमी तट पर आए तेज भूकंपों के बाद 1.2 मीटर तक ऊंची लहरें उठीं। इससे पहले मौसम एजेंसी ने भूकंप के बाद इशिकावा, फुकुई, निगाता, तोयामा, यामागाता और अन्य प्रान्तों सहित देश के पश्चिमी तट के एक बड़े हिस्से के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी। जेएमए ने कहा कि मध्य जापान में जापान सागर के एक विस्तृत क्षेत्र में आज सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 7.6 मापी गई।



1.2 मीटर ऊंची लहरें उठीं

प्रसारक एनएचके ने चेतावनी दिया था कि पानी की लहर पांच मीटर तक पहुंच सकती है, और लोगों से जल्द से जल्द ऊंची जमीन या पास की इमारत के शीर्ष पर भागने के लिए कहा था। जापान के पश्चिमी तट पर निगाता और अन्य प्रान्तों में लगभग तीन मीटर ऊंची लहरों के साथ सुनामी आने की आशंका है। एनएचके के अनुसार, छोटी सुनामी लहरों के पहले ही समुद्र तट तक पहुंचने की पुष्टि हो चुकी है। मौसम एजेंसी ने कहा कि ताजा भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर 10 मिनट पर आया जिससी इशिकावा प्रांत के नोटो प्रायद्वीप में अधिकतम तीव्रता 7 दर्ज की गई। भूकंप से मध्य टोक्यो की इमारतें भी हिल गईं। भूकंप का केंद्र इशिकावा के नोटो क्षेत्र में 30 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में 37.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 137.2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर वाजिमा में स्थित था। जापान के मध्य प्रान्त इशिकावा में सोमवार को लगातार भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये।

# 'रूस को अलग-थलग करने की पश्चिमी देशों की योजना विफल'

**बीजिंग,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पिछले वर्ष में, रूस ने पड़ोसी देशों के साथ एशिया-प्रशांत, मध्यपूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों के साथ संबंध विकसित करने के अपने प्रयासों को प्रभावी ढंग से बढ़ा दिया। रूस को अलग-थलग करने की पश्चिमी देशों की योजना विफल हो गई है। रूसी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट ने रूस की मुख्य राजनयिक उपलब्धियों पर एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स तंत्र, जी20, एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के ढांचे के तहत



उच्च-स्तरीय बहुपक्षीय गतिविधियों से पता चलता है कि संबंधित देश स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने में रुचि रखते हैं, और रूस के हितों पर विचार करने के इच्छुक हैं। जब अमित्र देशों के साथ रूस के संबंधों के बारे में बात की गई, तो रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि रूस द्वारा अपनाई गई मूल दिशा इन देशों के लिए शत्रुतापूर्ण नीतियों को छोड़ने के लिए परिस्थितियां बनाना है।

## रूस के सुदूर पूर्व के कई क्षेत्रों में सुनामी अलर्ट

नई दिल्ली। जापान के मध्य भाग में आए शक्तिशाली भूकंपों की श्रृंखला के बाद सोमवार को रूस के सुदूर पूर्व के कई क्षेत्रों को सुनामी अलर्ट पर रखा गया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में 5 मीटर तक ऊंची लहरें उठीं। इससे पहले दिन में, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने इशिकावा, फुकुई, निगाता, टोयामा, यामागाटा और अन्य प्रांतों सहित देश के पश्चिमी तट के व्यापक हिस्से के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसमें कई शक्तिशाली भूकंपों की श्रृंखला देखी गई थी।

# पाकिस्तान में 3,000 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) ने राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर चुनाव लड़ने के इच्छुक कम से कम 3,240 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए हैं। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पुष्टि की है कि 1,024 उम्मीदवारों (934 पुरुष और 90 महिला) को नेशनल असेंबली चुनाव लड़ने की पात्रता से वंचित कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया, '2,216 व्यक्ति, 2,081 पुरुष और 135 महिलाएं, नेशनल असेंबली चुनाव के लिए अप्रूवल प्राप्त करने में विफल रहे। कुल मिलाकर, 3,015 पुरुष और 225 महिलाएं आरओ की मंजूरी प्राप्त नहीं कर सके।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 25,951 सबमिशन (24,698 पुरुष और 1,253 महिलाएं) में से, आरओ ने 22,711 उम्मीदवारों को हरी झंडी दी, जिनमें 21,684 पुरुष और 1,027 महिलाएं शामिल थी। नेशनल असेंबली के लिए, 6,449 उम्मीदवारों को मंजूरी मिली, जिनमें 6,094 पुरुष और 355 महिलाएं शामिल थी। %%आरओ ने अलग-अलग नेशनल असेंबली सीटों के लिए 16,262 नामांकन स्वीकार किए, जिनमें 15,590 पुरुष और 672 महिलाएं शामिल थी।

**आयोजन** राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का है वर्ष

# चीन, उत्तर कोरिया ने 2024 को मैत्री वर्ष के रूप में नामित किया

**बीजिंग,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) या उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने सोमवार को संयुक्त रूप से 2024 को चीन-डीपीआरके मैत्री वर्ष के रूप में नामित किया। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) सेंट्रल कमेटी के महासचिव जिनपिंग, वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और डीपीआरके के अध्यक्ष श्री जोंग ने नए साल के शुभकामना संदेशों के आदान-प्रदान में यह घोषणा की।

श्री जिनपिंग ने कहा कि चीन-डीपीआरके का दोस्ताना संबंध दोनों पार्टियों और दोनों देशों के नेताओं की पुरानी पीढ़ी द्वारा बनाया गया है। यह दोस्ती समय के साथ और मजबूत हुई है।

श्री जिनपिंग ने कहा कि चीन डीपीआरके के साथ दोस्ती में विश्वास को और गहरा करने, एक-दूसरे का सहयोग करने और द्विपक्षीय संबंधों को सुनिश्चित करने के लिए तैयार है, ताकि दोनों लोगों को बेहतर लाभ मिल सके और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता की सुरक्षा में लगातार नए योगदान दिए



जा सकें। श्री जोंग ने कहा कि 2024 डीपीआरके और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का एक महत्वपूर्ण वर्ष है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों और सरकारों ने इस वर्ष को चीन-डीपीआरके मैत्री वर्ष के रूप में नामित करने का निर्णय लिया है और समय की जरूरतों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच मित्रता एवं सहयोग के पारंपरिक संबंधों को बढ़ावा दिया है।

## शी चिनफिंग व किमजोंग उन ने एक-दूसरे को बधाई दी

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और डीपीआरके के सर्वोच्च नेता किमजोंग उन ने एक-दूसरे को नये साल का बधाई पत्र भेजा और वर्ष 2024 को चीन-डीपीआरके मित्रता वर्ष निर्धारित करने और श्रृंखलात्मक कार्यक्रमों की शुरुआत करने की घोषणा की। शी चिनफिंग ने कहा कि इधर कुछ साल दोनों पक्षों की समान कोशिशों से चीन-डीपीआरके परंपरागत सहयोग संबंध नये ऐतिहासिक काल में प्रवेश कर गए हैं। उन्होंने बल दिया कि नयी परिस्थित में चीन-डीपीआरके मैत्रीपूर्ण संबंधों का अच्छा विकास करना हमारी निश्चित नीति है।

## दुनिया को जानें

# ब्रिटिश सिख का अंटार्कटिका में सबसे तेज स्की करने का रिकॉर्ड

**लंदन,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। ध्रुवीय अन्वेषण के लिए पहले ही दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ चुकी ब्रिटिश सिख सेना की चिकित्सक हरप्रीत चांडी ने कहा है कि उनके पास अब तीसरा रिकॉर्ड है। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिन, 13 घंटे और 19 मिनट में 1,130 किमी अंटार्कटिक बर्फ को कवर करके, चंडी, जिसे पोलर प्रीत के नाम से भी जाना जाता है, का दावा है कि वह अंटार्कटिका में अकेले स्की करने वाली सबसे तेज़ महिला बन गई है। मैं थक गई हूं, लेकिन बहुत खुश हूं कि मैंने इसे बनाया। 34 वर्षीय चांडी ने दक्षिणी ध्रुव से बोलते हुए कहा, यह मेरे पिछले अभियान से बिल्कुल अलग था... मैंने अपने आखिरी अभियान में खुद को पूरी तरह से अपनी सीमा तक धकेल दिया, गति का प्रयास पूरी तरह से अलग है। उन्होंने कहा, मेरे आखिरी अभियान के बाद, मुझे पता था कि मैं बर्फ पर अच्छी तरह से सामना कर सकती हूं, जिससे मुझे इससे निपटने का आत्मविश्वास मिला। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को दावे को सत्यापित करने की आवश्यकता होगी, इसमें कई महीने लग सकते हैं।

# प्रादेशिकी

## नए साल के पहले दिन सुबह छाया रहा कोहरा

देहरादून, 1 जनवरी (देशबन्धु)। नए साल के पहले दिन सोमवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। अभी तक सर्दियों की बारिश नहीं हुई है। उधर उत्तरी हवाओं के चलने से सूखी ठंड पड़ रही है। ऐसे में नए साल पर भी बारिश और बर्फबारी न होने से मौसम शुष्क रहेगा। बारिश होने पर ही मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। साल की आखिरी शाम को सर्द हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया। नए साल का जश्न मनाने निकले लोगों ने इसका भी लुत्फ उठाया। हालांकि बर्फबारी की उनकी उम्मीद पूरी न हो सकी।मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में बारिश होने से मौसम का बदलाव तेज होगा।

## सुक्खू सरकार ने दिव्यांगों व बेरोजगारों को सौगात भरा फैसला लिया

**शिमला,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने नव वर्ष पर सूबे के दिव्यांगों व बेरोजगारों को सौगात भरा फैसला लिया है। नए साल के आगाज के साथ ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश में दिव्यांगों के लिए अलग से शिक्षण संस्थान खोलने के साथ साथ ग्रामीण बेरोजगारों का रोजगार सुनिश्चित कर उन्हें नियमित आमदन मुहैया करवाने के मकसद से राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना के दूसरे चरण को लागू करने का फैसला लिया।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग व अपंग बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए इंटीग्रेटिड स्कूल एवं कॉलेज खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा पूरी होने के बाद दिव्यांग इन संस्थानों में इंटीग्रेटिड डिग्री कोर्स कर सकेंगे। बताया कि इन बच्चों को बेहतर शिक्षण संस्थान बनाया जाएगा। आधुनिक सुख सुविधा से लैस इंटीग्रेटिड स्कूल एवं कॉलेज का निर्माण किया जाएगा जहां पर इन बच्चों को उच्च शिक्षा की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि यह समाज में वंचित बच्चे हैं जिनके लिए ाी सरकार काम करेगी। इससे पहले पिछले साल अनाथ बच्चों को सुखाश्रय योजना लाई गई थी जिसे सरकार ने धरातल पर उतार दिया है। उन्होंने कहा कि यह काम करके सुखद अनुभव हो रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में दूसरा बड़ा फैसला गांव में रहने वाले बेरोजगारों को स्टार्ट अप स्कीम से जोडऩा है। इसके लिए सरकार ने राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना चरण दो शुरू की जा रही है। सीएम ने कहा कि इस योजना के तहत बेरोजगार युवा तीन बीघा जमीन देंगे जिसपर वह सोलर प्लांट लगा सकेंगे। इसके लिए बेरोजगार युवाओं को जमीन के साथ 10 फीसदी सिक्योरिटी मनी देनी होगी। 40 लाख में 100 किलोवॉट का सोलर प्लांट लगेगा जिसकी सिक्योरिटी मनी 4 लाख जमा करवानी होगी। बाकी पैसे का इंतजाम सरकार करेगी और हर महीने संबंधित व्यक्ति को 20 हजार रूपए प्रदान किए जाएंगे। यदि 200 किलोवॉट का प्लांट लगाया जाएगा तो महीने का 40 हजार रूपए संबंधित व्यक्ति को सरकार देगी। सीएम ने कहा कि इस योजना के लिए सरकार 240 करोड़ रूपए की इक्विटी बिजली बोर्ड को देगी। इस योजना में बेरोजगारों को 25 साल तक पैसा मिलेगा जो बंजर जमीन पर सोलर प्लांट लगा सकते हैं। इस प्लांट की मेंटेनेंस खुद व्यक्ति को करना होगा।



■ दिव्यांग व अपंग बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए इंटीग्रेटिड स्कूल एवं कॉलेज खोले जाएंगे

### हिमाचल सरकार ने हाटियों को तोहफा दिया

**शिमला।** नव वर्ष की पहली कैबिनेट बैठक में सुक्खू सरकार ने हाटियों को तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सिरमौर जिला के गिरीपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने की अधिसूचना जारी करने का फैसला सरकार ने लिया। इससे पहले सरकार ने केंद्र से हाटियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने बारे आए पत्र के बाद स्पष्टीकरण मांगा था। बीते सितंबर माह में केंद्रीय गृह मंत्रालय को सरकार ने पत्र लिखा।

कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बीते रोज सरकार को केंद्र से स्पष्टीकरण मिला है। इसके चंद घंटों बाद सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र के पत्र से साफ है कि गिरीपार के अनुसूचित जाति के वाशिंदे एसटी का दर्जा नहीं पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं 3 जनवरी को नाहन में इस बारे औपचारिक घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार ने हाटियों को जनजातीय दर्जा प्रदान करने के लिए अथाह प्रयास किए।

उल्लेखनीय है कि गिरिपार के हाटी समुदाय के लोग बीते छह दशकों से उत्तराखंड के जौनसार बावर की तर्ज पर उन्हें जनजातीय दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। इस बारे कई आंदोलन भी हुए। लोगों की मांग के मद्देनजर 2014 के लोक सभा चुनाव के दौरान वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नाहन जनसभा में हाटियों की जनजातीय दर्जा की मांग पूरी करने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार से कई जानकारियां केंद्र सरकार ने जुटाई। दिसंबर 2022 में लोक सभा तथा जुलाई 2023 में राज्य सभा से हाटियों को जनजातीय दर्जा देने बारे विधेयक पारित हुए। मगर इसके बाद यह मामला अधर में था। हाटी समुदाय लगातार संसद के कानून को लागू करने की मांग कर रहा था। मगर गिरिपार के अनुसूचित जाति के लोग अनसूचित जनजाति में उन्हें शामिल न करने की मांग कर रहे थे। लिहाजा सरकार ने केंद्र से स्थिति साफ करने को कहा था। केंद्र के पत्र के बाद अब सरकार ने अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में गिरीपार के स्थायी हाटी निवासियों को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलेगा। इन्हें इस वर्ग को मिलने वाले तमाम लाभ मिलेंगे। अनुसूचित जन जाति के वाशिंदे इससे बाहर होंगे।

## बाहरी लोगों की जमीन खरीद फरोक्त पर रोक सख्त भू कानून की दिशा में प्रभावी कदम: भट्ट

**देहरादून,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा ने कृषि भूमि पर बाहरी लोगों की खरीदफरोक्त पर लगाई रोक को सख्त भू कानून की दिशा में प्रभावी कदम बताया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए, प्रदेशवासियों को जनभावनाओं के अनुकूल कानून लाने का भरोसा दिया है।

नववर्ष की पूर्व संध्या पर लिए इस निर्णय को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए भट्ट ने इसे राज्यवासियों की भावनाओं का सम्मान ठहराते हुए, सख्त भू कानून के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के बीच से आने वाले विषयों को वह गंभीरता से लेकर तत्काल उचित एवं प्रभावी कदम उठाते हैं। इससे पूर्व भी सख्त भू कानून निर्माण की दिशा में पूर्व मुख्य सचिव की अध्यक्षता ने उच्च स्तरीय समिति गठन की थी। जिसकी रिपोर्ट को वरिष्ठ अधिकारियों वाली प्रारूप समिति संवैधानिक, तकनीकी एवं कानूनी पहलुओं की कसौटी पर परख रही है। इसी तरह कृषि भूमि की खरीद में आ रही गड़बड़ियों के संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री ने पहले इनपर जिलाधिकारी की रिपोर्ट जरूरी कर दी थी। लेकिन अब चूंकि भू कानून को लेकर प्रक्रिया निर्णायक दौर में है ऐसे में राज्य से बाहरी लोगों की खरीद पर पाबंदी सही और लोगों की शंकाओं को दूर करने वाला कदम है।

उन्होंने प्रदेशवासियों को विश्वास दिलाते हुए कहा, भाजपा सरकार मूल निवास और भू कानून के विषय पर पूर्णतया गंभीर है और शीघ्र ही इसके निर्णायक समाधान की दिशा में काम कर रही है। भाजपा हमेशा स्थानीय लोगों की मूल भावना, जरूरत एवं पहचान के अनुसार देवभूमि के विकास की पक्षधर रही है। एकमात्र भाजपा है जिन्होंने प्रदेशवासियों के मुद्दों पर सजगता से ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। चाहे राज्य निर्माण की बात हो, चाहे तरक्की के लिए विशेष औधोगिक पैकेज देने की बात हो और चाहे देवभूमि की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं अवैध अतिक्रमण पर रोक के लिए लैंड और लव जिहाद पर कानून बनाने की बात हो। जहां तक सवाल है भू कानून का तो हम ही एकमात्र दल हैं जो इसका सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वमान्य समाधान भी लेकर आएगी। विपक्षी पार्टियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज कांग्रेस समेत तमाम दल जनसरोकारों से जुड़े सभी विषयों पर पूरी तरह एक्सपोज हो चुके हैं।



■ प्रदेशवासियों को जनभावनाओं के अनुकूल कानून लाने का भरोसा दिया

**सार संक्षेप**

### जेपी नड्डा 5 जनवरी को सोलन व शिमला में जनसभाएं करेंगे

**शिमला।** भाजपा की चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल आ रहे हैं। नड्डा आगामी 5 जनवरी को सोलन व शिमला में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। सोलन में जेपी नड्डा रोड शो भी करेंगे। दोनों ही जगहों पर जेपी नड्डा का नागरिक अभिनंदन समारोह भी होगा। शिमला में नागरिक अभिनंदन के बाद व प्रदेश भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि कोर ग्रुप की बैठक में जेपी नड्डा जहां नेताओं को चुनाव में जीत का मंत्र देंगे, वहीं उनसे चुनावी तैयारियों को लेकर अब तक संगठन की तैयारियों का जायजा लेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने बताया कि भाजपा ने राजस्थान , छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में जेपी नड्डा की अध्यक्षता व पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रचंड जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों की चुनावी जीत के बाद हिमाचल के लोग नड्डा का अभिनंदन करेंगे। उन्होंने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र के लोग सोलन व शिमला में जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करेंगे। नड्डा 5 जनवरी को पहले सोलन पहुंचेंगे सोलन में प्रातः 9 बजे सोलन मॉल रोड पर रोड शो एवं अभिनंदन समारोह होगा। इसके बाद दोपहर बाद एक बजे होटल पीटरहॉफ शिमला में अभिनंदन समारोह होगा। सांय काल 6 बजे प्रदेश भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करेंगे।

### काबीना मंत्री रेखा आर्या ने बच्चों संग टपकेश्वर मंदिर में की पूजा अर्चना

देहरादून। नववर्ष के मौके पर काबीना मंत्री रेखा आर्या ने तीनों बच्चों संग टपकेश्वर मंदिर में महादेव का रुद्राभिषेक तक आशीर्वाद के लिया। उन्होंने भोलेनाथ से समस्त देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह साल हमारे लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। जिस सपने का इंतजार हर सनातन धर्मी वर्षों से करता आ रहा था वह सपना अब साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी और वह विराजमान हो जाएंगे। इस दिन के लिए हम सबने कई सौ वर्षों का लंबा इंतजार किया, जिसका कार्य मोदी के मार्गदर्शन में चार साल पहले शुरू किया गया। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राममंदिर के उद्घाटन होने के पश्चात अयोध्या धाम को पर्यटन के क्षेत्र में एक नई गति प्राप्त होगी, क्योंकि भगवान राम के दर्शनों के लिए देश-विदेश से तीर्थयात्री यहां पहुंचेंगे। उन्होंने सभी से भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने की बात कही।

### सुडोकू 6424 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 |

## डीएम ने ली केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की बैठक

**नई टिहरी,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के कराये जा रहे निर्माण कर्यो, केन्द्र तथा राज्य सरकार की चलायी जा रही जनकल्याणकरी योजनाओं एवं ई-ओफिस, सीएम हेल्पलाईन पर हो रही शिकायतों का निस्तारण तथा जिला योजना की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य करने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी लोक सभा निर्वाचन के मध्य नजर रखते हुये कार्यो में तेजी लायें साथ ही जिन कार्यो की टेण्डरिंग होनी है उन पर भी जल्द कार्यवाही कर लें। उन्होंने जिला योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि जिला योजना का पैंसा विभाग की मांग पर दिया गया है तो खर्चा करना भी विभाग की जिम्मेदारी बनती है। उन्होने सभी विभागों को ई-ओफिस के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने दुग्ध, कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभागों को निर्देश दिये की विभाग मिलकर योजनाबद्व ढ़ग से कार्य करें ताकि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके। जिलाधिकारी ने सड़को के किनारे पडे कुड़ा निस्तारण हेतु वन विभाग, लोनिवि एवं एनएच को सप्ताह भर में कार्य करने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग के बन्द पड़े स्कूल भवनों को उपयोग में कैसे लाये इसके लिए किसी विभाग को आवश्यकता हो तो मांग करें साथ ही जो आंगनबड़ी किराये के भवन में चल रही हैं तो उन बन्द पड़े भवन यदि ठीक दशा में हो तो शिप्ट कर सकते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने से वंचित लाभार्थियों को जल्द योजना से लाभान्वित किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग को दिये। सीएम हेल्पलाईन पर हो रही शिकायतों में निर्माण कार्य करने वाले विभाग से सम्बन्धित है जिसमें प्रतिकर व भुगतान से सम्बन्धित होने पर जिलाधिकारी ने विभागों को समयान्तर्गत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम केके मिश्र, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, एसीएमओ एल.डी. सेमवाल, जिला आबकारी अधिकारी कैलाश बिंजौला, डीईओ बेसिक वी.के. ढौंडियाल, डीएसओ अरूण वर्मा, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, ईई पुनर्वास धीरेन्द्र सिंह नेगी जल संस्थान, जल निगम, लोनिवि सहित विभिन्न विभागो अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## नए कानून के विरोध में उतरे रोडवेज बस चालक

**देहरादून,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। हिट एंड नए केस में नए कानून के विरोध में सोमवार को रोडवेज बस चालक हड़ताल पर चले गए। चालकों ने प्रदर्शन कर नए कानून का विरोध किया। जिसका असर राजधानी देहरादून के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जनपदों व कुमायू के रामनगर, हल्द्वानी में भी देखने को मिल रहा है। हड़ताल की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि, हिट एंड रन केस के नए प्रावधान को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने केंद्र सरकार की ओर से लागू नए प्रावधान को लेकर नाराजगी जताई और विरोध में प्रदर्शन भी किया। सरकार से इस प्रस्तावित कानून पर पुन: विचार करने की मांग की गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने वाहन से दुर्घटना होने पर चालक को 10 वर्ष का करावास और पांच लाख अर्थदंड वसूलने के नए प्रावधान के विरोध में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट यूनियन कांग्रेस ने तीन दिनी देशव्यापी हड़ताल का एलान किया है। महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल ने भी सोमवार से होने वाली हड़ताल को समर्थन दिया है। ऐसे में सोमवार से बुधवार तक टैक्सियां नहीं चलेंगी।

महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल के अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट ने कहा कि देशव्यापी हड़ताल का यूनियन समर्थन करती है। कहा कि एक जनवरी 2024 से तीन जनवरी तक तीन दिनी देशव्यापी हड़ताल को केमू समेत अन्य का समर्थन है। कुमाऊं टैक्सी महासंघ भी इस बंद का पूर्ण समर्थन करता है। उन्होंने समस्त विभागों में अधिग्रहित व्यावसायिक वाहन चालकों मालिकों से अनुरोध किया है कि वह भी इस बंद में अपना पूर्ण समर्थन दें।



■ यात्रियों को करना पड़ा परेशानियों का सामना
■ सोमवार से बुधवार तक नहीं चलेंगी टैक्सियां
■ तीन दिनी देशव्यापी हड़ताल का किया ऐलान

**बाहर से आने वाले वाहन रोके, पुलिस ने बरसाए लठ्ठ**

**देहरादून।** ट्रांसपोर्टर की हड़ताल से ज्यादातर निजी बस, टैक्सी, मैक्सी, ट्रेवलर, विक्रम आदि हड़ताल पर हैं। ट्रांसपोर्टर केंद्र सरकार के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। हड़ताल के क्रम में बाहर से आने वाले वाहनों को ऑटो व टैक्सी चालकों ने आइएसबीटी के पास मुस्कान चौराहे पर रोक दिया, जिससे वहां पर काफी भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस से प्रदर्शनकारियों की नोकझोंक हुई। इसके बाद भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर डंडे बरसाए। एमडी टैक्सी सर्विस से संचालक फरहाद ने बताया कि मामला बढ़ता देख कुछ प्रदर्शनकारियों को पुलिस आइएसबीटी थाने ले गई।

**हरिद्वार में भी परेशान दिखे यात्री**

हरिद्वार में भी ड्राइवर यूनियन के विरोध के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। धर्मनगर हरिद्वार में भी इसका खासा असर देखने को मिल रहा है। नए साल के पहले दिन हरिद्वार नया साल मनाने पहुंचे श्रद्धालुओं को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। लोगों ने कहा उन्हें किसी भी तरह की पूर्व सूचना नहीं थी। अब उनके लिए घर पहुंचना मुश्किल हो रहा है। नए ट्रैफिक कानून के विरोध में आज चालक परिचालक संघ की देशव्यापी हड़ताल है। हरिद्वार में भी हड़ताल का खासा असर देखने को मिला। ऑटो, टैक्सी और यहां तक की प्राइवेट और सरकारी बसों के पहिए भी जाम रहे। ट्रांसपोर्ट महासंघ के अध्यक्ष ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए ट्रैफिक कानून को गलत बताया।

## कांग्रेस ने हमारा हक छीनने की कोशिश की : तोमर

**शिमला,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। सिलाई के विधायक रहे बलदेव तोमर ने हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिये जाने की अधिसूचना जारी होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि छह दशक से ज़्यादा लंबी लड़ाई आज निर्णायक स्थिति में पहुंची और हमें हमार हक़ मिला। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के हर प्रकार के सहयोग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के आशीर्वाद के बिना असंभव थी। कांग्रेस ने हमें हमारे हक़ से दूर रखने का हर संभव प्रयास किया। राष्ट्रपति महोदया द्वारा क़ानून पास होने के बाद भी उसे पांच महीनें तक लटकाए रखा। जिस स्पष्टीकरण की मांग को लेकर यह बिल अटकाया गया था उसका पूरास्पष्टीकरण जयराम सरकार के समय बनाए गए ड्राफ्ट में मौजूद था। सरकार की इस लेट लतीफ़ी की वजह से हज़ारों युवाओं के भविष्य साथ खिलवाड़ हुआ। हाटी समुदाय को जनजातीय घोषित करने से इस क्षेत्र की ढाई लाख लोग लाभान्वित होंगे।

बलदेव तोमर ने कहा कि यह लड़ाई इतनी आसान नहीं थी। जो हक़ राजनीतिक रसूख़ कारण जौनसार बाबर को 56 साल पहले मिल गया था, वह हमें बीजेपी के कारण आज जाकर मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सभी का आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग के बिना यह लड़ाई संभव नहीं थी।

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के बिना नहीं संभव था यह सपना

**जयराम सरकार में शुरू हुआ युद्ध स्तर पर काम और मिली मंज़िल**

बलदेव तोमर ने कहा कि गिरिपार क्षेत्र को जनजातीय दर्जा देने की पहल बीजेपी ने शुरू की थी। गिरिपार की कठिन परिस्थिति को देखते हुए सबसे पहले 2009 के घोषणापत्र में शामिल किया और अब इसे अंजाम तक पहुंचाया। गिरिपार क्षेत्र को जनजातीय दर्जा देने की दिशा में सबसे अहम कार्य वर्ष 2017 में जयराम सरकार ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में जयराम ठाकुर ने एक नोडल एजेंसी का गठन किया। जिसमें अहम भूमिका अदा करते हुए सभी शोध पत्रों को एकत्रित कर क्षेत्र की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक स्तर पर हर पहलू को जांचा परखा और वर्ष 2021 में तत्काल इस रिपोर्ट को हिमाचल प्रदेश की कैबिनेट द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया। जिस पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया को तत्काल कार्यवाही कर हाटी जनजाति को 13 अप्रैल 2022 को एक कबीले के रूप में पंजीकृत किया। इसके बाद 16 दिसंबर 2022 को केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा से 26 जुलाई 2023 को राज्यसभा से भी पारित होने के बाद 04 अगस्त को राष्ट्रपति महोदया द्वारा अनुमोदित कर दिया गया।

## नैनीताल में दो सड़क हादसों में गई चार जानें

**हल्द्वानी,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नैनीताल जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। दोनों हादसे 31 दिसंबर की रात हुए है। इस घटना के बाद मृतकों के घर में मातम छाया हुआ है। पहला मामला लालकुआं कोतवाली क्षेत्र का है, जबकि दूसरी घटना भीमताल थाना क्षेत्र की है।

पहला हादसा नैनीताल जिले के लालकुआं थाना क्षेत्र में हुआ। लालकुआं कोतवाली के वरिष्ठ उपरीक्षक हरेंद्र नेगी ने बताया कि वीआईपी गेट के पास ट्रक और बाइक की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हुई, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले जाया गया था, जहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद ड्राइवर ट्रक के साथ फरार हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजीव नगर घोड़ानाल निवासी बलवंत राय और अजीत मंडल बाइक पर नए साल के जश्न मनाकर घर लौट रहे थे, तभी बीच रास्ते में वो सड़क हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक और चालक की तलाश शुरू कर दी है।




■ मातम में बदल गया नए साल का जश्न
■ घटना के बाद मृतकों के घर में छाया मातम

दूसरा हादसा भीमताल थाना क्षेत्र का है। बाइक सवार महिला और पुरुष को कैंटर (ट्रक) ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की तो मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पुरुष ने हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। मृतक का नाम दीपक नेगी है, जो उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर का रहना वाला है। दीपक नेगी अपनी महिला मित्र के साथ भीमताल से नए साल का जश्न मनाकर लौट रहा था, तभी ये हादसा हो गया। इस घटना के बाद से चालक टैंकर के साथ ही फरार है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## जीवन हमें सिखाता है कि ऊर्जा, परिश्रम व संघर्ष से होते हैं महान कार्य: धामी

देहरादून, 1 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनाथ बच्चों के बीच जाकर नए साल की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कौलागढ़ स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास के भवन का लोकार्पण भी किया। साथ ही हवन में आहुति दी और छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया। इसके अलावा सीएम धामी ने आवासीय छात्रावास में रहने वाले बच्चों को जैकेट, जूते और ड्रेस भी वितरित किए। वहीं, सीएम पुष्कर धामी ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की बच्चियों को बोर्ड परीक्षा में टॉप करने पर 11,000 रुपए का इनाम भी दिया।

बता दें कि गरीब बच्चों के लिए कौलागढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास तैयार किया गया है। जिसमें करीब 100 बच्चों के रहने की क्षमता है। जो कि 4 करोड़ 9 लाख 40 हजार रुपए की लागत से तैयार किया गया है। जिसमें कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 वीं तक के छात्र रहेंगे। दरअसल, सूबे के कमजोर, पिछड़े वर्ग और अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दिए जाने को लेकर प्रदेश के 13 जगहों पर आवासीय छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें करीब 1000 बच्चों को रहना खाना, पुस्तक समेत अन्य जरूरत के सामान निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा 40 कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें सभी सुविधाएं निशुल्क दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने सभी को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा उन्होंने बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें सिखाता है कि ऊर्जा, परिश्रम, संकल्प और संघर्ष से महान काम किए जा सकते हैं। साथ ही कहा कि साल के पहले दिन बच्चों के साथ रहना काफी सुखद है। पीएम मोदी की तरह उन्होंने भी संकल्प लिया है कि जिसका शिलान्यास करेंगे, उसका लोकार्पण भी करेंगे। करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किए इस छात्रावास में 100 बच्चों को रहने, खाने समेत तमाम सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

गौर हो कि 2 जनवरी 2023 को सीएम धामी ने खुद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कौलागढ़ के मुख्य भवन और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास झड़ीपानी का लोकार्पण किया था। साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ का शिलान्यास किया था। शिलान्यास के एक साल बाद 1 जनवरी 2024 को नेता सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ का लोकार्पण भी हो गया है।



■ नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास का सीएम किया लोकार्पण
■ मौके पर छात्रों को बांटे ड्रेस

## 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर-घर मनाएं दिवाली

**हरिद्वार,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या राम मंदिर में होनी वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश उत्साहित है। संतों में सबसे अधिक उत्साह देखा जा रहा है। हरिद्वार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने सभी देश वासियों के साथ साथ सभी तेरह अखाड़ों को निर्देश दिए हैं कि 22 जनवरी को देश में दूसरी दीपावली मनाई जानी चाहिए। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि वे 22 जनवरी को अपने अपने घरों में घी के दीपक जलाएं। साथ ही भगवान राम के चित्र के सामने राम का पाठ करें। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्री महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि सभी अखाड़ों के प्रमुख संत उस दिन अयोध्या में होंगे। लेकिन सभी अखाड़ों को निर्देश दिए गए हैं कि अखाड़ों को दीपों से सजाया जाए। आतिशबाजी कर पूरे देश और दुनिया को ऐसा संदेश दें कि लगे आकाश से देवता भी राम मंदिर के इस उत्सव को देखने के लिए स्वयं धरती पर उतर आए हों।

आमजन से अपील करते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि आमजन भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। वह अपने घर के पास एक जगह इकट्ठे होकर उस दिन भगवान राम की पूजा करें और घर-घर में दीप जलाएं। आपको बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में हरिद्वार के साधु संत भी 22 जनवरी को लेकर काफी उत्साहित हैं। जिसके लिए उन्होंने अभी से ही अयोध्या जाने की तैयारी शुरू कर दी है। जहां एक ओर हरिद्वार के तमाम साधु संत अयोध्या में जाएंगे तो वहीं हर की पैड़ी पर भी 22 जनवरी को देव दीवाली जैसा माहौल बनाया जाएगा।

# प्रादेशिकी

## शौचालय में धांधली में ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। करीब सौ शौचालय निर्माण में बारह लाख रुपए के घोटाले में पुलिस ने एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर के तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरतलब है। कि कायमगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत इकलहरा की प्रधान जायरा बेगम सचिव अभय सिंह के खिलाफ वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2018 स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत 512 शौचालय का निर्माण कराया गया। जिसमें एक शौचालय की लागत 12000 थी। निर्माण में धांधली व भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच एंटी करप्शन टीम कानपुर को दी गई। जांच के दौरान 31 लाभार्थियों के शौचालय बने नहीं पाए गए जबकि शौचालय निर्माण दिखाकर रुपए निकालिए गए जांच में 70 लाभार्थियों के नाम सूची में कई बार पाए गए।

# देश को विकसित भारत बनाने का लें संकल्प : योगी

**लखनऊ/मथुरा,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। देश के पहले बालिका सैन्य विद्यालय का सोमवार को वृंदावन में लोकार्पण हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर देश की बेटियों को पहला बालिका सैन्य विद्यालय समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जो लोग अयोध्या जाने से संकोच करते थे। वह अब कह रहे हैं कि हमें निमंत्रण नहीं मिला।

**वृंदावन से मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना**

साथ ही कहा कि हर नागरिक का ये संकल्प होना चाहिए कि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने में सहयोग करे। महायोगी की नगरी मथुरा की पहचान अब बेटियों से भी होगी। वृंदावन में देश के पहले सैन्य बालिका विद्यालय का लोकार्पण हो गया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम परिसर में समविद गुरुकुलम बालिका सैन्य विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ सैन्य प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस सैन्य विद्यालय में 120 सीटें हैं। आगामी 21 जनवरी को लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों की ई-काउंसलिंग होगी और मेरिट लिस्ट बनेगी। सत्र अप्रैल से शुरू होगा। बेटियों के तीन बैच बनाए जाएंगे। बेटियों को सीबीएसई शिक्षा के साथ सैन्य शिक्षा, खेलकूद के अलावा बाधा प्रशिक्षण भी पूर्व सैनिकों या एनसीसी द्वारा दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा मिशन शक्ति कि बेटियों सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का एक अद्भुत उदाहरण है। समाज को अगर सशक्त होना और सामर्थ होना है, तो नारी शक्ति की सुरक्षा, उनके सम्मान और स्वावलंबन की बिना यह संभव नहीं है। इसके लिए हम सभी को जुटना पड़ेगा।



**जो पहले अयोध्या जाने से संकोच करते थे, अब कहते हैं हमें निमंत्रण नहीं मिला : योगी आदित्यनाथ**

समाज को अपनी रूढ़िगत विचारधारा से बाहर निकालना पड़ेगा। योगी ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का आभार व्यक्त करता हुए कहा कि सैनिक स्कूलों में बालिकाओं का प्रवेश हो इसके लिए उन्होंने अनुमति दी है। देश के अंदर सैनिक स्कूलों की परंपरा उत्तर प्रदेश में 1960 में प्रारंभ हुई थी जब डॉक्टर संपूर्णानंद जी मुख्यमंत्री थे। डॉक्टर संपूर्णानंद जी ने अपने देश का पहला सैनिक स्कूल उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थापित किया था। मुझे 2017 में लखनऊ के सैनिक स्कूल में जाने का अवसर प्राप्त हुआ था। उस सैन्य स्कूल की समिति का अध्यक्ष मुख्यमंत्री होता है, उसे नाते में वहां गया था। उस समय मैंने वहां पूछा था कि यहां बालिकाओं का प्रवेश है तो, उन्होंने कहा कि नहीं। तो मैंने कहा कि अगले सत्र से इसमें बालिकाओं का भी प्रवेश हो। 2018 में इस कार्यक्रम को हमने वहां पर प्रारंभ किया। सैनिक स्कूल लखनऊ को इस बात का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि देश के सेवा का सर्वोच्च मेडल परमवीर चक्र वहां के ही एक छात्र मनोज पांडे को मिला है, जो जिन्होंने कारगिल की युद्ध में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। हमारी सरकार ने लखनऊ के सैनिक स्कूल डॉक्टर का नाम कैप्टन मनोज पांडे के नाम पर रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए पहले देश, फिर धर्म, उसके बाद परिवार और अंत में व्यक्तिगत होना चाहिए। अगर यह भाव हम सब भारतवासियों के मन में आ गया, तो कोई कारण नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है उसे 2047 तक हम जरूर प्राप्त कर लेंगे।

### हम सबको एकजुट हो कर करना होगा कार्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको एकजुट हो कर कार्य करना होगा। इसके लिए सीएम योगी ने लोगों को पंच प्रण गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता और नागरिक कर्तव्य की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग इस बात को हमेशा से जानते रहे हैं कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन चल रहा था, पूज्य संतों के सानिध्य में राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में विश्व हिंदू परिषद इस आंदोलन को नेतृत्व प्रदान कर रहा थ। उस समय हम सब यह बात कहते थे कि श्री राम जन्मभूमि का समाधान भारतवासी स्वयं कर लेंगे। जिस दिन हर सनातन धर्म स्वावलंबी एक स्वर से अयोध्या की ओर जय श्री राम की हुंकार करेगा उस दिन श्री राम जन्मभूमि का मार्ग अपने आप हो प्रशस्त हो जाएगा। हिंदूवादी नेता और वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री साध्वी ऋतंभरा का आज जन्म दिवस है। साध्वी ऋतंभरा के शिष्य और अनुयायी 1 जनवरी को उनके जन्मोत्सव को भव्य तरीके से मनाते हैं। इस बार साध्वी ऋतंभरा के 60 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में षष्टी पूर्ति महोत्सव मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय इस महोत्सव के अंतिम दिन जगद्गुरु रामभद्राचार्य, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बाल कृष्ण कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मूर्तिकारों को छात्रवृत्ति मुहैया करा रही ललित कला अकादमी : प्रो.अलका

**मेरठ,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। मूर्ति निर्माण प्राचीनतम कलाओं में से है लेकिन आज भी यह युवाओं के लिए रोजगार का प्रमुख साधन है। ललित कला विभाग द्वारा इस क्षेत्र में आने को योजनाएं संचालित की जा रही है। मूर्ति कला कार्यशाला में कार्यशाला संयोजिका का प्रोफेसर अलका तिवारी ने बताया पिछले 20 वर्षों में मूर्तियां बनाने वालों की संख्या लगभग 15 गुना बड़ी है। वही इस क्षेत्र में डिग्री लेने वालों की संख्या लाखों में है ऐसे युवाओं के लिए राज्य ललित कला अकादमी पर्याप्त प्रोत्साहन व साधन उपलब्ध करा रही है।

एक सर्वेक्षण के मुताबिक पिछले 20 वर्षों में भारतीय कलाकारों द्वारा निर्मित मूर्तियों की मांग हमारे देश के बाजारों में करीब 8 प्रतिशत और विदेशी बाजारों में 30 प्रतिशत बड़ी है पारंपरिक मूर्तियों की मांग स्थानीय बाजारों में तकरीबन 25 प्रतिशत और विदेशी बाजारों में 40 प्रतिशत बड़ी है। ऐसे में राज्य ललित कला अकादमी, कला एवं कलाकारों को प्रोन्नति एवं प्रोत्साहन की ओर निरंतर अग्रसर होती हुई। कला जगत में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। मूर्ति कारों को प्रदर्शनियों के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रही है।

राज्य ललित कला, अकादमी द्वारा कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में किया जा रही योजनाओं को समय-समय पर कार्यशाला में अवगत कराया जाएगा ताकि हमारे विश्वविद्यालय के युवा भी इसका पर्याप्त लाभ उठा सके। मूर्ति कला कार्यशाला के आज पंचम दिवस सुश्री सलोनी त्यागी, प्रवक्ता, ललित कला विभाग एवं सुश्री आरुषि गर्ग, प्रवक्ता, ललित कला विभाग द्वारा विद्यार्थियों को



- मूर्तिकारों के लिए राज्य ललित कला अकादमी की योजनाओं से अवगत कराया
- राज्य ललित कला अकादमी मूर्तिकारों को कर रही प्रोत्साहित

पारंपरिक मूर्ति कला का प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने भारत की पारंपरिक मूर्ति कला की विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। मूर्तिकार आकाश कुमार के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों ने प्रथम दिवस से प्रारंभ की गई मूर्तियों के विवरणों की बारीकी को उकेरा।

## सार संक्षेप

### मतदाता जागरूकता के लिए छात्राओं ने बनाया केक

**मवाना।** नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल के निर्देशों पर चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान में छात्राओं ने नव वर्ष का संदेश मतदाता जागरूकता के रूप में के काट कर दिया। मतदाता जागरूकता केक में छात्राओं ने यह दृढ़ निश्चय किया है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को 14वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जानकारी देंगे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को आयोजित किया जाएगा इसका मूल उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक करना है हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना है अपने मताधिकार के प्रयोग से एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण करना है जिस देश का विकास होगा इसके लिए छात्राओं के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा एक सर्वे के दौरान जानकारी प्राप्त हुई की बहुत कम लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जानकारी है कि वह किस दिन मनाया जाता है और क्यों मनाया जाता है इस कारण नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक नई प्रेरणा के साथ नया कार्यक्रम शुभारंभ किया गया इसके लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को नई पहल के लिए शुभकामनाएं दी

### लंबित एनआई एक्ट वादो का होगा निस्तारण

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरीराम ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र एवं कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा न्यायालयो में लंबित एनआई एक्ट की धारा-138 के अंतर्गत वादो का निस्तारण किये जाने हेतु दिनांक 22, 23 व 24 जनवरी को विशेष लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में न्यायालयों में लंबित एनआई एक्ट की धारा-138 के अंतर्गत वादो का निस्तारण किए जाने हेतु दिनांक 22, 23 व 24 जनवरी को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनेगा

**मवाना।** एएस इंटर कॉलेज मवाना में भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत छात्राओं ने नव वर्ष का संदेश मतदाता जागरूकता के रूप में केक काटकर दिया। मतदाता जागरूकता केक बनाया गया, जिससे छात्राओं ने यह दृढ़ निश्चय किया है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को आयोजित किया जाएगा। इसका मूल उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक करना है, हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना है और अपने मताधिकार के प्रयोग से एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण करना है। जिससे देश का विकास होगा। इसके लिए छात्राओं के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। अनेक लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जानकारी दी गई। मतदताओं को बताया गया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस किस दिन मनाया जाता है और क्यों मनाया जाता है।

# डॉ.अन्जूम जमाली की याद में जमी महफिल

**मेरठ,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। नए साल के मौके पर हिन्दुसतान के मशहूर मारूफ शायर अफसाना निगार और पत्रकार स्वर्गीय डॉ. अन्जुम जमाली की याद मे काव्य गोष्ठी का आयोजन लिसाड़ी गेट पर किया गया। साहित्य जगत और विख्यात शायरो ने डॉ. अन्जुम जमाली को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कि और खूबसुरत शायरी से महफिल को रोनक बख्शी कई शायरो ने डॉ. अन्जुम जमाली जी के साथ बिताए अपने लम्हो को याद किया और उनके कई शेरो को भी पढ़े।



- शायरों ने खूबसुरत शायरी से जमाई महफिल
- डा.रिफअत जमाली ने अपने वालिद को दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर डॉ अन्जुम जमाली के पुत्र विख्यात आर्किटैंक और इंजीनियर रिफत जमाली ने अपने वालिद को श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता डॉ. युनूस गाजी व संचालन इरशाद बेताब ने किया। जीशान खान ने डॉ. अन्जुम जमाली का परिचय प्रस्तुत किया। इसके अलावा नाजिर मेरठी, अदना मेरठी ने शेर पढ़ा। इसके अलावा इसरार उल हक किठौरवी, साबिर हटवी, जमशेद माहिर, रजा खतौलवी, मुरसलीन माहिर और साजिद सरधनवी ने अशआर पेश किए।

# तबादला नीति पर पीवीवीएनएल में चर्चा तेज

**मेरठ,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। साल के पहले दिन सोमवार को जहां सरकारी विभागों में अधिकारी व कर्मचारी एक दूसरे को नए साल की शुभकामनएं देते दिखे तो वहीं दूसरी ओर पश्चिमांचल विद्युत वितरण

- तीन वर्ष से अधिक समय तक जमे अधिकारियों का जल्द होगा ट्रांसफर
- दशकों से एक ही जगह तैनात हैं दर्जनो अधिकारी

निगम में कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच वार्षिक स्थानांतरण नीति 2022-23 को लेकर छपी खबर पर चर्चा जोरो पर रही। वहीं विभाग की ओर से तबादले रोकने की एवज में लेन देन की बात से इनकार तो किया लेकिन कार्मिकों की तैनाती की तिथियों को सही माना। तीन वर्ष से अधिक समय से जमे अधिकारियों के स्थानांतरण को लेकर जल्द कार्यवाही करने की बात भी कही गई है। इस संबन्ध में जब विभाग के एक अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने अपना नाम लिखने मना करते हुए कहा कि पिछले अंक की खबर में जो तबादले को लेकर 6 नाम छापे गए थे उनमे से एक नाम यानि राहुल पाण्डेय का पहले ही तबादला हो चुका है। अब विभाग की



ओर से ऐसे अधिकारियों को चिन्हित करने की बात की जा रही है जो वर्षो से एक ही स्थान पर तैनाती जमाए हुए हैं। जल्द ही ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा।

वहीं तीन वर्ष से अधिक समय के बावजूद भी समूह क एवं ख के कमर्चारियों के तबादले न होने की एवज में लेन देन की बात को विभाग की ओर से इंकार तो किया गया लेकिन बाकी अधिकारियों और कर्मचारियों के पद ग्रहण करने की तिथियों को सही माना।

### 16 जनवरी तक बढ़ी एकमुश्त समाधान योजना की अवधि

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान, निजी नलकूप एवं औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को उप्र पावर कारपोरेशन लि. द्वारा 'एकमुश्त समाधान योजना 'जो दिनांक 8 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक लागू की गई थी। अब इस योजना को 16 जनवरी तक बढ़ाया गया है। इस योजना में चोरी के प्रकरणों की निर्धारण राशि पर छूट तथा योजना की अन्य सभी नियम व शर्ते यथावत रहेंगी। प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. ने बताया कि योजना में अब तक लगभग 268.94 करोड़ रुपए की छूट से लगभग 1067739 विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें घरेलू 935423, वाणिज्य 46355, निजी संस्थान 465, निजी नलकूप 82084 एवं औद्योगिक 3412 श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। प्रबन्ध निदेशक ने कहा है कि जो उपभोक्ता योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वो जल्द से जल्द योजना में शीघ्र पंजीकरण कराकर सरचार्ज में छूट का लाभ उठा सकते है।

# मॉब लिंचिंग करने वालों के खिलाफ हो एफआईआर

**मवाना,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने 2 दिन पहले नगर निगम की बोर्ड बैठक से लेकर शहर की सड़कों पर दलित सभासदों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य

- दलित पार्षदों को पीटने वालों के खिलाफ सरकार उठाए सख्त कदम

मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर और एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। ऐसे लोगों के खिलाफ भाजपा को भी सख्त कदम उठाना चाहिए। लोकदल पीड़ित दलित पार्षदों की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आ गया है किसी भी कीमत पर पार्षदों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार को पार्षद कीर्ति घोपला के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में विजेंद्र सिंह ने कहा की पार्षद जनता हित में नगर निगम की बोर्ड बैठक



में प्रस्तावों पर चर्चा कर रहे थे उन पार्षदों पर इसलिए हमला किया गया कि वह जनता के मुद्दे और विकास की बात न कर सकें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से नगर निगम की बोर्ड बैठक के अंदर हुई मारपीट और सड़कों पर दौड़ा-दौड़ा कर दलित पार्षदों को पीटते उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर और एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज समेत काफी लोगों की वीडियो वायरल है। उसे साफ जाहिर हो रहा है कि प्रदेश में कानून के रखवाले ही कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इतना सब कुछ होने के बाद भी अभी तक दोनों नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस मारपीट की घटना से पूरे आम जनमानस का अपमान हुआ है जिसको समाज किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वायरल वीडियो के आधार पर सबसे पहले दोनों नेताओं के खिलाफएफआईआर दर्ज हो और पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराई जाए। भाजपा नेता अपने बचाव में पार्षदों पर महिलाओं के अपमान की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्षदों को डराया धमकाया जा रहा है ताकि वह इस मुद्दे पर बोलना बंद कर दें और किसी भी प्रकार से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग न करें। उन्होंने कहा कि लोकदल पूरी तरह से पीड़ित पार्षदों के साथ है हर प्रकार से उनकी लड़ाई में शामिल रहेगी। भारतीय संविधान के मुताबिक देश में सभी लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है। संविधान के तहत ही लोकदल जनता की लड़ाई लड़ रही है।



हापुड़ रोड स्थित बल्लीमारान नहारी रेस्टोरेंट का उद्घाटन दिल्ली की मशहूर बल्लीमारान नहारी रेस्टोरेंट की स्थानीय शाखा का भी उद्घाटन माइनॉरिटी एजुकेशनल संगठन के अध्यक्ष हाजी ताज मोहम्मद अल्वी द्वारा किया गया। समारोह में हाजी बाबू, हाजी हमराज, परवेज आलम, एडवोकेट अतीक अल्वी, आफाक अहमद, असलम, फैसल, अजीज, नफीस, हैदर, शाहरुख, सदाकत, आमिर, राजू, असलम, अल्तमश, जाहिद, अकील आदि मौजूद रहे।

फोटो देशबन्धु

**आयोजन** | *नववर्ष के प्रथम दिवस पर हवन का किया गया आयोजन*

# भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए वेंकटश्वरा में हुआ महायज्ञ

**मेरठ,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में नववर्ष 2024 का प्रथम दिवस बेहद खास रहा। भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने एवं विश्व शान्ति व कल्याण के लिए महायज्ञ व हवन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्या 'काव्यांजली' का भी बहुत शानदार आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित आधा दर्जन कवियों ने अपनी शानदार देशभक्ति श्रंगार प्रेम हास्य रचनाओं से माहौल को शानदार बना दिया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के 'महार्षि व्यास यज्ञ स्थली 'पर सबसे पहले गुरूकुल के ग्यारह आचार्यों एवं पुरोहितों ने नववर्ष के उपलक्ष्य में महायज्ञ एवं हवन का आयोजन किया जिसमें संस्थान प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विश्व शान्ति एवं कल्याण

- कवियों ने देशभक्ति श्रंगार, प्रेम, हास्य रचनाओं से शानदार बनाया माहौल

के लिए आहुतियां दीं। वहीं दूसरी ओर काव्य संध्या 'काव्यांजली' का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर



गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी विख्यात कवियत्री डॉ. शुभम त्यागी, कवि डॉ.योगेन्द्र नाथ शर्मा, ''अरूण'', डॉ. अनुराग मिश्र ''गैर'' आदि ने सरस्वती जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस मौके पर चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के शानदार नेतृत्व में इस वर्ष में भारत विश्व में सफलता के नये कीर्तिमान गढ़ेगा। कवियत्री डॉ. शुभम त्यागी, डॉ. गोपाल ''नारसन'', डॉ. योगेन्द्र शर्मा ''अरूण'' अनुराग मिश्र ''गैर'' समेत आधा दर्जन कवियों ने प्रस्तुतियां देकर नए साल के समारोह को यादगार बना दिया। कवियत्री डॉ. शुभम त्यागी को ''नारी शक्ति सम्मान'' के साथ उपस्थित कवियों को शॉल एवं पटका एवं पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित। इस अवसर पर समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति डॉ. राकेश कुमार यादव, कुलसचिव डॉ.पीयूष पाण्डे, डॉ. दिव्या गिरधर, सी.ई.ओ. डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राजवर्धन, डॉ. सर्वनन्द साहू, मनीष कुमार शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ.प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

### कार सवार युवकों ने स्कूटी में मारी टक्कर

**मवाना,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। थाना कोतवाली मवाना नगर क्षेत्र के सुभाष चौके के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद से कार सवार युवक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस कार को कब्जे में थाने ले आई स्कूटी सवार युवक ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी।

नगर की मौहल्ला हीरालाल निवासी कपिल रेहजा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि रविवार देर रात वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर सुभाष चौके से होते हुए घर वापस जा रहा था। तभी तेज रफ्तार कार संख्या युपी 37 एन 5777 ने पीछे से टक्कर मार मौके से फरार हो गए। सुचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने कार को कब्जे मे ले लिया।

# यादें 2023

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में एक ट्रेनी चार्टर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पायलटों की मौत हो गई।

20 मार्च- यौन उत्पीड़न मामले में राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर राहुल के घर पुलिस पूछताछ के लिए पहुंची।

- अडानी ग्रुप ने गुजरात में 4 अरब करोड़ डॉलर कोल टू पॉलीविनिल क्लोराइड प्रोजेक्ट पर काम रोक दिया।
- अमेरिकी राज्य न्योमिंग में गर्भपात की गोलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- केरल के उच्च न्यायालय ने माकपा विधायक ए. राजा को अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित नहीं होने पर अयोग्य घोषित कर दिया।
- वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट-2023 के अनुसार फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना।

22 मार्च- कश्मीर के स्वतंत्र पत्रकार इरफान महारात को आतंकवादी फंडिंग मामले में गिरफ्तार

- राज्यसभा की संसदीय समिति की रिपोर्ट, पांच साल में 50 हजार सुरक्षा कर्मियों ने नौकरी छोड़ दी।

23 मार्च- कांचीपुरम फटाका फैक्ट्री में आग, 8 की मौत

- पाकिस्तान में भूकंप से नौ लोगों की मौत हो गई।

24 मार्च - वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट के अनुसार भारत 125वें नंबर पर जबकि पाकिस्तान 108 व बंगलादेश 102 नंबर पर भारत से बेहतर बताया गया।

- पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पंजाब में सूरक्षा के मद्देनजर चुनाव स्थगित कर दिए।
- उत्तर कोरिया ने एक दिन में चार क्रूज मिसाइलें दागीं।

25 मार्च- जापान के आओयोटी प्रांत में बर्ड फ्यू फैलने से तीन लाख से अधिक मुर्गियों को मार दिया गया।

26 मार्च-मथुरा की अदालत श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही मस्जिद ईदगाह मामले में सर्वे कराने की प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया।

- जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती से ईडी ने 7 घंटे तक पूछताछ

27 मार्च- भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने वाराणसी के एक होटल में आत्महत्या कर ली।

- इसरो ने ब्रिटेन के वनवेब के 36 उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया।

28 मार्च- राहुल गांधी के लोकसभा के सदस्यता रद्द होने के विरोध में विपक्ष ने संसद में काले कपड़ों में प्रदर्शन किया।

- भारतीय मूल की सिख मनमीत कोलन ने कनेक्टिकर के न्यू हेवन शहर में पहली महिला सहायक पुलिस के पद की शपथ ली।

29 मार्च- उत्तरप्रदेश में उमेश पाल अपहरण मामले के दोषी अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा सुनाई।

- ईपीएफओ ने 2022-23 के लिए सदस्यों की जमा राशि पर 0.05 ब्याज दर बढ़ाई। 8.10 से 8.15 प्रतिशत किया गया।

30 मार्च- चुनाव आयोग ने कर्नाटक में 10 मई को चुनाव कराने का ऐलान किया। 13 मई को नतीजे की घोषणा।

- हत्या के दोषी मामले में आरोपी महाराष्ट्र कांग्रेस पार्टी के सांसद मो. फैजल की सदस्यता बहाल कर दी गई।
- धमकी मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गैरजमानती वारंट जारी किया।

31 मार्च- रामनवमी उत्सव मनाते मध्यप्रदेश के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावली की छत धंसने से 35 लोगों की मौत हो गई।

- केंद्र सरकार ने रेयर बीमारियों के इलाज के लिए इम्पोर्टेड दवाओं और स्पेशल फूड पर बेसिक कस्टम ड्यूटी समाप्त कर दी।

### अप्रैल 2023

1 अप्रैल- गुजरात हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की अर्जी पर फैसला सुनाते हुए मोदी की डिग्री से जुड़ा आदेश खारिज कर दिया, 25 हजार का जुर्माना

- 1988 के रोजरेज मामले में पूर्व पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू 45 दिन पूर्व रिहा हुए।
- पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका राउत एवेन्यू अदालत ने खारिज की।

2 अप्रैल- छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता योजना की शुरुआत की। अब बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।

3 अप्रैल-मोदी सरनेम मामले में फैसले को चुनौती देने राहुल गांधी सूरत की अदालत गए।

- दक्षिण अमेरिका के इक्वाडोर के विदेश मंत्री जुआन कार्लोस होलगुइन ने इस्तीफा दे दिया।
- इक्वाडोर में भूस्खलन से 27 लोगों की मौत हो गई।

5 अप्रैल- सिक्किम में राष्ट्रीय राजमार्ग-310 में भारी भूस्खलन होने से 7 पर्यटकों की मौत हो गई।

- फिनलैंड नाटो का 31वां नया सदस्य बना।
- सोमालिया में बाढ़ के कारण 21 लोगों की मौत

6 अप्रैल-न्यूयार्क में भारतीय मूल का छात्र विराज पटेल को इलिनोइस स्टेट यूनिवर्सिटी में शिक्षक के उत्कृष्ट योगदान 2022 के लिए आउटस्टेंडिंग यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्टूडेंट टीचिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया।

7 अप्रैल- दुबई की एक अदालत ने भारतीय मूल के दुर्घटना पीड़ित मोहम्मद बेग मिर्ज़ा को 11 करोड़ का मुआवजा दिया।

- टाइगर के नाम से मशहूर झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का निधन हो गया।

8 अप्रैल- भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे सुसाइड केस में आरोपी सिंगर समर सिंह को गिरफ्तार कर लिया

9 अप्रैल- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुखोई नामक विमान में उड़ान भरी। श्रीमती मुर्मू सुखोई विमान में उड़ान भरने वाली दूसरी महिला राष्ट्रपति है।

10 अप्रैल- कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन करने का ऐलान किया।

11 अप्रैल- केंद्रीय चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल की आप आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दे दिया।

- भारत और अमेरिका वायुसेनाओं के बीच द्विपक्षीय युद्धाभ्यास रोप इंडिया 23 शुरू हुआ।

12 अप्रैल- तृणमूल कांग्रेस के सांसद लुहितिन्हो फलेरियो ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया।

- सचिन पायलट ने एक दिन का अनशन किया।
- पाक के क्वेटा में चार पुलिसकर्मियों की हत्या

13 अप्रैल- जिम्बाब्वे में ईस्टर वीकेंड के दौरान सड़क हादसों में 30 लोगों की मौत हो गई।

14 अप्रैल- गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद के बेटे मोहम्मद असद व शूटर गुलाम पुलिस मुठभेड़ में मारे गए।

- सऊदी अरब में सात वर्षों बाद खुला ईरानी दूतावास।

15 अप्रैल- ट्वीटर ने ट्वीट के लिए अक्षरों की संख्या 10 हजार तक बढ़ा दी।

- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल हो गए।
- श्रीमती सोनिया गांधी ने कहा कि सत्ता का दुरुपयोग करने वाले असली राष्ट्र विरोधी हैं।

16 अप्रैल- देशबन्धु समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देशबन्धु ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

- बिहार के पूर्वी चंपारण में जहरीली शराब पीने से 16 लोगों की मौत हो गई।

17 अप्रैल- दुबई के देहरा जिले की एक इमारत में आग लगने से 4 भारतीय सहित 16 लोगों की मौत हो गई।

18 अप्रैल- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने भाजपा से इस्तीफा दिया।

- सिडनी को पीछे छोड़ मेलबर्न बना सबसे बड़ा शहर।

19 अप्रैल- मृत समझी जा रही भारतीय महिला बलजीत कौर पर्वतारोही माउंट अन्नपूर्णा नेपाल में जीवित पाई गई।

- चीन के झेजियांग प्रांत में एक फैक्ट्री में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई।

20 अप्रैल- सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक जोड़ों की शादी के लिए मान्यता देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से सलाह के लिए समय मांगा।

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के अनुसार भारत बना सबसे अधिक आबादी वाला देश।

21 अप्रैल- 2002 में गुजरात के नरोदा दंगे के सभी 86 आरोपी सबूत न मिलने पर बरी हो गए।

- मानहानि मामले मं राहुल गांधी की याचिका एडिशनल सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी।
- जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले सैन्य वाहन में आतंकी हमले के कारण 5 जवान शहीद हो गए।
- यमन की राजधानी सना में बाब अल यमन इलाकों में एक सहायता केंद्र में मची भगदड़ में 80 लोगों की जान चली गई।

22 अप्रैल-उच्चतम न्यायालय ने 17-18 साल बाद गोधरा कांड के 8 दोषियों को दी जमानत।

- सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मौखिक समन भेजा।
- ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डॉमिनिक राब का इस्तीफा
- अमेरिकी सीनेट ने भारतीय अमेरिकी राधा अयंगर प्लंब को रक्षा उप अवर सचिव के रूप में नियुक्त किया।

23 अप्रैल- राहुल गांधी ने सांसदी खत्म होने के बाद 7 तुगलक रोड का आवास खाली कर दिया।

24 अप्रैल- अमृतपाल सिंह रोडेगांव गुरुद्वारे से गिरफ्तार

- तुर्की सैनिकों ने सीरिया व स्टाक में 21 आतंकियों को मार गिराया।

26 अप्रैल-पहले वॉटर मेट्रो सर्विस का उद्घाटन

- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस दोबारा चुनाव लड़ने की घोषणा की।

28 अप्रैल-बिहार के पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन हत्या मामले में रिहा कर दिया गया।

29 अप्रैल- ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

- अभिनेत्री जिया खान आत्महत्या मामले में अभिनेता सूरज पंचोली बरी

30 अप्रैल- माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर मामले में गाजीपुर एमपी/ एमएलए कोर्ट ने मुख्तार को 10 साल व अफजल को 4 साल की सजा सुनाई।

### मई 2023

1 मई- लुधियाना की एक फ्रैक्ट्री में गैस रिसाव हो जाने 11 लोगों की मौत हो गई।

2 मई- गैंगस्टर कानून के अंतर्गत दंडित किए जाने पर उत्तरप्रदेश के गाजीपुर के सांसद अफजल अंसारी की सांसदी सदस्यता समाप्त कर दी गई।

3 मई - एनसीपी सुप्रीमो पवार का अध्यक्ष पद से इस्तीफा

- अंतरराष्ट्रीय संगठन आईओएम ने नाव में सवार लीबिया से यूरोप जा रहे 484 प्रवासियों को बचा लिया गया।

4 मई- सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड के एक स्कूल में गोलीबारी से 9 बच्चों की मौत हो गई।

5 मई- उत्तरप्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने कुख्यात गैंगस्टर अतीक दुजाना को एनकाउंटर में मार दिया।

6 मई- शरद पवार ने पार्टी से अपना इस्तीफा वापस लिया।

7 मई- ब्रिटेन के नए राजा किंग चार्ल्स तृतीय औप रनीन रेमिला की ताजपोशी की।

- जम्मू-कश्मीर में 72 घंटों में 7 आतंकी ढेर

8 मई- रक्षा मंत्रालय के योजनानुसार अगले साल से गणतंत्र दिवस परेड में केवल महिलाएं होंगी शामिल।

## भारत यात्रा पर आए कुछ विशिष्ट अतिथि



**जापान के प्रधानमंत्री फोमियो किशिया** 21 मार्च को भारत दौरे पर पहुंचे। दो दस्तावेजों पर किए हस्ताक्षर।

**भूटान किंग नामग्याल वांगचुंक** 4 अप्रैल को दो दिवसीय भारत दौरे पर आए, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से की मुलाकात।



**एमिन दक्षा पटोवा** यूक्रेन के विदेश मामलों की पहली उपमंत्री 9 अप्रैल को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंची।



**श्रीलंका के राष्ट्रपति रातिल विक्रम सिंघे** 21 जुलाई को भारत की दो दिन यात्रा पर दिल्ली पहुंचे।



8 सितंबर को जी-20 सम्मेलन भाग लेने **अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिद, मारिशस के प्रधानमंत्री प्रवींद्र जगनौथ** सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली पहुंचे।







3 नवंबर को भूटान के राजा जियो खेसर **नामग्याल वांगचुक** भारत पहुंचे। वे भारत में 3 से 10 नवंबर रहेंगे।

## नियुक्ति

- **अनिल कुमार लाहोटी :** रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी (सीईओ) का पदभार संभाला।
- **भारतीय मूल के अजय बंगा :** विश्व बैंक के 14वें अध्यक्ष
- **प्रवीण सूद :** सीबीआई के नए निदेशक बने।
- **अंबिवेश केसरी :** यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के निदेशक
- **ज्ञानी रघबीर सिंह :** अकाल तख्त का नया जत्थेदार
- **रवि सिन्हा :** खुफिया एजेंसी रॉ के नये चीफ
- **संजय सुधारमन :** जॉनसन कंट्रोल्स हिताची के भारत एवं एशिया के प्रबंध निदेशक।
- **रंगनाथ कुलकर्णी :** अंमेरिका स्थित इन्फोविजन के नए एमडी
- **छत्तीसगढ़ के मेजर जर्नल सुधीर शर्मा :** इंडोनेशिया राइफल प्रा.लि. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक

## केंद्र सरकार के फैसले

- विश्वकर्मा जयंती के दिन 13 हजार करोड़ रुपये से विश्वकर्मा योजना लॉन्च करने का प्रधानमंत्री ने ऐलान किया।
- गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन स्कीम पांच वर्षों के लिए बढ़ा दी।
- केंद्र ने घरेलु गैस सिलेंडर में 200 रुपये कीकटौती की
- महिलाओं को आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पास हुआ। राष्ट्रपति ने विधेयक को मंजूरी दी।
- 97 तेजस विमान और 150 प्रचंड हेलीकॉप्टर्स और भारतीय नौसेना के लिए तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर के खरीद को भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।
- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कश्मीरी पंडितों और पीओके से विस्थापित लोगों के लिए 3 सीटें रिजर्व करने और वंचित और ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण की बात कही

### भारत सर्वाधिक आबादी वाला देश बना

भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ दिया और दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, भारत की जनसंख्या अगले तीन दशकों तक बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि, उसके बाद धीरे-धीरे इसमें गिरावट आने लगेगी।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले

- नोटबंदी को 4-1 से सही ठहराया
- बोलने की आजादी पर प्रतिबंध से किया इंकार
- छत्तीसगढ़ में 58 फीसदी आरक्षण जारी रखने अंतरिम राहत देने से किया इंकार
- दो सीटों पर चुनाव लड़ने से रोकने वाली याचिका खारिज
- इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस राजेश जिन्दल और गुजरात हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरविंद कुमार की नियुक्ति की।
- पलानी स्वामी को ही एआईएडीएमके का असली स्वामी घोषित किया।
- केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग से जुड़ी याचिका पर 14 विपक्षी दलों की याचिका खारिज कर दी।
- अग्निपथ योजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज
- गोधरा कांड के 8 दोषियों को दी जमानत।
- ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग के साइंटिफिक सर्वे और कार्बन डेटिंग के आदेश पर रोक लगा दी
- ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाए जाने को गैर कानूनी बताया।
- मोदी सरनेम मामले पर राहुल गांधी की सजा पर रोक ।
- दुष्कर्म पीड़िता को 28 सप्ताह के भ्रूण को गर्भपात कराने की अनुमति दी।
- मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में वेज्ञानिक सर्वेक्षण मांग वाली याचिका को खारिज किया।
- चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर राजस्थान, मध्यप्रदेश व केंद्र सरकार को नोटिस दिया।
- समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार
- झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील खारिज , छग पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया।
- अडानी-हिंडनबर्ग मामले में कहा् कि हम रिपोर्ट को नहीं मान सकते।
- नफरती भाषणों पर कार्रवाई होनी चाहिए।
- जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला बरकरार रखा।
- राज्यपालों व राज्य सरकारों के बीच हो रहे टकरावों पर चिंता जताई।



## चर्चित घटनाएं




- **कंझावला केस** -31 दिसंबर और 1 जनवरी की दरमियानी रात दिल्ली के कंझावला इलाके में अंजलि सिंह नाम की लड़की की स्कूटी को कार ने टक्कर मार दी थी और वह एक पहिए में फंस गई थी, जिसके बाद उसे काफी दूर तक घसीटा गया था। इससे अंजलि की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले में चार आरोपियों पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था।
- **निक्की यादव हत्या मामला**-दिल्ली के नजफगढ़ इलाके का था। यहां 10 फरवरी को 24 साल की निक्की की उसके आरोपी पति साहिल गहलोत ने दूसरी महिला से शादी करने से ठीक पहले हत्या कर दी थी। जांच में सामने आया था साहिल ने पूरी प्लानिंग कर पहले निगमबोध घाट की पार्किंग में मोबाइल डेटा केबल से निक्की का गला घोंटकर हत्या की। इसके बाद शव को अपने ढाबे के फ्रिज में रख दिया था। इस मामले में पुलिस ने साहिल समेत आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया था।
- **अतीक-अशरफ हत्याकांड** -24 फरवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले के गवाह उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। इस घटना से देशभर में सनसनी मच गई थी। इस हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद एंड फैमिली का नाम सामने आया था। पुलिस ने माफिया अतीक और अशरफ से इस मामले में पूछताछ भी शुरू कर दी थी। इसके लिए अतीक को गुजरात से प्रयागराज लाया गया। 15 अप्रैल को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल टेस्ट के लिए ले जाते समय उसकी व उसके भाई की गोली मार कर हत्या कर दी गई। दोनों ही हत्याकांड मामले की जांच जारी है।
- **महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया:** मई की शुरुआत में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर में महिलाओं का रेप कर उन्हें निर्वस्त्र घुमाया गया था। एक महीना बाद इस घटना का वीडियो सामने आया था। इस घटना से देश में आक्रोश और दहशत का माहौल था। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मामले में कार्रवाई जारी है। पूरे देश में पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने नजर बनाई रखी।
- **साक्षी हत्याकांड**- दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में 28 मई को एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया था। यहां साहिल नाम के युवक ने 16 साल की नाबालिग साक्षी की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। उसने साक्षी को न सिर्फ चाकू से गोदा बल्कि पत्थर से बार-बार कुचला था। इस वारदात को अंजाम देने के बाद वह बुलंदशहर अपनी बुआ के यहां जाकर छिप गया था। बाद में पुलिस न उसे गिरफ्तार कर लिया था।



- **मुंबई लिव-इन पार्टनर हत्या**-2022 में दिल्ली के श्रद्धा मर्डर केस जैसा ही मामला जून 2023 में मुंबई से सामने आया था। शहर के मीरा रोड पर मौजूद नया नगर पुलिस थाना इलाके की गीता-आकाशदीप सोसायटी में रह रहे 56 साल का मनोज साने अपनी लिव इन पार्टनर सरस्वती वैद्य (36 साल) की बेरहमी से हत्या कर दी थी। आरोपी ने हत्या बाद ना सिर्फ चेनशॉ (पेड़ काटने वाली मशीन) से शव के टुकड़े-टुकड़े किए बल्कि उसे कुकर में उबाला, मिक्सी में पीसकर गटर में बहा दिया। घर से आने वाली बदबू से परेशान पड़ोसियों ने पुलिस को इसके बारे में जानकारी दी थी।



- **भाजपा नेता सना खान हत्याकांड :** महाराष्ट्र की बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा की महामंत्री सना खान की अगस्त महीने में हत्या कर दी गई थी। पुलिस की जांच में सामने आया था कि नागपुर की रहने वाली सना खान उर्फ हिना खान 2 अगस्त को जबलपुर पहुंची थी। यहां वो गोरा बाजार निवासी अपने पति अमित साहू उर्फ पप्पू से मिलने के लिए आईं थी, जिससे उनकी 6 माह पूर्व कोर्ट मैरिज हुई थी।
सना की हत्या उसके पति अमित उर्फ पप्पू साहू ने ही पैसों के विवाद में कर दी थी। उसने पहले अपने मकान में ही डंडा मारकर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद सना की लाश को जबलपुर से तकरीबन 45 किलोमीटर दूर हिरण नदी के पुल से नीचे फेंक दिया था। पुलिस ने पप्पू समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।



- **उज्जैन रेप कांड :** 25 सितंबर को मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक 12 साल की नाबालिग बच्ची से ऑटो चालक ने रेप किया था। पीड़ित बच्ची लोगों से मदद मांगती हुई 8 किलोमीटर तक पैदल चली लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। अंत में वो एक आश्रम के दरवाजे पर पहुंची जहां उसे मदद मिली और अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी भरत सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की थी। 12 साल की मासूम के साथ हुई इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था।
- **करणी सेना अध्यक्ष मर्डर:** पांच दिसंबर को राजस्थान के जयपुर में करणीसेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने लगभग 20 सेकेंड में 17 राउंड फायर किए थे। फिलहाल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हत्याकांड की जांच एनआईए को सौंप दी है। मामले में जांच जारी है।



## राज्यों के नए मुख्यमंत्री

**कर्नाटक**
**सिद्धारमैया** (मुख्यमंत्री)
**डीके शिवकुमार** (उपमुख्यमंत्री)

**तेलंगाना**
**रेवन्थ रेड्डी**

**मध्यप्रदेश**
**मोहन यादव** (मुख्यमंत्री)
**राजेन्द्र शुक्ल** (उपमुख्यमंत्री)
**जगदीश देवड़ा** (उपमुख्यमंत्री)

**राजस्थान**
**भजनलाल शर्मा** (मुख्यमंत्री)
**दीया कुमारी** (उपमुख्यमंत्री)
**प्रेमचंद बैरवा** (उपमुख्यमंत्री)

**छत्तीसगढ़**
**विष्णुदेव साय** (मुख्यमंत्री)
**अरुण साव** (उपमुख्यमंत्री)
**विजय शर्मा** (उपमुख्यमंत्री)

**त्रिपुरा**
**माणिक साहा**

**नागालैंड**
**नेफियु रियो**

**मेघालय**
**कॉनराड संगमा**

**मिजोरम**
**लालडुहोमा**

## राज्यों के नए राज्यपाल

| | |
|---|---|
| गुलाब चंद कटारिया | असम |
| एस अब्दुल नजीर | आंध्र प्रदेश |
| विश्वभूषण हरिचंदन | छत्तीसगढ़ |
| अनुसुइया उइके | मणिपुर |
| एल गणेशन | नागालैंड |
| पी चौहान | मेघालय |
| राजेन्द्र अर्लेकर | बिहार |
| बीडी मिश्रा | लद्दाख |
| रमेश बैस | महाराष्ट्र |
| गुलाब चंद | असम |
| शिव प्रताप | हिमाचल प्रदेश |
| रघुवर दास | झारखंड |
| लक्ष्मण प्रसाद | सिक्किम |
| कैवल्यम त्रिविक्रम | अरुणाचल प्रदेश |
| फागू चौहान | मेघालय |
| इंद्रसेना रेड्डी | त्रिपुरा |

## प्राकृतिक आपदा/हादसे

- हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से 335 लोगों से ज्यादा की मौत हो गई, 10 हजार मकान क्षतिग्रस्त हो गए कुल 8014 करोड़ से ज्यादा का नुकसान आंका गया। वहीं सिक्किम में बादल फटने से आई बाढ़ में 56 लोगों की मौत हो गई। कई दिनों तक हजारों पर्यटक फंसे रहे।
- **तूफान का उत्पात**- मिचोंग के कारण आई बाढ़ से तमिलनाडु में 15 से ज्यादा की मौत हो गई वहीं गुजरात में बिपर जॉय तूफान ने 10 से ज्यादा लोगों की जान ली।
- **इंदौर में खूनी बावड़ी हादसा**-बेलेश्वर झूलेलाल मंदिर पर बावड़ी की छत धंसने से 20 से अधिक लोग बावड़ी में जा गिरे, हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई।
- **डोडा बस हादसा**-जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में बस गहरी खाई में गिर गई जिसमें 39 लोगों की मौत हो गई।

## प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा



21 जून को प्रधानमंत्री श्री मोदी चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर अमेरिका के लिए रवाना हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 22 जून को यूएन मुख्यालय में योग किया। मोदी का व्हाइट हाउस में स्वागत हुआ। श्री मोदी ने कहा 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान। 26 जून को प्रधानमंत्री ने मिश्र दौरे के दौरान भारत-मिश्र के बीच चार महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए। योग प्रशिक्षक नाडा अदेल और रीम जबक से मुलाकात की। 14 जुलाई को फ्रांस के प्रवास के दौरान सरकार ने फ्रांस से नौ सेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की 3 पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दी। 23 अगस्त को ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे। 26 अगस्त को 26 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑर्नर' से सम्मानित किए गए।

## विभिन्न देशों के नवनिर्वाचित राष्ट्राध्यक्ष-2022

| | | |
|---|---|---|
| रामचंद्र पौडेल | राष्ट्रपति | नेपाल |
| वो वान थुओंग | राष्ट्रपति | वियतनाम |
| साई इंग वेन | राष्ट्रपति | ताइवान |
| इसाक हरजोग | राष्ट्रपति | इजराइल |
| बेंजामिन नेतन्याहू | प्रधानमंत्री | इजराइल |
| जस्टिन टूडो | प्रधानमंत्री | कनाडा |
| जुजान कैपुटोवा | राष्ट्रपति | स्लोवाकिया |
| सामिया सुलुह हसन | राष्ट्रपति | तंजानिया |
| सर्जियो मन्तरेल्ला | राष्ट्रपति | इटली |
| जॉर्जिया मेलोनी | प्रधानमंत्री | इटली |
| रिसेप एर्दोगन | राष्ट्रपति | तुर्किए |
| मो. शहाबुद्दीन | राष्ट्रपति | बांग्लादेश |
| लुईज इनासियो लूला डी सिल्वा | राष्ट्रपति | ब्राजील |
| क्रिस हिपकिंस | प्रधानमंत्री | न्यूजीलैंड |
| निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स | राष्ट्रपति | साइप्रस |
| पेट पावेल | राष्ट्रपति | चेक गणराज्य |
| पटेरी ओरपो | प्रधानमंत्री | फिनलैंड |
| बोला अहमद दीनूबू | राष्ट्रपति | नाईजिरिया |
| एडबर्ग रिंकीविक्स | राष्ट्रपति | लातविया |
| थर्मन शनमुगरत्नम | राष्ट्रपति | सिंगापुर |
| एमर्सन म्नागांग्वा | राष्ट्रपति | जिम्बाब्वे |
| मोहम्मद मुइडजू | राष्ट्रपति | मालदीव |
| डेनियल नोबोआ | राष्ट्रपति | इक्वाडोर |
| जेवियर माइली | राष्ट्रपति | अर्जेंटीना |
| सैंटियागो पेना | राष्ट्रपति | पैराग्वे |

9 मई- बढ़ते तापमान से हिमालय परअसर नहीं। 20 22 फुट ऊंचा प्रकट हुआ शिवलिंग।

10 मई- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार कर लिया।

- म.प्र. के खरगौन में एक बस 50 फुट ऊंचाई वाले पुल से नदी में गिरी जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई।

11 मई- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड ट्रम्प को यौनाचार मामले में पीड़ित महिला को देने होंगे 50 लाख डॉलर।

12 मई- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान गिरफ्तारी के दो दिन बाद रिहा हो गए।

- पाकिस्तान ने 500 भारतीय कैदियों को रिहा करने का फैसला लिया।

13 मई- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने काशी विश्वनाथ ज्ञानव्यापी मस्जिद विवाद मामले में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग का आदेश दिया।

- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जमानत

14 मई- कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने 224 में 134 सीटें सीटें जीतकर ऐतिहासिक जीत हासिल की।

15 मई- नेपाली शेरपा पसांग 26वीं बार माउंट एवरेस्ट

- रवांडा में बाढ़ और भूस्खलन होने से 135 लोगों की जान चली गई।

18 मई- एनआईए ने छः राज्यों में 100 से अधिक स्थानों पर छापे मारे।

- सीबीआई ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी को पाकिस्तान सहित अन्य देशों को गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

19 मई -सिद्दारमैया होंगे कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री, डीके शिवकुमार को मिलेगा उपमुख्यमंत्री का पद।

- रिजिजू को कानून मंत्रालय से हटाया गया।
- ईडी ने राबड़ी देवी से की पूछताछ।

20 मई- 2000 के नोट को चलन से बाहर कर दिया।

21 मई-सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

- भोपाल, भुवनेश्वर, पटना , जोधपुर, रायपुर और ऋषिकेश के एम्स अस्पताल में सीजीएचएस के सभी लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।
- पश्चिम बंगाल के फटाका फैक्ट्री में विस्फोट हो जाने से 12 लोगों की मौत हो गई।

22 मई- जम्मू-कश्मीर में जी-20 समिट 22 मई से शुरु

23 मई- साउथ अमेरिका देश गुयाना के एक गर्ल्स हॉस्टल में आग लगने से 20 छात्राओं की मौत हो गई।

- इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड शहर कांवेंट्री के नए लार्ड मेयर भारतीय मूल के सिख पार्षद जसवंत सिंह बिरदी बने

24 मई- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम घोषित, ईशिता ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

25 मई- भड़काऊ भाषण देने के मामले में सपा नेता आजम खान को बरी कर दिया।

- 19 राजनीतिक दलों ने 28 मई को होने वाले नई संसद भवन के उद्घाटन बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

27 मई- श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट मामलों की सुनवाई करेगा।

- विदेश में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शांति मिशन के हिस्सेदारी के रूप में अपनी जान गवांने वाले तीन भारतीय शांति सैनिक शिशुपाल सिंह, सनवाला राम विश्नोई, और शाबर ताहेर अली सर्वोच्च सम्मान 'डैग हैमरस्क्वाड' मेडल से नवाजा गया।

28 मई- नए संसद भवन का उद्घाटन

- याओंडे कैमरून में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत

29 मई-पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टीस्तान क्षेत्र में हिमस्खलन से 10 लोगों की मौत हो गई।

30 मई- मणिपुर में हिंसक झड़प होने से एक पुलिस कर्मी सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

31 मई- जम्मू में वैष्णों देवी के दर्शन को जा रही एक बस झज्जर कोरली पुल के नीचे गिर जाने से 10 यात्रियों की मौत हो गई।

- पहलवानों ने अपने मैडल किसान नेता नरेश टिकैत को विरोध प्रदर्शन के लिए सौंप दिए।

### जून 2023

1 जून- केंद्र ने बड़ी अन्भंडारण योजना को मंजूरी दी।

- शनची-16 अंतरिक्ष यात्री शफलतापूर्वक चीनी स्पेस स्टेशन में दाखिल हुए।

2 जून- अमेरिका के मिसौरी में भारतीय मूल के 17 वर्षीय छात्र सात्विक रत्नम ने 50 हजार डॉलर का युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जीता।

- एयरकमोडोर संजय चोपड़ा ने वायुसेना स्टेशन हिंडेन की कमान संभाली।

3 जून- ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के टकरा जाने से 288 लोगों की मौत हो गई और एक हजार घायल

- कर्नाटक की नई कांग्रेस सरकार ने अपने पांच गारंटी पर पहली केबीनेट में मुहर लगाई।

4 जून- मलयालम के फिल्म निदेशक राज सेनन ने भाजपा पार्टी छोड़ कांग्रेस सीपीआई (एम) में शामिल हो गए।

- पंजाब में बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तानी तल्करी कर भेजे गए 38 करोड़ की हेरोइन ड्रग्स पकड़ा।

5 जून- मणिपुर हिंसा की जांच के लिए तीन सदस्यीय आयोग की कमेटी की अध्यक्षता गुवाहाटी के उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा करेंगे।

- मैक्सिकों के पूर्वी वेनेजुएला सोने की खदान में पानी भरने से 12 लोगों की मौत हो गई।

6 जून- अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई।

- उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

- आस्ट्रेलिया की 'खराब महिला सीरियल किलर' कहलाने वाली कैथलिन फोल्लिक 20 साल जेल में बिताने के बाद निर्दोष साबित हुई।
- अफगानिस्तान के उत्तरी पुल प्रांत के एक स्कूल में प्राथमिक बालिका विद्यालय की सैकड़ों छात्राओं को जहर दे दिया गया।

7 जून- बालासोर रेल दुर्घटना की सीबीआई जांच शुरु।

- मणिपुर में आंतकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की जिसमें तीन जवान शहीद हो गए।
- अमेरिका के फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (एफबीआई) के पूर्व एजेंट एवं अमेरिकी इतिहास के सर्वाधिक खतरनाक जासूसों में से एक राबर्ट हैनसन जेल बैरक में मृत पाए गए।

8 जून- केंद्र ने खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई। धान की कीमत में 143 रुपए की बढ़ोतरी की गई।

- मणिपुर में भीड़ ने मां-बेटे को जिंदा जलाया।

9 जून- मानसून 4 दिन विलंब से केरल पहुंचा।

- फिलीपींस के शोधकर्ता सैयद शेपर हुसैन ने करीब 10 हजार साल पुराने त्रिशूल और 3 हजार साल पुराने व्रज की खोज की।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी का बैलेस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' का सफल परीक्षण किया।

10 जून- सांसद संजय राउत को जान से मारने की धमकी

11 जून- एनसी पी प्रमुख शरद यादव ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले व प्रफुल्ल पटेल को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष।

- मोगादिशु सोमालिया में पुराने आयुध कारखाने में विस्फोट से 27 बच्चों की मौत हो गई।
- कोलंबिया में विमान हादसे के 40 दिन बाद चार बच्चे जीवित मिले।

12 जून-कर्नाटक में कांग्रेस की नई सरकार ने महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा शुरु की।

- गुजरात में बिपरजॉय विध्वंसक चक्रवात में बदला

13 जून- आस्ट्रेलिया में शादी समारोह से लौट रही बस का न्यू साउथ वेल्स में दुर्घटनाग्रस्त, 10 लोगों की मौत

15 जून- मणिपुर में हिंसा से 9 लोगों की मौत हो गई।

- साढ़े छः हजार करोड़पति देश छोड़ने का दावा
- मनी लॉन्ड्रिग केस में तमिलनाडु को बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया।

16 जून-तूफान बिपरजॉय मचाई तबाही।

- यूनान के पेलोपोतिसे में प्रवासियों को लेकर जा रहे जहाज के डूबने से 78 लोगों की मौत हो गई।

17 जून-केंद्र सरकार ने दिल्ली के नेहरुमेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय कर दिया।

- तमिलनाडु के पूर्व स्पेशल डीजीपी राजेश दास को यौन उत्पीड़न मामले में 3 साल की सजा सुनाई।
- गुजरात में बिपरजॉय में दो लोगों की मौत हो गई।

18 जून-युगांडा में आतंकवादियों द्वारा स्कूल में किए गए हमले में 25 लोगों की मौत हो गई।

19 जून- स्वदेशी तकनीक से निर्मित तपस यूएवी ने सफलतापूर्वक उड़ान के बाद सुरक्षित वापसी की।

- पाकिस्तान के चकपाल जिले में बस पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई।

20 जून-रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा, उद्योग और समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल फान यान गियांग के साथ द्विपक्षी वार्ता की।

21 जून- बिपरजॉय ने राजस्थान के 105 साल का रेकार्ड तोड़ा।

- यौन शोषण के आरोप में विशाखापत्तनम आश्रम के धर्मगुरु को गिरफ्तार कर लिया।

22 जून- बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी फिर राजग में शामिल हो गए।

23 जून-संयोजक नीतीश कुमार की पहल पर पटना में मोदी को हराने सारे विपक्षी दलों की बैठक हुई।

- उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 600 फीट गहरी खाई में एक कार के गिरने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत
- राष्ट्रपति ने 30 नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2022-23 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइरिंगेल पुरुस्कार प्रदान किए।

24 जून- संयुक्त बैठक में फैसला विपक्षी दल मिलकर 2024 लोकसभा चुनाव लड़ेंगे

25 जून- रूस में ब्लादिमीर पुतिन के खिलाफ बगावत।

- ईरान में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत
- यूनान में एक नाव दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार 300 पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई।

26 जून- वैगनर आर्मी का रूस के खिलाफ विद्रोह खत्म

27 जून- रूस में कखोव्का बांध ढहने से 48 लोगों की मौत

- 15 नाटो देश यूक्रेन के विलय का समर्थन करने तैयार
- ओडिशा के गंजम में दो बसों के बीच टक्कर होने से 12 लोगों की मौत हो गई।

28 जून- न्यूयार्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने स्कूलों में दीवाली अवकाश रखने की घोषणा की।

29 जून- आम आदमी पार्टी ने यूसीसी का समर्थन किया।

30 जुलाई- राहुल गांधी ने मणिपुर के हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की।

- वैगनर विद्रोह के आरोप में रूसी जनरल सर्गेई सुरोविकिन को गिरफ्तार किया गया।

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.81 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.68 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.18 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.02 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.84 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एलटी | 0.72 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.37 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.29 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.26 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.26 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5600-5700 |
| दाल चना | 6600-6700 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9300-9400 |
| अरहर दाल | 12000-12100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



# आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में एआई के उपयोग के जोखिमों से किया आगाह

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने सोमवार को कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में एआई की तैनाती से होने वाले जोखिमों को लेकर मानव पर्यवेक्षण की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि एआई पर कुछ चिंताएं डिजाइन को लेकर हैं, जबकि कुछ अन्य अधिक डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और वित्तीय स्थिरता को संरक्षित करने को लेकर है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को तीन व्यापक श्रेणियों - डेटा बायस और मजबूती, गवर्नेंस और पारदर्शिता में रखा जा सकता है।

जैसे-जैसे एआई का चलन बढ़ रहा है, इसके उपयोग को निर्देशित करने में मदद करने के लिए नियामक ढांचे को विकसित करने के वैश्विक प्रयास भी बढ़ रहे हैं और इस प्रक्रिया में अधिक सहयोग की आवश्यकता होगी।

राव ने इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में कहा, हमारा सामूहिक प्रयास इस विकास को सावधानी और जिम्मेदारी के साथ अपनाने का होना चाहिए, साथ ही एक ऐसे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जहां प्रौद्योगिकी बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक सक्षमकर्ता के रूप में काम करेगी।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र विकसित हो रहा है, उभरती प्रौद्योगिकियां और एआई इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

राव ने कहा, किसी भी संभावित प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इससे फायदा लेने के लिए एक सहायक नियामक ढांचे को सुनिश्चित करने की जरूरत होगी और इसलिए जब एआई मॉडल उच्च-मूल्य वाले निर्णय लेने वाले उपयोग के मामलों में तैनात किए जाते हैं तो मजबूत शासन व्यवस्था और स्पष्ट जवाबदेही महत्वपूर्ण होते हैं।

उन्होंने जटिल या अस्पष्ट मामलों को संबोधित करने और नैतिक विचारों को ध्यान में रखा जाना सुनिश्चित करने के लिए मानवीय निरीक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा, इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि किसी भी अप्रत्याशित परिणाम और शासन संबंधी मुद्दों का समय पर पता लगाया जाएगा और उनका समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग करने वाली संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कठोर सत्यापन और परीक्षण करना होगा कि एल्गोरिदम विभिन्न परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करता है और इनपुट डेटा में मामूली बदलावों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील नहीं है।



**एआई पर कुछ चिंताएं डिजाइन को लेकर हैं, जबकि कुछ अन्य अधिक डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और वित्तीय स्थिरता को संरक्षित करने को लेकर है। इन मुद्दों को तीन व्यापक श्रेणियों - डेटा बायस और मजबूती, गवर्नेंस और पारदर्शिता में रखा जा सकता है : एम. राजेश्वर राव, डिप्टी गवर्नर आरबीआई**

# दिसंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.65 लाख करोड़ के करीब

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह दिसंबर 2023 में 164882 लाख करोड़ रुपये रहा है जो दिसंबर 2022 में संग्रहित 149507 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 10.3 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष में यह सातवां महीना है जब जीएसटी राजस्व संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। वित्त मंत्रालय द्वारा आज जारी जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में कुल जीएसटी संग्रह 164882 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 30443 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37935 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 84255 करोड़ रुपये जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित कर 41534 करोड़ रुपये भी शामिल है। क्षतिपूर्ति अधिभार के रूप में 12249 करोड़ रुपये संग्रहित हुये हैं जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1079 करोड़ रुपये भी शामिल है।

सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 40057 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 33652 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से दिसंबर 2023 में सीजीएसटी 70501 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 71587 करोड़ रुपये रहा है।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर तक नौ महीने में जीएसटी संग्रह 14.97 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित 13.40 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। इस तरह से औसत मासिक संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1.49 लाख करोड़ रुपये मासिक औसत रहा था।



- **सीजीएसटी में 30443 करोड़ रुपये, एसजीएसटी में 37935 करोड़ रुपये मिले**
- **आईजीएसटी 84255 करोड़ रुपये जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित कर 41534 करोड़ रुपये भी शामिल**

## अगर तेल को मिला सीआईटीईएस का प्रमाण पत्र

**अगरतला,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। त्रिपुरा के अगर तेल को निर्यात के लिए वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (सीआईटीईएस) का प्रमाण पत्र मिला है। प्रमाण पत्र का राज्य सरकार द्वारा अगर तेल की खेती के माध्यम से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अगर (इत्र निर्माण की मुख्य सामग्री) मिशन शुरू करने के बाद एक साल से अधिक समय से इंतजार किया जा रहा है। त्रिपुरा वन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यहां कहा कि प्रमाणपत्र के साथ, उत्तरी त्रिपुरा जिले का एक अगर उत्पादक समूह अब दुबई को 2.5 किलोग्राम अगर तेल निर्यात करने में सक्षम होगा। इससे पहले, त्रिपुरा को अगर तेल के निर्यात के लिए पर्यावरण, वानिकी और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई थी, लेकिन उसे सीआईटीईएस के प्रमाणपत्र का इंतजार था। अनुमान है कि अगर क्षेत्र अर्थव्यवस्था में 2000 करोड़ रुपये जोड़ सकता है और त्रिपुरा में लगभग 50,000 रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है। पिछले साल अक्टूबर में यहां अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेताओं की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने अगर उत्पादों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को औपचारिक बनाने के लिए प्रधानमंत्री के समक्ष मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया था। अधिकारियों ने कहा, अगर व्यापार हमेशा से होता आया है, ज्यादातर असंगठित तरीके से और अक्सर अवैध रूप से, खासकर उत्तरी त्रिपुरा में, लेकिन इस बार, राज्य सरकार के समर्थन से, वृक्षारोपण से लेकर पेड़ों की पहचान , ब्रांडिंग, मार्केटिंग और अंतिम उत्पादों के निर्यात तक, अगर क्षेत्र को बढ़ावा मिला।

# जोमैटो को मिला 4.2 करोड़ रुपये का जीएसटी डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने कहा है कि उन्हें 2018 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के 4.2 करोड़ रुपये के कथित कम भुगतान पर दिल्ली और कर्नाटक के कर अधिकारियों से नोटिस मिला है।

जोमैटो ने स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में इसका उल्लेख किया है, %%कंपनी को जीएसटी के कम भुगतान का आरोप लगाते हुए बिक्री कर अधिकारी, वार्ड 300, दिल्ली और डिप्टी कमिश्नर, डीजीएसटीओ-4, बेंगलुरु, कर्नाटक से तीन आदेश प्राप्त हुए, जिसमें केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (सीजीएसटी अधिनियम, 2017) की धारा 73 के तहत लागू ब्याज और जुर्माने के साथ, दिल्ली माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (डीजीएसटी अधिनियम, 2017) और कर्नाटक माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (केजीएसटी अधिनियम, 2017) शामिल हैं। जोमैटो ने यह भी कहा कि वह टैक्स डिमांड नोटिस के खिलाफ अपील करेगा।




कंपनी ने कहा, ऐसा लगता है कि दिल्ली और कर्नाटक के अधिकारियों ने पहले प्रस्तुत हमारे जवाब पर उचित विचार किए बिना 30 और 31 दिसंबर, 2023 को उपरोक्त आदेश जारी किए हैं।

इसमें कहा गया है, हमारा मानना है कि हमारे पास योग्यता के आधार पर एक मजबूत मामला है और कंपनी उचित अपीलीय अधिकारियों के समक्ष आदेशों के खिलाफ अपील दायर करेगी।

यह जोमैटो को डिलीवरी शुल्क के रूप में एकत्र किए गए अवैतनिक बकाया पर माल और सेवा कर अधिकारियों से 400 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद आया है।

जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने पिछले महीने जोमैटो और उसके प्रतिद्वंद्वी स्विगी को एक डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें क्रमश: 400 करोड़ रुपये और 350 करोड़ रुपये से अधिक का लंबित बकाया भुगतान करने के लिए कहा गया था।

जोमैटो को कारण बताओ नोटिस 29 अक्टूबर, 2019 और 31 मार्च, 2022 के बीच की अवधि के लिए है।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी

**मुंबई** 1 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुख के बीच स्थानीय स्तर पर चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज तेजी लौट आई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 31.68 अंक बढ़कर 72,271.94 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 10.50 अंक की बढ़त के साथ 21,741.90 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। मिडकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 37,036.77 अंक और स्मॉलकैप 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,986.53 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4047 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2541 में लिवाली जबकि 1350 में लिवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 कंपनियां हरे जबकि 28 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई में कंज्यूमर डयूरेबल्स, बैंकिंग और ऑटो समूह की 0.19 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 17 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.59, सीडी 0.02, ऊर्जा 0.82, एफएमसीजी 0.48, वित्तीय सेवाएं 0.12, हेल्थकेयर 0.41, इंडस्ट्रियल्स 0.35, आईटी 0.43, दूरसंचार 0.76, यूटिलिटीज 0.27, कैपिटल गुड्स 0.11, धातु 0.08, तेल एवं गैस 0.64, पावर 0.10, रियल्टी 0.40, टेक 0.28 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.73 प्रतिशत की मजबूती रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.14, जर्मनी का डैक्स 0.30, हांगकांग का हैंगसेंग 0.02 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.68 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, जापान के निक्केई में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 22 अंक की गिरावट लेकर 72,218.39 अंक पर खुला लेकिन लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 72,561.91 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, अचानक बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम यह 72,031.23 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,240.26 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत उठकर 72,271.94 अंक हो गया।

निफ्टी चार अंक फिसलकर 21,727.75 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 21,834.35 अंक के उच्चतम जबकि 21,680.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,731.40 अंक के मुकाबले 0.05 प्रतिशत बढ़कर 21,741.90 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स कि मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में नेस्ले इंडिया 2.89, टेक महिंद्रा 2.00, टाटा मोटर्स 1.25, विप्रो 1.19, एचसीएल टेक 1.16, आईटीसी 1.06, इंफ़ोसिस 0.54, आईसीआईसीआई बैंक 0.48, टीसीएस 0.41, टाटा स्टील 0.29, पावरग्रिड 0.23, रिलायंस 0.19, कोटक बैंक 0.15 और टाइटन 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, भारती एयरटेल 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.43, बजाज फिनसर्व 0.66, एचडीएफसी बैंक 0.53, एनटीपीसी 0.53, एक्सिस बैंक 0.44, अल्ट्रासिमको 0.40, बजाज फाइनेंस 0.39, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.35, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.29, एशियन पेंट 0.27, मारुति 0.27, एलटी 0.13, इंडसइंड बैंक 0.09 सन फार्मा ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## ओला इलेक्ट्रिक ने दिसंबर 2023 में अब तक का सबसे अधिक मासिक रजिस्ट्रेशन दर्ज किया

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को घोषणा की, कि उन्होंने दिसंबर 2023 में अपना अब तक का सबसे अधिक मासिक पंजीकरण दर्ज किया। वाहन पोर्टल के मुताबिक कंपनी ने 30,219 पंजीकरण दर्ज किए और ईवी 2डब्ल्यू सेगमेंट में 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की।

कंपनी ने 2022 के इसी महीने की तुलना में साल-दर-साल 74 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा, दिसंबर में समाप्त तिमाही के दौरान 83,963 पंजीकरणों के साथ इसने 48 प्रतिशत की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि दर्ज की और 2022 की समान तिमाही की तुलना में 68 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की। ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने एक बयान में कहा, %%हमारा मानना है कि हमने एस1 प्रो, एस1 एयर और एस1 एक्स प्लस सहित अपने मजबूत प्रोडक्ट लाइनअप के दम पर एक और तिमाही के लिए अपना बाजार नेतृत्व जारी रखा है। हमारा दिसंबर टू रिमेम्बर कैंपेन भारी सफल रही है, जिससे हजारों लोग ईवी के दायरे में आ गए हैं।

इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि ओला इलेक्ट्रिक ने दिसंबर में केवल दो सालों की अवधि में 4,00,000 स्कूटरों के इंडस्ट्री-फर्स्ट प्रोडक्शन मील के पत्थर तक पहुंचकर एक और उपलब्धि हासिल की।

कंपनी एक कैलेंडर वर्ष में 2.65 लाख से अधिक पंजीकरण (वाहन पोर्टल के अनुसार) दर्ज करने वाली पहली ईवी 2डब्ल्यू निर्माता के रूप में भी उभरी है। ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में अपने स्कूटर पोर्टफोलियो को पांच प्रोडक्ट्स तक विस्तारित किया है। 1,47,499 रुपये की कीमत पर, एस1 प्रो (सेकंड जनरेशन) कंपनी का प्रमुख प्रीमियम ईवी स्कूटर है, जबकि एस1 एयर 1,19,999 रुपये में उपलब्ध है।

इसने विभिन्न प्राथमिकताओं वाले सवारों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एस1 एक्स को तीन वेरिएंट एस1 एक्स प्लस, एस1 एक्स (3 किलोवाट प्रति घंटा), और एस1 एक्स (2 किलोवाट प्रति घंटा) में पेश किया है।

**सार संक्षेप**

## एलआईसी को 806 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को महाराष्ट्र राज्य के लिए ब्याज और जुर्माने के साथ 806 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह का डिमांड ऑॅर्डर मिला है। एलआईसी को मुंबई के राज्य कर उपायुक्त से 806.3 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला। एलआईसी निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त आदेश के खिलाफ आयुक्त (अपील), मुंबई के समक्ष अपील दायर करेगी। कुल में 365.02 करोड़ रुपये का जीएसटी, 404.7 करोड़ रुपये का जुर्माना और 36.5 करोड़ रुपये का ब्याज शामिल है। मांग आदेश सीजीएसटी नियम, 2017 के 42 और 43 के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट के गैर-लटीकरण के कारण है; पुनर्बीमा से प्राप्त आईटीसी का प्रत्यावर्तन; जीएसटीआर-3बी के साथ किए गए विलंबित भुगतान पर ब्याज; प्राप्त अग्रिम पर ब्याज (प्रस्ताव जमा); और जीएसटीआर-1 में आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दर्शाई गई तुलना में जीएसटीआर-9/3बी में कम आरसीएम देनदारी का खुलासा किया गया है। एलआईसी ने कहा कि निगम की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ा है।

## साइबर सुरक्षा फर्म टीएसी सिक्योरिटी शेयर बाजार में होगी सूचीबद्ध

नई दिल्ली। साइबर सुरक्षा फर्म टीएसी सिक्योरिटी ने सोमवार को कहा कि कंपनी पूंजी जुटाने के विकल्प तलाश रही है, जिसमें 2024 की शुरुआत में आईपीओ शामिल है और 2026 तक 100 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य है। कंपनी ने बताया कि बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रस्तावित आईपीओ के लिए एक्सक्लूसिव बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है। टीएसी सिक्योरिटी के संस्थापक और सीईओ त्रिशनीत अरोड़ा ने एक बयान में कहा, अब हम अपने अगले विकास चरण की ओर बढ़ रहे हैं - जैविक विकास और अकार्बनिक विस्तार के माध्यम से वित्त वर्ष 26 तक राजस्व में लगभग 10 गुना वृद्धि का लक्ष्य है। इस दिशा में हमारा लक्ष्य विश्व स्तर पर कुछ सूचीबद्ध साइबर सुरक्षा खिलाड़ियों में से एक बनना है। कंपनी ने यह भी बताया कि उसका लक्ष्य एक करोड़ वैश्विक ग्राहक बनाना है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा फर्म ने कहा कि उसे 2016 में शेयर बाजार विशेषज्ञ विजय केडिया से समर्थन मिला, जिससे बाजार में उसकी स्थिति मजबूत हुई। विशेष रूप से, टीएसी सिक्योरिटी ने अपने सलाहकार मंडल में सुबिंदर खुराना, विलियम मे, डॉ. शिव शिवसुब्रमण्यम और अमेरिकी सेना के ब्रिगेडियर जनरल राफेल वॉरेन जैसे प्रमुख पेशेवरों को शामिल किया है। टीएसी सिक्योरिटी ने टेकमहिंद्रा, डेलॉइट, इनग्राम माइक्रो और आईबीएम जैसे उद्योग जगत के नेताओं के साथ रणनीतिक साझेदारी भी स्थापित की है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं में नरमी

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में गेहूं में 50 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3675 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट की तेजी लेकर 48.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में गेहूं में 50 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# गो फर्स्ट के दिवालियेपन के बावजूद वाडिया समूह ने वित्तीय मजबूती की पुष्टि की, स्काई वन और स्पाइसजेट ने अधिग्रहण में रुचि जताई

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। नुस्ली वाडिया के नेतृत्व में वाडिया समूह ने दृढ़ता से कहा है कि पिछले साल मई में उसकी बजट एयरलाइन गो फर्स्ट के दिवालिया होने से भविष्य में अन्य व्यवसायों के लिए धन जुटाने की उसकी क्षमता में बाधा नहीं आएगी। रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि वाडिया समूह की सभी कंपनियों की क्रेडिट रेटिंग मजबूत बनी हुई है। 2005 में स्थापित गो फर्स्ट ने मई 2023 में स्वैच्छिक दिवालियापन के लिए दायर किया, जिसमें 6,521 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया ऋण का हवाला दिया गया, जो मुख्य रूप से उधारदाताओं पर बकाया था, जिसमें एक महत्वपूर्ण हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का था। इन अटकलों के बीच कि वाडिया समूह संभावित रूप से एक वैश्विक फंड की भागीदारी के साथ गो फर्स्ट के लिए बोली प्रस्तुत कर सकता है, समूह ने अंततः ऐसी बोली के साथ आगे नहीं बढ़ाया।

दिसंबर में घटनाओं के एक आश्चर्यजनक मोड़ में शारजाह स्थित विमानन कंपनी स्काई वन और स्पाइसजेट ने आर्थिक रूप से संकटग्रस्त गो फर्स्ट का अधिग्रहण करने में रुचि व्यक्त की।




यह घटनाक्रम प्रस्ताव की समय सीमा बीत जाने के बाद हुआ और जब ऋणदाता परिसमापन की संभावना पर विचार कर रहे थे। दोनों संस्थाओं ने बंद पड़ी एयरलाइन पर उचित परिश्रम करने के लिए गो फर्स्ट की कॉरपोरेट इन्सॉल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रक्रिया (सीआईआरपी) की देखरेख करने वाले रिजोल्यूशन प्रोफेशनल शैलेंद्र अजमेरा से अनुमति मांगी।

हाल ही में, नकदी संकट से जूझ रही गो फर्स्ट एयरलाइन के आरपी ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर किया, जिसमें कहा गया कि 2,278 कर्मचारी कंपनी के रोल पर हैं, जिनमें से कोई भी इस समय काम पर नहीं आ रहा है। आरपी शैलेंद्र अजमेरा के हलफनामे में कहा गया है, इंजीनियरिंग और रिकॉर्ड टीम के विभिन्न कर्मियों, जिन्हें रखरखाव गतिविधियों की जिम्मेदारी थी, ने या तो धीरे-धीरे इस्तीफा दे दिया है या वेतन का भुगतान न होने के कारण काम पर नहीं आ रहे हैं। यह भी कहा गया है, दिवालियापन शुरू होने की तारीख तक कॉर्पोरेट देनदार के रोल पर कर्मचारियों की संख्या लगभग 4,621 थी। हालांकि, 10.10.2023 तक लगभग 2,278 कर्मचारी कंपनी के रोल पर बने हुए हैं, जिनमें से कोई भी इस समय रिपोर्ट नहीं कर रहा है। आरपी का हलफनामा पट्टादाता द्वारा अवमानना याचिका दायर करने के बाद आया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजमेरा ने उन्हें विमान का निरीक्षण करने की अनुमति नहीं दी और अदालत के निर्देशों के अनुसार उनका रखरखाव नहीं किया।

# खेल जगत

## फेडरर ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया : नडाल

**नई दिल्ली,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने अपने करियर पर रोजर फेडरर के पड़े गहरे प्रभाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि स्विस दिग्गज को खेलते हुए देखकर वो सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। टेनिस में स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और स्पेन के राफेल नडाल ऑल टाइम ग्रेट प्लेयर्स हैं। दोनों ही खिलाड़ी कोर्ट में अपनी बादशाहत कई बार साबित कर चुके हैं। नडाल ने अपने करियर में 40 बार फेडरर का सामना किया है। इनमें से 24 बार फाइनल में भिड़ंत हुई। उन्होंने स्विस स्टार के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। स्पेनिश टेनिस आइकन का फेडरर के खिलाफ एक सराहनीय रिकॉर्ड है। उन्होंने 24 मैचों में जीत हासिल की, जबकि 16 में हार का सामना करना पड़ा। आखिरी बार पुरुष एकल में 2019 विंबलडन सेमीफाइनल में दोनों भिड़े थे, जहां फेडरर एक रोमांचक मुकाबले में विजयी हुए थे।



# भारतीय महिला हॉकी टीम ओलंपिक क्वॉलिफायर्स में एक समय केवल एक मैच को लें फाइनल में पहुंचे : एलिजा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 1 जनवरी (देशबन्धु)। नई दिल्ली में 1982 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने तथा 1980 के मास्को ओलंपिक में चौथे स्थान रहने वाली भारतीय महिला हॉकी की स्टार स्ट्राइकर रही पदमश्री एलिजा नेल्सन ने हॉकी ते चर्चा कार्यक्रम में अपने हॉकी सफर और तब के भारतीय महिला हॉकी के माहौल पर चर्चा की। एलिजा नेल्सन की जड़े गोवा से जुड़ी हैं लेकिन उन्होंने हॉकी का ककहरा और भारतीय महिला हॉकी टीम का सफर तब खासतौर पर भारत में महिला हॉकी का गढ़ कहे जाने वाले पुणे के लिए खेल कर शुरू किया। जब वह भारत के लिए महिला हॉकी खेली उस दौर में पुणे की सात खिलाडियों ने भारत की कप्तानी की और दो दर्जन से ज्यादा खिलाडियों ने भारत की नुमाइंदगी की।



एलिजा नेल्सन ने गोलरक्षक सविता की अगुआई में 13 से 19 जनवरी तक रांची में एफआईएच महिला ओलंपिक हॉकी क्वॉलिफायर, 2024 में शिरकत करने जा रही भारतीय महिला हॉकी टीम को यही सलाह दी कि एक समय केवल एक मैच को ही लें। रांची में होने वाले ओलंपिक क्वॉलिफायर्स 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ हैं जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान , चिली और चेक रिपब्लिक की टीमों को रखा गया है। रांची में ओलंपिक महिला हॉकी क्वॉलिफायर्स से शीर्ष तीन टीमें 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करेंगी। एलिजा नेल्सन ने कहा, %मेरी सविता की अगुआई वाली रांची में ओलंपिक महिला हॉकी क्वॉलिफायर में शिरकत करने वाली भारतीय टीम के लिए बस एक यही सलाह है कि एक समय में केवल एक मैच को लें फाइनल में पहुंचे। इसमें हमे जीतना ही होगा क्योंकि हमारे पास इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है।'

भारतीय टीम रांची में ओलंपिक महिला हॉकी क्वॉलिफायर्स में अपने अभियान का आगाज 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ मैच से करने के बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से करेगी और फिर 16जनवरी को पूल बी में अपना अंतिम मैच इटली से खेलेगी। एलिसा ने कहा, %पुणे में बहत लोग हाकी खेलते थे । मैं पुणे रहती थी और बहुत लोग हॉकी खेलना करते थे। मैं जहां रहती तब के मेरे तब के कोच मीनू गोलकरी मुझे खेलता देखा करते देखा करते थे और एक दिन वह मेरे पास आए और मुझे अपने क्लब कल्याणी से कहा। वह जानते थे कि मैं स्कूल में एक अच्छी एथलीट थी और उन्होंने मुझे लेफ्ट आउ , राइट आउट और सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खिलाया। फिर क्लब के बाद मैं पहले महाराष्ट्र की जूनियर और फिर सीनियर टीम के लिए खेली। हम पटियाला थे और तभी मुझे यह खुशखबरी मिली कि मुझे जब म चेन्नै में बेगम रसूल अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने के लिए भारतीय टीम में चुन लिया गया है।

तब हम सभी साथी लड़कियों ने अपने परिवार को यह खबर देने के लिए टेलीग्राम किया। तब हमें अपने कोट के लिए जो 500 रूपये देने थे वह मेरे क्लब ने दिए।'

### ■ हमारे पास जीत के अलावा और कोई विकल्प नहीं

जब एलिजा नेल्सन ने 70 के दशक के भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए खेलना शुरू किया तब पुरुष हॉकी के ही चर्चे ज्यादा थे। इस बाबत एलिजा ने कहा, %मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि पुरुष हॉकी टीम ने हमें पृष्ठभूमि में डाल दिया था लेकिन यह जरूर कहूंगाा क 1975 के बाद अगले दो बरस के लिए हमारी महिला टीम को खेलने को कोई टूर्नामेंट नहीं मिला, 1978में हमारी टीम स्पन में महिला हॉकी विश्व कप में खेलने गई और शिविर और बहुत ज्यादा हाकी खेलने के मौके नहीं मिल। स्पेन में हमारी महिला टीम विश्व कप में पहली बार एस्ट्रो टर्फ पर खेली और इसके लिए हमारी पास ठीक से किट ही नहीं थी। ईस्टर्न कंपनी ने हमें जो जूते दिए वह एस्ट्रो टर्फ पर खेलने के लिए उपयुक्त नही थे और 1982 में ही हॉकी खेलने के लिए सही किट मिली। हमारी टीम ने 1982 में कोच बालकिशन सिंह के मार्गदर्शन में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। तब हमें बताया गया कि पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीतने वाली है और इसीलिए वह हमारी महिला हॉकी टीम से जुड गए। हालांकि मुझे नहीं मालूम कि यह बात कितनी सच थी लेकिन हमें खुशी है कि बालकिशन सर हमारी महिला टीम से जुड़े और उन्होंने हमे हमेशा बढ़िया चलने को प्रेरित किया।'

## कमजोर टेस्ट टीम चुनने के लिए स्टीव वॉ ने की द. अफ्रीका की आलोचना

**सिडनी,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए कमजोर टेस्ट टीम की घोषणा करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की आलोचना की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस फॉर्मेट को लेकर देश की सोच देखकर वो चिंतित हैं। दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में न्यूजीलैंड टेस्ट दौरे के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कप्तानी सलामी बल्लेबाज नील ब्रांड करेंगे, जो टीम के सात अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक हैं।



टीम में कैप्ड टेस्ट खिलाड़ी बल्लेबाज डेविड बेडिंघम, जुबैर हमजा और कीगन पीटरसन होंगे, जो वर्तमान में भारत के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड दौरे पर अन्य कैप्ड खिलाड़ियों में बल्लेबाज खाया ज़ोंडो, डुआन ओलिवियर और डेन पैटरसन की तेज़ गेंदबाज़ी जोड़ी और स्पिनर डेन पिड्ट शामिल हैं।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने घरेलू मैदान पर एसए20 लीग के दूसरे सीजन के साथ श्रृंखला के टकराव के कारण कमजोर टेस्ट टीम को मैदान में उतारने का फैसला किया है। स्टीव वॉ ने कहा, जाहिर तौर पर उन्हें कोई परवाह नहीं है। दक्षिण अफ़्रीकी क्रिकेट बोर्ड अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को घर पर रखकर भविष्य के लिए क्या संकेत देना चाहती है। अगर मेरे हाथ में होता तो मैं यह सीरीज भी नहीं खेलता। मैं नहीं जानता कि वे क्यों खेल रहे हैं। जब यह न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के प्रति सम्मान की कमी दर्शाता है तो आप ऐसा क्यों करेंगे?

वॉ ने द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, यह स्पष्ट है कि समस्या क्या है। वेस्टइंडीज अपनी पूरी ताकत वाली टीम ऑस्ट्रेलिया नहीं भेज रही है। पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने पूरी ताकत वाली टेस्ट टीम नहीं चुनी है। निकोलस पूरन जैसा कोई व्यक्ति वास्तव में एक टेस्ट बल्लेबाज है जो टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलता है। जेसन होल्डर, शायद उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वो भी अब टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। यहां तक कि पाकिस्तान ने भी ऑस्ट्रेलिया अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम नहीं भेजी। तेम्बा बावुमा, एडेन मार्कराम, हेनरिक, रासी, रबाडा, एनगिडी, केशव महाराज जैसे फ्रंटलाइन टेस्ट खिलाड़ी एसए20 में खेलेंगे, क्योंकि वे राष्ट्रीय कर्तव्यों पर होने के बजाय घर पर लीग में खेलने के लिए बाध्य हैं।

वॉ यह भी चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट खेलने को प्रोत्साहित करे ताकि इसे गंभीरता से लिया जाता रहे। वॉ ने कहा, अगर आईसीसी या कोई भी जल्द ही कदम नहीं उठाता है तो टेस्ट क्रिकेट धीरे-धीरे अपनी साख खो देखा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने आगे कहा, मैं समझता हूं कि खिलाड़ी क्यों नहीं आते। उन्हें ठीक से भुगतान नहीं मिल रहा है। मुझे समझ में नहीं आता कि आईसीसी या शीर्ष देश जो बहुत पैसा कमा रहे हैं, उनके पास टेस्ट मैचों के लिए एक नियमन शुल्क क्यों नहीं है जो एक प्रीमियम फॉर्मेट है।

# डेविड वॉर्नर ने वनडे क्रिकेट से भी लिया संन्यास

**सिडनी,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपने टेस्ट करियर के अंत के साथ-साथ वनडे क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। डेविड वॉर्नर ने नए साल के पहले ही दिन वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी।



सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज डेविड वॉर्नर ने आधिकारिक तौर पर वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वॉर्नर ने वर्ल्ड कप 2023 के दौरान 50 ओवरों के प्रारूप से संन्यास लेने पर विचार किया था।

वॉर्नर ने कहा, मैं निश्चित रूप से वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप के दौरान सोचा। भारत में वर्ल्ड कप जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। वॉर्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2025 चैंपियंसट्रॉफी का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा, मुझे पता है कि एक चैंपियंस ट्रॉफी आ रही है, और अगर मैं दो साल बाद भी अच्छा क्रिकेट खेलता हूं और उन्हें किसी की जरूरत है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। 37 वर्षीय वार्नर ने खुलासा किया कि वनडे से संन्यास लेने का उनका फैसला भारत में विश्व कप जीत के बाद लिया गया था, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख रन-स्कोरर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

यह घोषणा तब हुई जब वार्नर अपने होम ग्राउंड में अंतिम टेस्ट मैच की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, वो टी20 खेलना जारी रखेंगे। वह टी20 क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगे और उनका लक्ष्य जून में कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप अभियान में शामिल होना है।

उन्होंने 22 शतकों सहित 45.30 की औसत से 6,932 रनों के शानदार रिकॉर्ड के साथ इस फॉर्मेट से संन्यास लेने का फैसला किया। वॉर्नर के बाद केवल रिकी पोंटिंग के नाम ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में सबसे अधिक वनडे शतक हैं।

भविष्य को देखते हुए, वार्नर ने फॉक्स क्रिकेट के लिए अपनी कमेंट्री प्रतिबद्धताओं के साथ अगले साल बिग बैश लीग (बीबीएल) खेलने में रुचि जताई। उन्होंने कई भूमिकाएं निभाते हुए टीम के प्रदर्शन में बाधा न डालने या संतुलन बिगाड़ने के महत्व पर जोर दिया।

### टेस्ट विदाई से पहले भावुक हुए वार्नर

**सिडनी।** डेविड वार्नर बुधवार को एससीजी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का अंतिम टेस्ट मैच खेलने उतरेंगे। इस मैच से पहले जब वॉर्नर मीडिया के सामने आए तो भावुक दिखे। इस पर उनके बचपन के दोस्त और सलामी जोड़ीदार उस्मान ख्वाजा का रिएक्शन भी सामने आया। फॉक्स क्रिकेट से ख्वाजा ने कहा, यह काफी खास और इमोशनल है। मैंने कभी उन्हें ऐसे नहीं देखा है। आपको वॉर्नर का यह पक्ष बहुत कम देखने को मिलेगा। जाहिर है, जब वह खेल रहा होता है तो वह आपको वह पक्ष नहीं दिखाता है। वह एक कभी हार न मानने वाला व्यक्ति है। 2011 में अपने डेब्यू के बाद से 111 टेस्ट मैचों में वॉर्नर ने 44.6 की औसत से 8,695 रन बनाए हैं, जिसमें 26 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं, जो कम समय में विपक्षी टीम से खेल छीनने में सक्षम साबित हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं। ख्वाजा ने यह भी बताया कि वॉर्नर द्वारा अपना टेस्ट और वनडे करियर खत्म करने पर उन्हें कैसा महसूस हो रहा है। ख्वाजा ने कहा, एक साथ खेलना और इतने लंबे समय तक साथ रहना बेहद खास है। अब उस यात्रा का एक हिस्सा समाप्त हो रहा है। ख्वाजा ने वॉर्नर के साथ अपने सफर को याद करते हुए कहा कि वह एक क्रिकेट खेलने वाला बच्चा था जो ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का सपना देखता था और उनका मानना है कि वह अपने बचपन के दिनों से थोड़ा भी नहीं बदला है।

# श्रीलंका दौरे के लिए जिम्बाब्वे ने किया टीम का ऐलान

**हरारे,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे ने श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद दौरे के लिए अनकैप्ड स्पिनर तापीवा मुफुदजा और तेज गेंदबाज फराज अकरम को अपनी वनडे टीम में शामिल किया है। हालांकि, यह जोड़ी सिकंदर रजा की कप्तानी वाली टी20 टीम का हिस्सा नहीं है। चोट के कारण दिसंबर में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से बाहर होने के बाद क्रेग एर्विन वनडे टीम का नेतृत्व करने के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन सीन विलियम्स श्रीलंका में जगह बनाने के लिए समय पर पूरी तरह से ठीक होने में विफल रहे हैं।



33 वर्षीय ऑफ स्पिनर मुफुद्ज़ा को घरेलू परिदृश्य पर लगातार शीर्ष प्रदर्शन के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है। 72 लिस्ट ए गेम्स में उन्होंने 23.58 की औसत और 4.19 की इकोनॉमी रेट से 105 विकेट लिए हैं, जिसमें चार बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट शामिल है।

अकरम, जिन्होंने केवल टी20 प्रारूप में जिम्बाब्वे के लिए खेला है। वह भी वनडे डेब्यू की कतार में हैं। अकरम के अलावा, चार अन्य खिलाड़ी भी आयरलैंड श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में आए थे। हालांकि, टी20 श्रृंखला के लिए टीम में तीन बदलाव होंगे, जिसमें कैटानो, मुफुद्ज़ा और अकरम की जगह ब्रायन बेनेट, एंसले एनडलोवु और कार्ल मुंबा आएंगे।

मेजबान टीम को परेशान करने के लिए जिम्बाब्वे को ऑलराउंडर सिकंदर रजा, रयान बर्ल के साथ-साथ रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुज़ारबानी की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अनुभव पर भरोसा रहेगा। जिम्बाब्वे श्रीलंका में अपने सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेलेगा। यह दौरा 6, 8 और 11 जनवरी को तीन वनडे मैचों के साथ शुरू होगा, इसके बाद 14, 16 और 18 जनवरी को कई टी20 मैच होंगे।

**जिम्बाब्वे टी20 टीम**

सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, क्रेग एर्विन, जॉयलॉर्ड गम्बी, ल्यूक जोंगवे, तिनशे, क्लाइव मडांडे, वेलिंगटन मसाकादुजा, कार्ल मुंबा, टोनी मुनयोंगा, ब्लेसिंग, आइंस्ले, रिचर्ड नगारवा, मिल्टन शुम्बा।

**श्रीलंका दौरे के लिए जिम्बाब्वे की वनडे टीम**

क्रेग इर्विन (कप्तान), फराज खान, रयान बर्ल, जॉयलॉर्ड गम्बी, ल्यूक जोंग्वा, ताकुद्ज़्वानाशे काइतानो, तिनशे कामुनहुकामवे, क्लाइव मदांडे, वेलिंग्टन मसाकादुजा, तापीवा मुफुद्ज़ा, टोनी मुंयोंगा, ब्लेसिंग मुजरबानी, रिचर्ड नर्गावा, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा

## सार संक्षेप

### जूनियर महिला हॉकी में ओडिशा और जय भारत टीम की जीत

**नई दिल्ली।** ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर और जय भारत हॉकी अकादमी ने दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग-चरण के पहले दिन अपने-अपने मैच जीते। दिन के पहले मैच में ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने भाई बेहलो हॉकी अकादमी, भगता को 4-0 से हराया। ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर के लिए लियोना लकड़ा (20) और शीतल यादव (42) ने एक-एक फील्ड गोल किया, जबकि कप्तान डोली भोई (45) और नेहारिका टोप्पो (59) ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। दिन के दूसरे मैच में जय भारत हॉकी अकादमी ने अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी को 3-2 से हराया। मैच का पहला गोल अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी की एम.शालिनी (15) ने किया, लेकिन जय भारत हॉकी अकादमी के लिए अन्नू (30, 51) ने दो गोल करके उन्हें बढ़त दिला दी। पी.मधुरिमा बाई (53) ने अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए बराबरी कर ली, लेकिन, रानू तिवारी (59) ने जय भारत अकादमी के लिए गोल कर दिया, जब घड़ी में सिर्फ एक मिनट शेष था और उनकी जीत सुनिश्चित की गई। दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम का मुकाबला प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी से 2-2 से ड्रॉ रहा।

### सुनील छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय फुटबॉल टीम पहुंची कतर

**दोहा।** सुनील छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियन कप 2023 में भाग लेने के लिए दोहा पहुंच गई है। शनिवार शाम को यहां पहुंची भारतीय टीम का उत्साहवर्धक स्वागत हुआ। भारतीय टीम 23 मेहमान टीमों में से वहां पहुंचने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। 26 खिलाड़ियों के दल में अनवर अली, जैकसन सिंह थौनाओजम, आशिक कुरुनियन और रोहित कुमार जैसे कुछ प्रमुख खिलाड़ी चोटों के कारण नहीं हैं। नये साल की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत में भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा, हम यहां जल्दी आना चाहते थे, ठीक से ढलना चाहते थे और बाद में यात्रा करने में समय बर्बाद नहीं करना चाहते थे। हम आज एक साथ अपना काम शुरू कर रहे हैं। हमने दो दिनों में चार सत्र, तीसरे दिन आराम और इसी तरह अपना कार्यक्रम तय किया है। सात जनवरी को हम एक प्रशिक्षण मुकाबला खेलेंगे। उन्होंने कहा, पिछले कुछ महीनों में चोटों के कारण हमारे लिए चीजें नाटकीय रूप से बदल गईं। हम इस समय उतने अच्छे नहीं हैं जितना हम हो सकते थे। हमने शारीरिक क्षमता और पासिंग क्षमता खो दी है। लेकिन हमारे पास इसके बारे में सोचने का समय नहीं है और हमें उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जो हमारे यहां हैं।

## अंडर 19 टूर्नामेंट में अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 47 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। अल्लाह गजनफर और अरब गुल के चार-चार विकेटों की शानदार गेंदबाजी की बदौलत रविवार को तीन देशों के एकदिवसीय अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 47 रनों से हरा दिया है। आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज मार्टिन खुमालो चार विकेट और क्वेना मफाका तीन विकेट ने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान को 39 ओवर में 174 रन पर समेट दिया। अफगानिस्तान के लिए रहीमुल्लाह जुर्मती 47 रन, जमशेद जादरान 33 रन, हसन ईसाखिल 31 रन, वफीउल्लाह तराखिल 17 रन, फरीदून दाऊदजई और अल्लाह गजनफर ने 10-10 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्टिन खुमालो चार विकेट और क्वेना मफाका तीन विकेट लिये। वहीं रिले नॉर्टन, जुआन जेम्स और रोमाशं पिल्लै ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और स्टीव स्टोक की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 51 रन जोड़े। आठवें ओवर में स्टीव स्टोक 25 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद 13वें ओवर में कप्तान डेविड टीगर आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद अंतराल पर दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते रहे और 26वें ओवर में लुआन-ड्रे प्रीटोरियस 51 के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका लगा। रोमाशं पिल्लै 14रन, रिले नॉर्टन ने 17 रन बनाकर आउट हुये। पांच खिलाड़ी दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 30.4 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की ओर से अल्लाह गजनफर और अरब गुल के चार-चार विकेट लिये। फरीदून दाऊदजई और बशीर अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने तमिल थलाइवाज को हराया

**नोएडा,** 1 जनवरी (एजेंसियां)। यहां के स्टेडियम में रविवार को भरत का सुपर 10 एक बड़ा अंतर साबित हुआ, क्योंकि नोएडा इंडोर में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने दक्षिणी डर्बी में तमिल थलाइवाज को 38-37 से हरा दिया। करीबी मुकाबले में मिली इस जीत के साथ बेंगलुरु बुल्स रविवार को साल का शानदार समापन करने में सफल रही।



जैसा कि पूरे मैच की रूपरेखा थी, मैच के पहले पांच मिनटों में यह एक करीबी बराबरी थी, क्योंकि उनके स्टार रेडर नरेंद्र ने थलाइवाज को बढ़त दिलाने के लिए मिले अधिकांश अवसरों का फायदा उठाया। स्कोर 10-7 होने पर बेंगलुरु बुल्स के पास मैट पर सिर्फ तीन डिफेंडर थे। हालांकि, इससे उन्हें सुपर टैकल हासिल करने का पूरा मौका मिला, क्योंकि लेफ्ट कवर पार्टिक ने अजिंक्य पवार की रेड को असफल कर दिया।

इस संघर्ष ने प्रशंसकों को अपनी सीटों से बांधे रखा, क्योंकि दोनों दक्षिणी प्रतिद्वंद्वियों ने खेल को बहुत करीबी बनाए रखने के लिए नियमित रूप से एक-दूसरे से अंक जीते। नरेंद्र ने पहले हाफ में थलाइवाज के लिए अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अपनी टीम के लिए आधे से ज्यादा अंक जीते। यह एक सुपर टैकल था, जिसने प्रतिद्वंद्वी रेडर पर शुरुआती पकड़ हासिल करने के बाद बेंगलुरु बुल्स को बचाया। लेकिन एक बार फिर, तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को पहले हाफ में आखिरी हार का सामना करना पड़ा, जब बुल्स के लिए भरत की असफल रेड ने थलाइवाज को ऑल-आउट अंक दे दिए, क्योंकि दूसरे 20 मिनट में स्कोर 20-17 हो गया।

पहले हाफ के कुछ मिनटों में एक सुपर रेड ने बेंगलुरु की टीम को अपने प्रतिद्वंद्वियों से ऊपर कर दिया। स्टार बुल्स के रेडर विकाश कंडोला ने मोहित, साहिल गुलिया और एम. अभिषेक को एक ही बार में आउट कर दिया, क्योंकि खेल की उतार-चढ़ाव भरी प्रकृति कार्यवाही पर हावी रही। एक टीम का एक अंक दूसरे से नकार दिया गया। फिर, यह थलाइवाज ही थे, जिन्होंने अपने सामने आए सुपर टैकल अवसरों का भरपूर फायदा उठाया। सबसे

### ■ पीकेएल 10 : भरत ने सुपर 10 अर्जित किया

पहले, विकास कंडोला को स्थानापन्न सागर ने रोका, और फिर बुल्स रेडर करो या मरो रेड में विफल रहा। इसके तुरंत बाद नीरज नरवाल को ईरानी अमीरहोसैन बस्तामी ने रोक दिया, क्योंकि थलाइवाज अंक लेकर भागने लगे। जब मैच एक तरफ झुकता दिख रहा था, तो एक और ऑल-आउट, जिसमें इस बार बुल्स के लिए कंडोला सफल रहा, का मतलब था कि खेल निश्चित रूप से अंतिम पांच मिनट तक जाएगा, फिर भी अंकों के आधार पर बराबरी होगी। थलाइवाज के लचीलेपन के बावजूद नरेंद्र ने शानदार सुपर 10 हासिल किया और कुल 12 अंकों के साथ अंत किया, यह बेंगलुरु बुल्स था जिसने अंततः %सेम्मा% दक्षिण भारतीय डर्बी में जीत हासिल की। भरत के सुपर 10 के साथ-साथ नरेंद्र और अजिंक्य पवार जैसे साथियों के खिलाफ उनके साथियों के कुछ उत्कृष्ट बचाव ने यह सुनिश्चित किया कि बेंगलुरु की टीम नए साल में उत्साह के साथ प्रवेश करेगी।